news@group5.in group5news group5news

www.group5news.com

सदैव आपके साथ...

हिन्दी दैनिक

# ग्रुप-5 समाचार

www.group5news.com/epaper

लखनऊ || गुरुवार || 17 अप्रैल , 2025 वर्षः 17 || अंक : 118 || पृष्ठः 12 || मूल्यः 2/-



अंदर पढ़ें

» 07 ट्रूक पेश करते हैं अपनी गेमिंग सीरीज़ में बड़स

» 08 ऐसे लिखी गई पंजाब की महाविजय की पटकथा

» 11 नुसरत ने साझा किया 'छोरी' के सेट का डरावना



## देश में बाड़मेर सबसे गर्म, श्रीनगर में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी

● 80 साल का रिकॉर्ड टूटा, 25 राज्यों में आंधी-बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने बुधवार को देश के 25 राज्यों में आंधी-बारिश का अनुमान लगाया है। बिहार, असम और ओडिशा में तेज बारिश की आशंका है। झारखंड, ओडिशा और मेघालय में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 15 अप्रैल श्रीनगर का बीते 80 सालों में सबसे ज्यादा गर्म दिन था। शहर का तापमान सामान्य से 10.2 डिग्री ज्यादा 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। श्रीनगर में इस वक्त औसत तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस रहता है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में इससे पहले 20 अप्रैल, 1946 को सबसे ज्यादा तापमान 31.1 डिग्री दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि 15 अप्रैल को कश्मीर घाटी के अलग-अलग इलाकों में तापमान सामान्य से 8.1 से 11.2 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं, राजस्थान का बाड़मेर लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म रहा। जिले का तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। इधर, हिमाचल में ओलावृष्टि-तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां के 4 जिलों में भारी बारिश भी हो सकती है। अगले 5 दिन राज्य में मौसम खराब बना रहेगा। हरियाणा में आज बूंदाबांदी की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी। बिहार के 22 जिलों में बारिश-आंधी का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को बताया कि इस बार मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। इस साल जून से सितंबर के बीच 105त्न यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 4 महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर होता है। यानी मानसून सीजन में कुल इतनी बारिश होनी चाहिए। मानसून हर साल 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। 4 महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते मानसून की वापसी होती है। कई राज्यों में यह 15 से 25 जून के बीच पहुंचता है। मध्यप्रदेश में अगले 3 दिन तेज गर्मी का असर रहेगा।

## मुजफ्फरपुर में बस्ती में आग, 5 की मौत

● मृतकों में 4 बच्चे, 15 बच्चे अभी लापता

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** बिहार के मुजफ्फरपुर में बुधवार एक दलित बस्ती के 50 से अधिक घरों में आग लग गई। हादसे में 4 बच्चे समेत 5 लोगों की झुलसकर मौत हो गई है। वहीं, 15 बच्चे लापता है। मृतकों में छोटू पासवान की बेटी अंशिका कुमारी (05), राज पासवान के बच्चे ब्यूटी कुमारी (08), सृष्टि कुमारी (06), विपुल कुमार (10) शामिल हैं। बताया जा रहा



है कि गोलक पासवान के घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी और देखते ही देखते पूरे झुग्गी के इलाके में फैल गई। मुजफ्फरपुर के डीएम सुब्रत कुमार सेन ने बताया, गांव के गोलक पासवान में घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी।

## योगी सबसे बड़े भोगी, 'कुंभ' भगदड़ पर कुछ नहीं बोलते

### इमामों के सम्मेलन में यूपी सीएम पर भड़कीं ममता बनर्जी

**कोलकाता (एजेंसी)।** इमामों की सभा में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा- यूपी के सीएम योगी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। वह सबसे बड़े भोगी हैं।



महाकुंभ में कई लोगों की जान चली गई। उत्तर प्रदेश में मुठभेड़ों में कई लोग मारे गए। योगी लोगों को रैलियां नहीं निकालने देते। वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के दौरान हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद ममता ने कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में कहा-बंगाल में बहुत आजादी है। दरअसल, यूपी के सीएम योगी ने मंगलवार को बंगाल हिंसा पर कहा था- बंगाल जल रहा है और मुख्यमंत्री चुप हैं।

## बीजेपी को छोड़ किसी और से गठबंधन करेंगे एकनाथ शिंदे!

### शिंदे और राज ठाकरे की मुलाकात से गरमाई राजनीति

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहने के बाद अब उप मुख्यमंत्री का दायित्व संभाल रहे एकनाथ संभाजी शिंदे क्या फिर से चौंकाएंगे। मंगलवार को एकनाथ शिंदे ने



आश्चर्यजनक तौर पर मुंबई में मनसे चीफ राज ठाकरे के घर पर स्नेह भोज किया। इसके बाद से महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। चर्चा हो रही है कि क्या एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना बीएमसी और दूसरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मनसे के साथ गठबंधन करने वाले हैं। कहते हैं राजनीति में जो दिखता है वह होता नहीं है। राजनीतिक चर्चाओं के बीच शिंदे ने मीडिया से कहा कि वे राज से मिलने गए थे।

## आर्टिकल 26 सेक्युलर है, सभी समुदायों पर यह लागू होता है

● वक्फ कानून पर हुई सुनवाई पर बोले चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ● हिंसा से एससी परेशान, नए कानून पर रोक लगाने से किया इनकार ● केंद्र से पूछा- क्या सैकड़ों साल पुरानी मस्जिदों के दस्तावेज मिलेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को वक्फ संशोधन कानून को लेकर सुनवाई शुरू हुई। इस दौरान कई ऐसे मौके आए जब चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल को टोका और उन्हें संवैधानिक पहलुओं की जानकारी दी। नए वक्फ कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सिब्बल भी पैरवी कर रहे हैं।




इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय बेंच में हो रही है, जिसमें उनके अलावा जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन भी शामिल हैं। नए वक्फ कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस खन्ना ने साफ किया है कि जहां तक भूमि कानूनों का सवाल है, सुप्रीम कोर्ट को हमेशा संरक्षण प्राप्त है। एक मौके पर सिब्बल ने कहा कि वक्फ काउंसिल और बोर्ड में पहले सिर्फ मुसलमान होते थे...अब हिंदू भी हिस्सा हो सकते हैं...यह ठीक नहीं।

● **केंद्र से पूछा-क्या सैकड़ों साल पुरानी मस्जिदों के दस्तावेज मिलेंगे-** केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दो घंटे सुनवाई हुई। इस कानून के खिलाफ 100 से ज्यादा याचिकाएं लगाई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन पर केंद्र से जवाब मांगा है, लेकिन कोर्ट ने कानून के लागू होने पर रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता जताई। इस पर स्त्र ने कहा कि ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव डालने के लिए किया जा सकता है। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं।

## इसी मिट्टी की पैदाइश है उर्दू, मुस्लिम धर्म से जोड़ना गलत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के अकोला जिले के पाटुर नगर परिषद के बोर्ड पर मराठी के साथ उर्दू भाषा के उपयोग को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। मंगलवार को कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भाषा का धर्म नहीं होता और उर्दू को केवल मुसलमानों की भाषा मानना सच्चाई और भारत की विविधता की एक दुर्भाग्यपूर्ण गलतफहमी है। यह याचिका पूर्व नगरसेविका वर्षाताई संजय बगाड़े ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि नगर परिषद का कार्य केवल मराठी में ही हो सकता है और उर्दू का उपयोग बोर्ड पर भी नहीं होना चाहिए। पहले यह याचिका नगर परिषद और फिर बॉम्बे हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। अंत में याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि भाषा किसी धर्म की नहीं, बल्कि समुदाय, क्षेत्र और लोगों की होती है।

## जस्टिस बीआर गवई होंगे देश के अगले चीफ जस्टिस

● सीजेआई संजीव खन्ना ने की है उनके नाम की सिफारिश ● जस्टिस बालकृष्णन के बाद सीजेआई बनने वाले दूसरे दलित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जस्टिस बीआर गवई देश के अगले चीफ जस्टिस होंगे। वर्तमान सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के सबसे सीनियर मोस्ट जज बीआर गवई को अपना उत्तराधिकारी बनाने की सिफारिश की। जस्टिस गवई भारत के 52वें



चीफ जस्टिस बनने वाले हैं। बीआर गवई 14 मई को शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें पद की शपथ दिलाएंगी। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के 65 वर्ष की आयु में रिटायर्ड होने के बाद जस्टिस खन्ना ने नवंबर 2024 में सीजेआई का पद संभाला था। भूषण रामकृष्ण गवई का जन्म 24 नवंबर, 1960 को अमरावती में हुआ था। वे 16 मार्च, 1985 को बार में शामिल हुए थे। जस्टिस गवई लगभग छह महीने तक भारत के चीफ जस्टिस रहेंगे। जस्टिस गवई नवंबर में रिटायर्ड होने वाले हैं। जस्टिस केजी बालकृष्णन के बाद वे चीफ जस्टिस का पद संभालने वाले दूसरे दलित होंगे, जिन्हें 2007 में देश के शीर्ष न्यायिक पद पर प्रोमोट किया गया था। जस्टिस गवई राज्य में हाई कोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता और जस्टिस बैरिस्टर राजा भोंसले के साथ काम किया। इसके बाद उन्होंने 1987 से 1990 तक बॉम्बे हाई कोर्ट में स्वतंत्र रूप से प्रैक्टिस की।

## बीजेपी और संघ को हराने का रास्ता गुजरात से होकर ही जाता है

● गुजरात के मोडासा में राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुजरात दौरे के दूसरे दिन आज मोडासा जिले के अरावल्ली पहुंचे हैं। यहां वे सर्किट हाउस में पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की। इसके बाद बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर हॉल में जिले के 1200 बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बीजेपी और आरएसएस को हराने के रास्ता गुजरात से होकर जाता है अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा- वर्तमान लड़ाई सिर्फ राजनीतिक नहीं है, बल्कि भाजपा-आरएसएस और कांग्रेस के बीच विचारधारा की लड़ाई भी है। पूरा देश जानता है कि अगर कोई भाजपा को हरा सकता है तो वह सिर्फ कांग्रेस पार्टी है। अगर हमें देश में आरएसएस और भाजपा को हराना है तो इसका रास्ता गुजरात से होकर ही जाता है। उन्होंने कहा- हमारी पार्टी की शुरुआत गुजरात में ही हुई थी। आपने हमें हमारे महानतम नेता महात्मा गांधी और सरदार पटेल दिए लेकिन हम गुजरात में लंबे समय से हतोत्साहित थे। लेकिन मैं आपको आश्वस्त करने आया हूं कि कुछ भी मुश्किल नहीं



है। पार्टी में बदलाव लाने का फैसला शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी में बदलाव लाने का फैसला किया है। अब जिला स्तर के नेताओं को भी मजबूत किया जाएगा। आज पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा हो रही है, जो पार्टी के लिए विनाशकारी है। मुझे पार्टी नेताओं से जानकारी मिली है कि स्थानीय चुनावों के टिकट वितरण में स्थानीय लोगों को ही शामिल नहीं किया जाता है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा- अहमदाबाद में पार्टी नेताओं से हुई चर्चा का मुख्य मुद्दा यही था कि राज्य के किसी जिले को अहमदाबाद से नहीं चलाया जाना चाहिए। जिले को जिले से ही चलाया जाना चाहिए। इसके लिए जिला नेताओं को मजबूत किया जाना चाहिए। जिला अध्यक्ष को जिम्मेदारी और शक्ति सौंपी जानी चाहिए। हम यह काम अभी से शुरू कर रहे हैं। प्यार से भाजपा के लोगों को बाहर करना है हमें अब नई पीढ़ी को कांग्रेस में लाना है। लेकिन, यह भी ध्यान रखना है कि इस भीड़ में भाजपा से जुड़े लोग भी शामिल होंगे और हमें उन्हें प्यार से बाहर निकालना है। उन्होंने आगे कहा कि गुजरात में कांग्रेस कार्यकर्ता सबसे मजबूत लोग हैं। आपको जहां भी मेरी जरूरत होगी। मैं गुजरात के कोने-कोने में आपके लिए मौजूद रहूंगा। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी से जोड़ना है उन्होंने आगे कहा कि गुजरात में कांग्रेस कार्यकर्ता सबसे मजबूत लोग हैं। हमें पार्टी में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ना है। आपको जहां भी मेरी जरूरत होगी। मैं गुजरात के कोने-कोने में आपके लिए मौजूद रहूंगा। कांग्रेस की बैठकों से नदारद रहने वाले कार्यकर्ताओं के लिए उन्होंने कहा कि जिला बैठकों में शामिल न होने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

## बोलीं मायावती विधानसभा चुनाव की तैयारी करिए

**लखनऊ (एजेंसी)।** मायावती ने बुधवार को बसपा पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए हर कार्यकर्ता को मेहनत करनी होगी। बसपा का मूल जनाधार दलित, पिछड़े और आदिवासी हैं, जिन्हें भाजपा और कांग्रेस बरगलाने में लगी है। बसपा प्रमुख ने कहा कि समय कम है और चुनौतियां बड़ी हैं। अभी से 2027 विधानसभा चुनाव



की तैयारियों में जुट जाइए। कार्यकर्ताओं को सिर्फ चुनाव के समय नहीं, हर वक्त जनता के बीच रहना होगा। उन्होंने संगठन की तैयारियों की समीक्षा कर नेताओं को दिशा-निर्देश दिए। लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 300 पदाधिकारी शामिल हुए। मायावती ने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि वे गांव-गांव, घर-घर जाकर जनता को भाजपा और कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता के बारे में बताएं।

## ट्रम्प ने चीन पर 100 फीसदी टैरिफ और बढ़ाया, 245 किया

● चीन बोला-ट्रेड वॉर से नहीं डरते, 5 दिन पहले अमेरिकी सामानों पर 125 फीसदी टैरिफ लगाया था

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर और आगे बढ़ गया है। अमेरिका ने अब चीन पर 100 फीसदी और टैरिफ लगा दिया है। इसके साथ चीनी सामान पर कुल टैरिफ 245 फीसदी हो गया है। चीन ने 11 अप्रैल को अमेरिकी सामान पर 125 फीसदी टैरिफ लगाया था, जिसके जवाब में ट्रम्प ने नया टैरिफ लगाया है। इससे पहले चीन ने कहा था कि अब वह अमेरिका की तरफ से लगाए जाने वाले किसी भी अतिरिक्त टैरिफ का जवाब नहीं देगा। अमेरिका की तरफ से नए टैरिफ के ऐलान के बाद चीन ने कहा कि हम अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर करने से नहीं डरते। चीन ने दोबारा कहा कि अमेरिका को बातचीत करनी चाहिए। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि चीन को बातचीत की शुरुआत करनी होगी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अगर अमेरिका सच में बातचीत को डायलॉग और समझौते के जरिए मुद्दे को सुलझाना चाहता है, तो उसे बेमतलब का दबाव बनाना, डराना और ब्लैकमेल करना बंद करना चाहिए और चीन के साथ बराबरी, सम्मान और आपसी हित पर बात करनी चाहिए।




## गुरुग्राम लैंड स्कैम, रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी दफ्तर पहुंचे

● प्रियंका गांधी खुद छोड़ने आईं, कांग्रेस भी सड़क पर उतरी

### पेशी से पहले बोले-वे परेशान करेंगे तो और स्ट्रॉन्ग बनूंगा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** गुरुग्राम लैंड स्कैम केस में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा लगातार दूसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पहुंचे हैं। उन्हें छोड़ने के लिए खुद प्रियंका गांधी आईं। इससे पहले मंगलवार को भी ईडी ने वाड्रा से करीब 6 घंटे पूछताछ की थी। वाड्रा पूछताछ के लिए पैदल ही दफ्तर पहुंचे थे। आज पेशी से पहले वाड्रा ने कहा, मैं कभी भी अपने आपको सॉफ्ट टारगेट नहीं बुलाऊंगा। आप (केंद्र सरकार) मुझे परेशान करोगे या कोई प्रेशर डालोगे तो मैं और उभरकर आऊंगा, स्ट्रॉन्ग बनूंगा। हम लोगों की बात रखते हैं, इसलिए टारगेट पर हैं। हम किसी से डरते नहीं हैं। हम हमेशा लोगों के लिए लड़ते रहेंगे। संसद में चाहे राहुल गांधी को रोका जाए या मुझे बाहर रोका जाए, हम सच्चाई



और लोगों के लिए लड़ते रहेंगे। हम टारगेट जरूर हैं, पर सॉफ्ट टारगेट नहीं हैं। हम हार्ड टारगेट हैं, और हार्डर (मजबूत) बनते रहेंगे। समय बदलता रहता है। इस मामले में ईडी ने 8 अप्रैल को भी वाड्रा को समन भेजा था, हालांकि तब वह पेश नहीं हुए थे। मंगलवार को ईडी दफ्तर जाते समय वाड्रा ने कहा था कि यह कार्रवाई राजनीतिक मकसद से की जा रही है।

हर बूथ बहुत मजबूत करने का बीएसपी सुप्रीमो ने दिया मंत्र

# शादी में एक साथ शामिल होने न जाए, आकाश संगठन में काम करें

» अंबेडकरवादी विचारधारा की सिर्फ एक ही पार्टी है और वह है बहुजन समाज पार्टी

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की बुधवार की बैठक पहले की बैठकों की तरह कोई चौंकाने वाला फैसला लेने वाली साबित नहीं हुई। इस बार न किसी नेता पर गाज गिरी और न ही किसी नेता को नई जिम्मेदारी ही दी गई। बसपा सुप्रीमो की तरफ से बैठक में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर बसपाइयों की तरफ से प्रदेश भर में आयोजित कार्यक्रमों की तारीफ की गई। विपक्षी दलों को इस बात पर घेरा कि वह अब हमारे महापुरुषों को अपना मान रहे हैं। इसके लिए सभी को जनता के बीच यह बात पहुंचानी होगी कि अंबेडकरवादी विचारधारा की सिर्फ एक ही पार्टी है और वह है बहुजन समाज पार्टी। हालांकि मीटिंग से बाहर निकाल कर आए नेताओं ने यह जानकारी जरूर थी कि आकाश आनंद को लेकर भी मायावती ने पदाधिकारी को बताया है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में मायावती ने पिछली मीटिंग में दिए गए टास्क का फीडबैक लिया। हालांकि कई जिलों में अच्छी प्रगति रिपोर्ट न होने पर बीएसपी मुखिया ने नाराजगी भी जताई और जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने संगठन को मजबूती देने के लिए जनता के बीच रहने का नेताओं को मंत्र दिया कहा कि हरहाल में बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है। सभी कार्यकर्ताओं को परिश्रम करना होगा। बसपा का मूल जनाधार दलित, पिछड़े और आदिवासी हैं जिन्हें भाजपा और कांग्रेस बरगलाने में लगी है। अपने लोगों को इससे सतर्क रहना है। 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए उन्होंने सभी पदाधिकारी को अभी से जुट जाने के लिए कहा है। कहा कि कार्यकर्ताओं को सिर्फ चुनाव के समय नहीं हर समय जनता के बीच रहना होगा।

### ट्रंप टैरिफ पर भी बोलीं मायावती

मीटिंग के दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती ने भारत में दुनिया के अलग-अलग देशों पर लगाए गए ट्रंप टैरिफ पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की कहा कि ऐसे समय में केंद्र और राज्य की सरकारों को राजनीतिक हितों को किनारे रखकर देशहित में काम करने के बारे में सोचना चाहिए किसी भी कीमत पर देश के आत्म सम्मान के साथ कोई भी समझौता नहीं होना चाहिए।

### आकाश पदाधिकारी नहीं, इसलिए मीटिंग में शामिल नहीं

बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियो का आकाश के मीटिंग में न आने के सवाल पर कहना है कि वर्तमान में पार्टी नेता आकाश आनंद के पास कोई पद है ही नहीं। यही वजह है कि वे मीटिंग में शामिल होने नहीं आए। इस मीटिंग में वर्तमान में जो पदाधिकारी हैं वही शामिल होने आए विश्वस्त सूत्रों की मानें तो एक दिन पहले ही आकाश आनंद अपने पिता आनंद कुमार के साथ मायावती से भेंट करने सुबह 11 बजे आवास पर आए थे और 3:30 बजे दिल्ली वापस लौट गए थे।

### लोकसभा चुनाव के नतीजे से सीख लेने की जरूरत

बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि मीटिंग के दौरान बसपा सुप्रीमो ने यह भी कहा है कि कहीं कोई शादी हो तो इसका मतलब यह नहीं कि प्रदेश भर के नेता और कार्यकर्ता इस शादी में शामिल होने पहुंच जाएं। एक साथ किसी भी कार्यक्रम में सभी को नहीं जाना है। अपना अपना काम करना है। संगठन को मजबूत करना है। लोकल स्तर पर नेता अपना काम ठीक से करें। अनुभवी नेताओं का सहयोग लें। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजे से सीख लेने की जरूरत है। अब एक-एक बूथ को बहुत मजबूत करना है। संगठन की जिम्मेदारी सिर्फ जिलाध्यक्षों की नहीं, सभी कार्यकर्ताओं की है। जमीन पर जो भी नेता या कार्यकर्ता सक्रिय नहीं होगा उसे किसी भी कीमत पर संगठन में जगह नहीं दी जाएगी।

### आकाश संगठन में काम करेंगे

बसपा सुप्रीमो को मीटिंग में हिस्सेदारी करने के बाद बाहर निकले पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आकाश आनंद को पार्टी में वापस लिए जाने के फैसले से सभी को अवगत कराया। कहा कि उन्होंने सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी है इसलिए उन्हें माफ कर दिया है। अब आप लोग के साथ मिलकर आकाश आनंद संगठन को मजबूत करेंगे। कोई पद दिए जाने को लेकर कहा कि पहले वह अनुभवी नेताओं के साथ काम करेंगे। संगठन को मजबूत करेंगे उसके बाद आगे क्या करना है इस पर विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि अभी तीन दिन पहले ही बहुजन समाज पार्टी के पूर्व नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को बसपा सुप्रीमो ने फिर से पार्टी में वापस लिया है।

# अब आग से कम जलते हैं उत्तर प्रदेश के जंगल, साल दर साल कम हो रहीं घटनाएं



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** हाल ही में साल 2023-2024 की वन रिपोर्ट आई तो यह उत्तर प्रदेश के लिए राहत देने वाली साबित हुई । उत्तर प्रदेश में वनों का क्षेत्रफल बढ़ा है। छत्तीसगढ़ के बाद उत्तर प्रदेश दूसरा ऐसा राज्य है जहां वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। अब एक तरफ वन का क्षेत्रफल बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ वन विभाग के प्रयासों से अब जंगलों में आग लगने की घटनाएं साल दर साल कम होती जा रही हैं। इससे अब जंगल सुरक्षित हो रहे हैं। वन क्षेत्र व जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए मुख्यालय स्थित अग्नि नियंत्रण सेल मुस्तैद है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) से वन क्षेत्र/जंगल में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई हो या हेल्पलाइन पर आम नागरिकों का फोन, हर सूचना पर वन विभाग के मुख्यालय स्थित अग्नि नियंत्रण सेल एक्टिव हैं। अधिकारी हर सूचना की मॉनीटरिंग कर रहे हैं, जिससे उत्तर प्रदेश में वन क्षेत्र व जंगलों में आग लगने की घटनाएं न्यूनतम हुई हैं। वन क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रों में 2020-2021 में आग लगने के 10275 मामले आए थे। विभाग की मुस्तैदी से 2024-25 (14 अप्रैल) में घटकर यह संख्या 2597 हुई है। विभाग की तरफ से इस पर नजर रखी जा रही है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) ने पिछले दिनों राज्यों के साथ बैठक की थी, जिसमें वन अग्नि की घटनाओं को रोकने में योगी सरकार के प्रयासों की सराहना की थी। एफएसआई ने माना था कि उत्तर प्रदेश ने जंगल में लगी आग को पता करने और उसे जल्द से जल्द (24 घंटे) बुझाने में सबसे बेहतर कार्य किया है।

### रिस्पांस टाइम तेज कर घटनाओं में की कमी

आग लगने की सूचना मिलने के बाद यूपी के तंत्र ने घटनास्थल तक पहुंचने के रिस्पांस टाइम को कम किया। इससे घटनाओं को रोकने में काफी हद तक यूपी ने सफलता प्राप्त की है। 2022 में 24 घंटे में यूपी में जहां 55.78 फीसदी घटनाओं को रोकने में सफलता मिलती थी, वहीं 2023 में 74.99 फीसदी घटनाओं पर अंकुश पाया गया। तेजी से कार्य करते हुए रिस्पांस टाइम और तेज होने की मॉनिटरिंग से 2024 में 80.08 फीसदी घटनाओं में कमी दर्ज हुई।

### इससे मिल रही सहायता

प्रदेश में स्थापित अग्नि नियंत्रण सेल-115
मुख्य अग्नि नियंत्रण सेल- लखनऊ स्थित वन मुख्यालय
एफएसआई द्वारा वन अग्नि अलर्ट सूचना पाने वाले पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी- 3171
जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित अग्नि रक्षक के रूप में स्थानीय ग्रामीणों की तैनाती कर सहयोग लिया जा रहा है।

### वनाग्नि की घटनाएं

2020 से 2021-- 10,275 मामले
2021 से 2022-6,0,30 मामले
2022 से 2023-- 3,339 मामले
2023 से 2024- 4,895 मामले
2024 से अप्रैल 2025- 2,597 मामले

### तीन शिफ्ट में कार्य कर रहा सेल

लखनऊ मुख्यालय स्थित अग्नि नियंत्रण सेल के नोडल अधिकारी पीपी सिंह बताते हैं कि सेल 24 घंटे मुस्तैद है। इसके लिए आठ-आठ घंटे की तीन-तीन शिफ्ट में कर्मचारी तैनात किए गए हैं। प्रदेश में कहीं भी वन में आग से जुड़ी घटनाओं की सूचना लोग लखनऊ में हेल्पलाइन नंबर 0522-2977310 पर दे रहे हैं। जनपदीय अधिकारी इन सूचनाओं पर कार्रवाई शुरू करने के साथ ही मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना भेज रहे हैं। उन्होंने बताया कि वनों में आग की सूचना उनके मोबाइल नंबर 9452162054 पर भी दी जा सकती है। इसके अलावा सभी जनपदों में स्थानीय हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया गया है।

# बिजलीकर्मियों की सुरक्षा के लिए ऊर्जा विभाग ने शुरू किया 'सेफलाइन अभियान'



ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने और फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'सेफलाइन अभियान' की शुरुआत की है। इस अभियान की बुधवार को पावर कॉर्पोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने ऑनलाइन शुरुआत की। सेफलाइन अभियान के अंतर्गत लाइनमैन को काम के दौरान सुरक्षा से जुड़ी जरूरी ट्रेनिंग दी जाएगी। इस कार्यक्रम को इंटेलीस्मार्ट कंपनी संचालित कर रही है, जिसे मध्यांचल और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लाइनमैन बिजली से जुड़े कार्यों को अंजाम देने वाले सबसे अग्रिम पंक्ति के कर्मी होते हैं। इन्हें कार्य स्थल पर जाकर सेफ्टी किट का प्रयोग, सावधानी और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी. प्रशिक्षण में यह बताया जाएगा कि सेफ्टी जैकेट, हेलमेट, ग्लव्स और सेफ्टी शूज जैसे उपकरणों का इस्तेमाल क्यों अनिवार्य है।

### दिसम्बर तक चलेगी ट्रेनिंग

प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार को हुई, जिसमें 14 डिवीजन के 800 लाइनमैन जुड़े। अब हर महीने की छह तारीख को फेज-वाइज़ प्रशिक्षण जारी रहेगा और यह दिसंबर 2025 तक चलेगा जिससे प्रदेश के सभी लाइनमैन को प्रशिक्षित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आशीष गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन अपने कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। पूरे प्रदेश में सुरक्षा उपकरण खरीदे जा रहे हैं। सभी संविदा कर्मियों से अपील है कि वे सुरक्षा के प्रति जागरूक बनें और उपकरणों का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में सुधार और डिजिटलाइजेशन को लेकर कई बड़े कदम उठाए गए हैं। सेफलाइन अभियान भी सरकार की उसी सोच का हिस्सा है जिसमें फील्ड वर्कर्स की जान-माल की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा गया है। इस अवसर पर पावर कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी, इंटेलीस्मार्ट के एमडी और सीईओ अनिल रावत भी उपस्थित रहे। इंटेलीस्मार्ट उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, गुजरात और असम में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कर रही है।

# कार दिलवाने के बजाय आरोपी का बचाव करती रही पुलिस

» बीकेटी इलाके की घटना
» पुलिस कमिश्नर से की शिकायत






**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** राजधानी के बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकगंजगिरी में रह रहे पीड़ित प्रदीप कुमार रैथा रोड स्थित एमडी पुरम कॉलोनी के गेट के सामने खाली पड़े अपने प्लाट पर बीते 17 मार्च की रात करीब 9:30 पर अपने दो भाइयों के साथ खड़ा था। इसी बीच गली पुरम कॉलोनी निवासी रामकृष्ण मिश्रा जो कि पीड़ित का रिश्तेदार भी है, वहां दो अज्ञात लोगों के साथ आया और पुराने लेनदेन को लेकर पीड़ित व उसके भाइयों को गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्की करने लगा। आरोप है कि रामकृष्ण मिश्रा ने पीड़ित प्रदीप की वैगनआर कार (जिसका नंबर यूपी32 एमवाई0467) की चाभी छीनकर गाली गलौज करते हुए वहां से गाड़ी लेकर भाग गया। पीड़ित अपनी शिकायत लेकर 18 मार्च को थाने पहुंचा, जहां कोई सुनवाई न होते देख पीड़ित ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र को 19 मार्च को पुलिस कमिश्नर लखनऊ को स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किया। इससे भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो पीड़ित ने 26 मार्च को आइजीआरएस पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिसकी संदर्भ संख्या 40015725025692 है। इसके बाद पीड़ित के पास थाने से कॉल तो आई, लेकिन उसकी कार उसको नहीं मिल पाई।

### फिर से की आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत

पीड़ित ने 9 अप्रैल को फिर से आइजीआरएस पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिसमें पीड़ित ने बताया कि विपक्षी गाड़ी देने के लिए तैयार है, तो फिर पुलिस हमारी गाड़ी को बरामद कर हमें दिलवाने में असमर्थ क्यों है?

### पुलिस ने लगाई रिपोर्ट

स्थानीय पुलिस ने आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत में लगाई आख्या में दर्शाया कि विपक्षी गाड़ी देने के लिए तैयार है। 6सोचने वाली बात यह है कि जब विपक्षी पीड़ित की गाड़ी देने के लिए तैयार है, तो उसको गाड़ी दिलवाई क्यों नहीं गई? आखिर स्थानीय पुलिस विपक्षी के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं कर रही? पीड़ित को उसकी कार क्यों नहीं दिलवाई जा रही?

# कच्चे रास्ते को बंद करने के विरोध में मिली जान से मारने की धमकी

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** नगराम के आनेयाखरगापुर गाँव में किसान के घर के बगल से गुजरे कच्चे रास्ते को पड़ोसी द्वारा बंद कर देने का विरोध करने पर दवंग बाप बेटों ने किसान व उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित द्वारा डायल 112 पर कॉल करके सूचना देने पर पुलिस ने पीड़ित को ही शांति भंग के आरोप में जेल भेज दिया। जिसके बाद पीड़ित नगराम थाने पहुंच कर माले की लिखित तहरीर दी। नगराम थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया की मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर कार्यवाही की जा रही है। नगराम के आनेयाखरगापुर गाँव निवासी किसान धर्म सिंह ने बताया की गाँव में स्थित उनके मकान के बगल से 2फिट का कच्चा रास्ता गुजरता था। जिसको गाँव के ही रहने वाले हरिराम ने अपने परिजनों के साथ मिलकर जबरन बंद कर दिया। जिसका विरोध करने पर हरिराम अपने बेटे वेद प्रकाश व जोत प्रकाश के साथ मिलकर धर्म सिंह के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। जिसपर धर्म सिंह ने पुलिस डायल 112 पर कॉल करके शिकायत की। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उलटे पीड़ित को ही थाने ले आयी और शांति भंग में चालान कर दिया। बीते सोमवार को किसान की पत्नी प्रियंका उसी रास्ते से जा रही थी तभी हरिनाम का बेटा जोतबहादुर ने महिला को गंदी गंदी गालियां देते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट पर अमादा हो गया। जिसके बाद से किसान का पूरा परिवार डर से साये में हैं। मंगलवार की शाम को पीड़ित किसान नगराम थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत की। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया की किसान द्वारा मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

# बैंक में पैसा अंजान व्यक्ति से गिनवाया, हुई टप्पेबाजी

» खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज
» सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके की घटना

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के अर्जुनगंज स्थित बैंक ऑफ इंडिया से पैसा निकालने गए युवक से टप्पेबाजों ने 13 हजार रुपये ले लिए। अहिमामऊ के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार के अनुसार उसके भाई ने उसे 40 हजार रुपये की चेक दी थी। जिसे निकालने के लिए वह बुधवार को अर्जुनगंज स्थित बैंक ऑफ इंडिया गया था। जहां उसने रुपये निकाल लिए और पासबुक पोस्टिंग करवाने के लिए वहीं बैंक में पड़ी बेंच पर बैठ गया। इसी बीच वहीं पर एक टप्पेबाज युवक ने उससे रुपये गिनने की बात कही जिसपर वह रुपये गिनने लगा तो टप्पेबाज ने एक नोट में मोहर लगी देख उससे सारे रुपये देखने के लिए ले लिए। इसी बीच एक दूसरा युवक धर्मेंद्र से पेन माँगने लगा जिसपर उसने पेन दिया इसी बीच टप्पेबाज उसके रुपयों में से 13 हजार रुपये लेकर निकल गया। पीड़ित के अनुसार पूरी घटना बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। पीड़ित ने पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है।

> पीड़ित ने तहरीर दी है जिसमे वह बैंक के अंदर किसी अंजान व्यक्ति से पैसा गिनवाया गया। जिसके बाद तेरह हजार रुपये कम मिले। बैंक की सीसीटीवी फुटेज आदि को खगाला जा रहा है।
>
> **- अंजनी कुमार मिश्रा**
> **एसएचओ सुशान्त गोल्फ सिटी**

# राजनाथ कल से लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे पर

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचेंगे और अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार रात पौने नौ बजे लखनऊ हवाई अड्डे पर उतरेंगे, जहां से वह सीधे 5ए कालिदास मार्ग अपने सरकारी आवास पर जाएंगे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** सरोजनीनगर में ट्रक चालक ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायदल हो गए । जिन्हें पुलिस की मदद से सरोजनी नगर के सीएचसी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों लोगों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनी नगर के अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास एक बाइक पर सवार दो लोगों को एक ट्रक संख्या यू पी 78 सी एन 0965 के चालक द्वारा बाइक सवार दोनों लोगों को जोरदार टक्टर मार दी ।इस टक्कर में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । जिन्हे घायलावस्था में सरोजनी नगर के सी एच सी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर दोनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया ।

# रोडवेज बस से सफर में ऐप से ऑनलाइन खाना बुक कर सकेंगे यात्री




**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस में यात्रा कर रहे यात्री को अगर सफर के दौरान भूख लग जाती है तो अब फिक्र करने की जरूरत नहीं है। बस के अंदर से ही यात्री ऑनलाइन खाने की बुकिंग का आर्डर कर सकते हैं। परिवहन निगम 'मील ऑन रोड' की एक बार फिर शुरुआत कर रहा है। इस सुविधा से यात्रियों के खाने की दिक्कत खत्म होगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारी बताते हैं कि जिस कंपनी को यह टेंडर मिलेगा वह फर्म यात्रियों की सुविधा के लिए मील ऑन रोड ऐप तैयार करेगी। मील ऑन रोड एप के माध्यम से यात्री अपनी यात्रा के दौरान परिवहन निगम से अनुबन्धित यात्री प्लाजा पर अपना खाना ऑनलाइन बुक कर सकेंगे। यह एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा। यात्रा के दौरान 'मील आन रोड एप' खोलकर आने वाले यात्री प्लाजा पर अपना मन पसन्द भोजन उपलब्ध मेन्यू कार्ड से चयन कर बुक कर सकेंगे। बस का नम्बर और यात्रा की तारीख व मार्ग डालने पर आर्डर बुक हो जाएगा। यात्री परिवहन निगम के यात्री प्लाजा के भोजन की क्वालिटी और बसों में संचालित चालक/परिचालक के व्यवहार का भी फीड बैक एप के माध्यम से परिवहन निगम के अधिकारियों को दे सकेंगे। अधिकारी बताते हैं कि यात्री को परिवहन निगम की तरफ से निर्धारित मानक के अनुसार अधिकृत किये गये यात्री प्लाजा पर बसों का ठहराव होने से उचित दरों पर स्वच्छ और पोषक भोजन मिलेगा। परिवहन निगम की सभी बसें अनुबन्धित यात्री प्लाजा पर रुकेंगी और उनकी उपस्थिति एप के माध्यम से होगी। यात्री प्लाजा मालिक की तरफ से एप का प्रयोग करने पर निर्धारित सभी बसों का ठहराव सुनिश्चित होगा। इससे परिवहन निगम के राजस्व के साथ-साथ यात्री प्लाजा की आय में भी वृद्धि होगी।

# दबंगों ने रस्ते में रोक कर एक लाख रुपए छीना, दी तहरीर

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** बंथरा इलाके में कुछ दबंगों ने रास्ते में रोक कर एक लाख रुपए पीड़ित से छीन लिए। बंथरा के राम चौरा निवासी आयुष साहू पुत्र राज कुमार साहू ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि वह अपनी दुकान से एक लाख रुपए लेकर बैंक गया था। वहां वापस घर लौट रहा था। इसी बीच पंजाब नेशनल बैंक के सामने सुबह समय करीब साढ़े ग्यारह बजे दबंग अभय यादव पुत्र संजय यादव ,साहिल यादव पुत्र रंजीत यादव और कुणाल पुत्र संजय यादव निवासी हनुमान मंदिर बंथरा में तीनों लोग बिना किसी कारण पीड़ित को रास्ते में रोक लिया और गालियां देने लगे ।पीड़ित ने जब उसका विरोध किया तो पहले तो उसको डराया धमकाया और बाद में लात घुसो से मारने पीटने लगे और कही पर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।इसके बाद एक लाख रुपए छीन लिया और सोने की चेन भी छीन ली।

# कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश भर में प्रदर्शन किया





**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** ईडी द्वारा कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ गलत चार्ज शीट दाखिल करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश भर में प्रदर्शन किया। राजधानी लखनऊ में शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव 'त्यागी' डॉक्टर शहजाद आलम एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह 'बबलू' के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी डॉक्टर शहजाद आलम एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा सरकार के दमनात्मक रवैया से डरने वाले नहीं है। अगर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग बंद ना किया गया और हमारे शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ गलत ढंग से मनमाने तरीके से कार्यवाही की गई तो कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पूरा देश आज महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है सरकारी संपत्तियों का निजीकरण हो रहा है। सरकार जनता का ध्यान भटका कर मनमाने ढंग से अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता यह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अंकित तिवारी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान, किश्वर जहां, सुशीला शर्मा, डॉक्टर रिचा शर्मा कौशिक, प्रभाकर मिश्रा, सिद्धी श्री, नावेद नकवी, नितांत सिंह, अजय वर्मा, अमन यादव, फखरुल इस्लाम, तीरथ राज मिश्रा, एडवोकेट अभय सिंह संजय श्रीवास्तव, रईस अहमद, देवानंद तिवारी, शाहनवाज मंगल, आर्यन मिश्रा, महीप सिंह, अमित सिंह, रंजीत कुमार, गोपाल कृष्ण चौधरी, मोहम्मद नोमान, हसन अब्बास मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद इरशाद, शिव बहादुर सिंह, मोहम्मद सफीक, मनोज कुमार वर्मा, असद रईस अंसारी, मोहम्मद वासिफ, मनोज भार्गव, रामकुमार ठाकुर ओमप्रकाश महादीन रावत, रामपाल यादव, भाई लाल गौतम, छोटे मियां, सतीश पाल, अंकित रावत, मोहम्मद नूर, मोहम्मद कबीर, मोहम्मद इलियास, अमित पाल आदि पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए।

# हनुमान सेतु मंदिर के बाहर युवक की हत्या

- भंडारे में खाने को लेकर हुआ था विवाद
- चाकू से किया हमला, तीन घायल, एक की मौत
- हमलावर को भीड़ ने पीटा
- महानगर कोतवाली क्षेत्र की घटना

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के हनुमान सेतु मंदिर के बाहर भंडारे की लाइन में आगे लगने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक व्यक्ति ने लाइन में लगे तीन लोगों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में तीन लोग घायल हुए। इनमें से एक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हमला करने वाले को भीड़ ने पकड़कर पीट दिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में महानगर इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र ने बताया- भंडारे की लाइन में पहले खड़े होने को लेकर विवाद हुआ था। तीन लोगों पर चाकू से हमला किया गया है। पुलिस ने बताया है कि जिस युवक की मौत हुई, उसकी पहचान बाराबंकी के लक्ष्मणपुर निवासी राम खेलावन के पुत्र लवकुश के रूप में की गई। मामले की तहरीर गुडंबा के पहाड़पुर चौराहा निवासी फरीद ने दी। उसने बताया कि मंगलवार रात एक युवक ने भंडारे की लाइन में खड़े तीन लोगों को चाकू मारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान रायबरेली के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बैती निवासी पिंटू उर्फ सुरेंद्र पुत्र सूरज सिंह के रूप में हुई। लवकुश, फरीद के साथ शारदा नगर के राजन डेविड को भी चाकू मारा है। दो घायलों का इलाज ट्रॉमा सेंटर में जारी है। लवकुश के भाई अजीत ने बताया कि पांच भाई बहन में लवकुश सबसे बड़ा था। घर में मां मीना कुमारी, पिता रामखेलावन और तीन बहनें रुबी, शालिनी और संध्या हैं।



### खाने को लेकर भिखारी और मजदूरों की लगती है लाइन

घायल डेविड के मुताबिक मंदिर के बाहर रोज भिखारी के साथ मजदूरों की भी खाने के लिए लाइन लगती है। घटना के वक्त वह खाना लेकर लाइन से हटा ही था कि पीछे से दोनों लोगों के लड़ने की आवाज सुनाई थी।

### हाथ में गहरा घाव हो गया

पीछे मुड़कर देखा तो एक युवक ने दूसरे के ऊपर खाने की प्लेट फेंक दी थी। जिसके बाद दोनों में विवाद शुरू हो गया। इसी बीच पिंटू नाम के युवक ने दूसरे युवक के पेट में चाकू मार दिया। लोगों का शोर सुनकर पिंटू को पकड़ने के लिए भागे। जिस पर उसने चाकू से हमला कर दिया। जिससे बाएं हाथ में गहरा घाव हो गया। पुलिस ने नदी किनारे से उसको पकड़ लिया।

### नौकरी छूटने के बाद से खाना मांग कर करते है गुजारा

पुलिस ने बताया कि अंग्रेजी विषय से एमए डेविड का कहना है पहले वह स्कूल में पढ़ाते थे। नौकरी छूटने के बाद से मंदिर के बाहर ही बंटने वाले खाने से पेट भर रहे हैं। उन्होंने बताया कि घायल और मृतक दोनों दिन में मजदूरी करते हैं और रात को यहां फुटपाथ पर सो जाते हैं। मंदिर में खाने की व्यवस्था अच्छी होने के चलते अधिकतर दिहाड़ी मजदूर भिखारियों के साथ खाना मांगकर खा लेते हैं। वह भी नौकरी छूटने के बाद से करीब तीन माह से यहीं पर खाना मांग कर खा रहे हैं। उन्होंने घटना के बाद शासन की तरफ से कोई मदद न मिलने पर नाराजगी जताई।

## विपक्षी ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** निगोहां थाना क्षेत्र के रतनापुर निवासी गोलू ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया जब वो गांव में स्थित दूध डेयरी पर दूध देने जा रहा था तभी रास्ते में विपक्षी जीतू उसे देखकर गंदी गंदी गालियां देने लगा,जब उसने विरोध जताया तो डंडे से उसकी पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## फर्जी रजिस्ट्री के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने बुधवार को बक्कास में जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जगदीश शर्मा ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी रजिस्ट्री कराई थी। विरोध करने पर उसने वादी को जान-माल की धमकी भी दी थी। इस मामले में 20 जनवरी 2025 को थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। 16 अप्रैल को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी जगदीश शर्मा गोल चक्कर पानी की टंकी के पास मौजूद है। पुलिस ने तत्काल दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा, जगदीश शर्मा (32) लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र की पेपर मिल कालोनी का रहने वाला है। वह मूल रूप से रायबरेली के मलिकमऊ चौबारा का निवासी है। इस मामले में एक अन्य आरोपी रिंकू प्रसाद को 21 फरवरी को ही न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

घटना को लेकर साइड स्टोरी

# अब भिखारियों की कुंडली खंगालेगी पुलिस




ग्रुप 5 संवाददाता

- पुलिस कमिश्नर ने दिए सभी थानों को सूची तैयार करने के आदेश
- हनुमान सेतु मंदिर के बाहर प्रसाद वितरण के दौरान हुई घटना के बाद जागी पुलिस

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की मशहूर हनुमान सेतु मंदिर के बाहर मंगलवार को प्रसाद लेने वालों की भीड़ लगी थी। इसी दौरान कतार में खड़े भिखारियों के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते खूनी रूप अख्तियार कर लिया। इस दौरान एक भिखारी ने लवकुश नाम के युवक के पेट में चाकू घोंपकर मौत की नींद सुला दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल भिजवाया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या भिखारी हथियार लेकर भीख मांगते हैं, लिहाजा यह सवाल हर किसी को बेचैन कर रहा है। जानकारों की मानें तो घटना के बाद पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर भी सकते में आ गए और आनन-फानन में मंदिर व दरगाह शरीफ के आसपास बैठकर भीख मांगने वाले भिखारियों की कुंडली खंगालने के निर्देश दिए।

### भिखारियों की टोली करती है लोगों का पीछा

सूत्र बताते हैं कि रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, कचहरी के अलावा मंदिर व दरगाह शरीफ के आसपास भिखारियों की टोली लोगों के आगे-पीछे घूमते नजर आते हैं। भीख मांगने वाले स्मैकिए चोरी व अन्य छुटपुट अपराध भी करते हैं। उदाहरण के तौर पर हनुमान सेतु मंदिर के बाहर मंगलवार प्रसाद वितरण के दौरान लवकुश नाम के युवक की हुई हत्या इस बात की चीख कर गवाही दे रहा है कि कहीं भिखारी के भेष अपराधी तो नहीं?

### इससे पहले भी पुलिस ने चलाया था अभियान

सूबे की राजधानी लखनऊ में बीस से 25 से अधिक बच्चे, बूढ़े और महिलाएं भीख मांगकर जीवन यापन करते हैं। फुटपाथ या फिर मंदिर व दरगाह के आसपास ही इनका आशियाना है। कई बार ये भिखारी विदेशी पर्यटकों के आगे हाथ फैला कर ये देश को शर्मशार करते हैं। सनद रहे कि वर्ष 2014 में तत्कालीन एसएसपी प्रवीण कुमार ने समाजसेवी संस्थाओं की मदद से भिखारियों को मुख्य धारा से जोड़ने की योजना बनाई थी। उन्होंने सभी थानों को भिखारियों की सूची तैयार करने और एलआईयू को विभिन्न महकमों व संगठनों से संपर्क करके योजनाओं का ब्योरा एकत्र करने के आदेश दिए थे। लखनऊ पुलिस ने इन भिखारियों के हित के लिए कई बार कदम तो उठाई, लेकिन इनकी मनमानी के चलते पूरी योजनाएं फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई। मंगलवार को जिस तरह से हनुमान सेतु मंदिर पर प्रसाद वितरण के दौरान युवक की हुई हत्या के बाद अब ऐसा लग रहा है कि मंदिर व दरगाह के आसपास भीख मांगने वाले भिखारी नहीं बल्कि अपराधी की शक्ल में साबित हो रहे हैं। सूत्रों की मानें तो भिखारियों का कहर देख अब पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों में धड़ल्ले से भीख मांगने वालों की कुंडली खंगालने के निर्देश दिए हैं।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** निगोहां के उतरावा गांव में पत्नी के अनबन के चलते युवक ने घर के कमरे में दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार उतरावा गांव निवासी अवधेश कुमार (27) व उसकी पत्नी रोली व विधवा मां और दो अविवाहित बहनों के साथ रहता था जबकि दो बहनों का विवाह हो चुका अवधेश कुमार इकलौता बेटा था। ग्रामीणों की माने तो अवधेश का उसकी पत्नी से 4 दिन पूर्व किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था जिसके बाद पत्नी अपने मायके चली गई थी ग्रामीणों की माने तो मंगलवार अवधेश अपनी पत्नी को लाने के लिए साड़ी व चूड़ियां लेकर ससुराल पहुंचा जहां पत्नी ने साथ आने के लिए मना कर दिया जिसके बाद वह वापस लौटा और देर शाम मां व अन्य दोनों बहनों के खेत मे गेहू कटान के लिए जाने के बाद अवधेश ने कमरे घर के कमरे में दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खेत से लौटे परिवारीजनों ने शव लटकता देख दंग रह गए मामले की सूचना पुलिस को दी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आशालयम से एक माह पहले चकमा देकर किशोर हुआ फरार

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** मोहनलालगंज में स्थित डन बोस्को आशालयम के अध्यक्ष विमल केरकेट्टा ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया राजकीय बाल गृह से बाल कल्याण समिति सुल्तानपुर द्वारा किशोर रोहित कुमार को 11मार्च को आशालयम में आवासित किया गया था,लेकिन किशोर यहा रहना नही चाहता था ओर अपने घर जाने की जिद करता था,17मार्च की सुबह किशोर रोहित कुमार चकमा देकर आशालयम से भाग निकला? एक महीने तक काफी खोजबीन के बाद भी भागे किशोर का कुछ भी पता नही चल सका। आशालयम के अध्यक्ष ने पुलिस से किशोर को तलाशने की गुहार लगायी। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया आशालयम के अध्यक्ष के द्वारा दी गयी तहरीर पर किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# यात्री तो पहुंचे मगर नहीं पहुंचा लगेज, एयरपोर्ट पर काटा हंगामा

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर इलाके में स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर बुधवार को जब यात्री एयरपोर्ट पहुंच गए मगर उनका लगेज नहीं पहुंच सका, इसके बाद उन लोगों ने जमकर हंगामा किया। बुधवार की सुबह भोपाल वाया दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो का विमान बुधवार की सुबह 10:40 पर पहुंचना था। यात्रियों का कहना है विमान लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर करीब 12 बजे पहुंचा पहले तो नाराजगी यात्रियों में विमान लेट होने की रही इसके बाद जैसे ही विमान यात्रियों को लेकर एयरपोर्ट पर उतारा सभी यात्री अपने लगेज के लिए एयरपोर्ट परिसर में लगी बेल्ट में सामान आने का इंतजार ही कर रहे थे काफी देर इंतजार करने के बाद यात्रियों का सामान जब ना मिला तो अफरा-तफरी मच गई। इसको लेकर यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। इंडिगो कर्मचारियों अधिकारियों ने यात्रियों का समझने का प्रयास किया कि आपका सामान घर पर हम भिजवा देंगे मगर यात्रियों ने एक भी ना सुनी और उनका कहना था कि अपने विमान के सक्षम अधिकारी को बुलाए जिससे हम बात कर सके, लेकिन वहां के सक्षम अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच सके।

### दुबई से काठमांडू जा रहे विमान की आपातकालीन लैंडिंग

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार की सुबह एक विमान में अचानक ईंधन कम होने का संकेत मिलते ही पायलट ने विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर दुबई से काठमांडू के लिए जा रहे विमान एफजेड 1133 की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई जब वह बुधवार की सुबह 157 यात्रियों को लेकर काठमांडू जा रहा था। बताते हैं कि तभी इसी दौरान पायलट को विमान मे ईंधन कम होने का संकेत मिला । संकेत मिलते ही पायलट ने करीब एयरपोर्ट पर आपातकालीन विमान को उतारने की अनुमति मांगी । यह बात सुनते ही एयरपोर्ट के अधिकारियों में हड़कंप मच गया और एयरपोर्ट अथॉरिटी के एटीसी ने विमान को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर 9.40 मिनट पर विमान को उतारने की अनुमति मांगी। हनुमत मिलते ही पायलट ने तुरंत उतार दिया तब जाकर कहीं राहत की सास ली इसके बाद करीब 10:30 बजे विमान में ईधन भरने के बाद फिर काठमांडू के लिए रवाना हो गया।

## सैनिक को प्लाट पर कब्जा न देने वाले बिल्डर भाईयों पर मुकदमा दर्ज

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे में प्लाटिंग करने वाले बिल्डर भाईयो के खिलाफ रजिस्ट्री के सालो बाद भी प्लाट पर कब्जा ना देने की शिकायते थमने का नाम नही ले रही है। बिहार प्रदेश के भोजपुर जनपद के नासरपुर निवासी सेना में तैनात मनोज कुमार सिंह ने एसीपी रजनीश वर्मा से लिखित शिकायत करते हुये बताया मोहनलालगंज कस्बे में स्थित एच के इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड की प्लाटिंग साइड में 1800 वर्गफिट प्लाट की रजिस्ट्री 15लाख रूपये में 2021 में करायी थी। चार साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बिल्डर विनोद कुमार उपाध्याय व प्रमोद कुमार उपाध्याय ने प्लाट पर कब्जा नही दिया ओर टालमटोल करने के साथ ही अभद्रता व गाली-गालौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते है। एसीपी रजनीश वर्मा ने पीड़ित की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये मोहनलालगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के आदेश दिये। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी बिल्डर भाईयो पर पैसे हड़पने व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत–अभियंता, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 143-Dy.CEE-C-LK0-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी **https://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि 09.05.2025 समय (11.30Hrs.) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| **NIT.संख्या :** 143-Dy.CEE-C-LK0-2025-26 दिनांक 15.04.2025 | |
| **निविदा संख्या :** 143-Dy.CEE-C-LK0-2025-26 | |
| **कार्य का नाम :** उत्तर रेलवे के रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, चारबाग, लखनऊ के अंदर ईएलपीओएच शॉप के लिए सब असेंबली ओवरहालिंग की सुविधा के निर्माण के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा का कार्य। | |
| **निविदा प्रपत्र लागत :** कुछ नहीं। | |
| **लगभग निविदा मूल्य :** रु. 1,41,50,035.86 (एक करोड़ एकतालिश लाख पचास हजार पैतीस रूपये और छियासी पैसे मात्र) | |
| **बोली सुरक्षा :** रु. 2,20,800.00/- (दो लाख बीस हजार आठ सौ रूपये मात्र) | |
| **समापन की अवधि :** 12 (बारह) माह | |
| **ऑफर की वैधता :** 60 दिन | |
| **IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक :** 15.04.2025 | |
| **जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है :** 25.04.2025 | |
| **निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय :** 09.05.2025(11.30Hrs.) | |
| **पात्रता मापदंड :** निविदा दस्तावेज के अनुसार। | |

**ध्यान दें: 1.** ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। **2.** सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"
**टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।**
**सं.: 143-Dy.CEE-C-LK0-2025-26 दिनांक: 15.04.2025** **1111/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक / पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **PARKING-LKO-NHH-TW-155-25-1 (Parking-Two Wheeler)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.05.2025 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **PARKING-LKO-LBA-MX-145-24-1 (Parking-Mixed)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.05.2025 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **PARKING-LKO-LLJ-MX-146-24-1 (Parking-Mixed)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.05.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

1122/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बहराइच
## कार्यालय का पता निकट इन्दिरा उद्यान, कपूरथला, बहराइच

पत्रांक : 04 / ग्रा0अ0वि0 / ई–निविदा(01) / 2025–26 दिनांक : 02.04.2025

**ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

1. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच द्वारा .महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के श्रेणी ए, बी, सी, डी एवं ई में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई–टेन्डरिंग के माध्यम से जिनकी निर्माण लागत निर्माण कार्य के सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. कार्य का विवरण :– विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि / क्रिटिकल गैप

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू0 में (GST छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | बहराइच | कटघरी सुग्रीव सिंह चौराहा के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 3.22 | 0.065 | 692.00 | 06 माह |
| 2. | बहराइच | रानीपुर थाना के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 15.82 | 0.317 | 884.00 | 06 माह |
| 3. | बहराइच | चाकूजोत में राजकीय हाईस्कूल के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 8.07 | 0.162 | 788.00 | 06 माह |
| 4. | बहराइच | गोबरहा में आनन्द गुप्ता की दुकान के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 5. | बहराइच | ऐलिहा में पप्पू यादव के दुकान के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 6. | बहराइच | गौड़रिया तिराहा पर अर्जुन प्रसाद चौरसिया के दुकान के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 7. | बहराइच | हरिहरपुर चौराहा पर शंकर जी के मन्दिर के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 8. | बहराइच | पुलिस लाइन मोड़ के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। नगर क्षेत्र | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 9. | बहराइच | देहात कोतवाली के सामने यात्री शेड का निर्माण कार्य। नगर क्षेत्र | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 10. | बहराइच | किसान डिग्री कालेज के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। नगर क्षेत्र | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 11. | बहराइच | रोडवेज बस अड्डा के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। नगर क्षेत्र | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 12. | बहराइच | तिकोनी बाग पुलिस चौकी के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। नगर क्षेत्र | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 13. | बहराइच | हुजूरपुर बस अड्डा के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। नगर क्षेत्र | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 14. | बहराइच | कटेल चौराहा के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 15. | बहराइच | मोहनपुर माफी मोड़ के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 16. | बहराइच | फरदा मोड़ के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 17. | बहराइच | चन्दवापुर चौराहा के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 18. | बहराइच | रमवापुर चौराहा सतपेड़िया के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 19. | बहराइच | ग्रा0पं0 बरौवा भदौली में काली माता स्थान के पास हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 20. | बहराइच | ग्राम पंचायत बड़ागाँव में पिपरी से राजकीय इण्टर कालेज तक खड़न्जा कार्य। वि0ख0– हुजूरपुर | 8.33 | 0.167 | 788.00 | 06 माह |
| 21. | बहराइच | ग्राम पंचायत अरकापुर में खुटेहना–गिलौला मार्ग पर पचपेड़वा मन्दिर के सामने से अरकापुर तक खड़न्जा निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 8.33 | 0.167 | 788.00 | 06 माह |
| 22. | बहराइच | ग्राम पंचायत गोबरहा के मजरा लालापुरवा में पंकज श्रीवास्तव के घर से सदियाबाद मोड़ तक खड़न्जा कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 4.91 | 0.099 | 692.00 | 06 माह |
| 23. | बहराइच | ग्राम पंचायत मोगलहा के मजरा जैमरा में सवाली प्रसाद के घर से पुल तक खड़न्जा निर्माण कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 10.03 | 0.201 | 788.00 | 06 माह |
| 24. | बहराइच | ग्राम पंचायत भगरिया में पिच रोड से राम सिंह के बाग तक खड़न्जा निर्माण कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 10.03 | 0.201 | 788.00 | 06 माह |
| 25. | बहराइच | ग्राम पंचायत भिंगुरी में भिंगुरी से भेटिया सम्पर्क मार्ग तक खड़न्जा निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 9.68 | 0.194 | 788.00 | 06 माह |
| 26. | बहराइच | ग्राम पंचायत थवई निपनिया में थवई डामर रोड से चन्दईपुर तक खड़न्जा कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 10.40 | 0.208 | 788.00 | 06 माह |
| 27. | बहराइच | ग्रा0पं0 चन्दवापुर में गिलौला–खुटेहना डामर रोड से भेठिया भूपाल तक खड़न्जा कार्य–पयागरपुर | 10.40 | 0.208 | 788.00 | 06 माह |
| 28. | बहराइच | ग्रा0पं0 सेवढ़ा के मजरा मेहीलालपुरवा में सरजू नहर तक खड़न्जा निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 10.40 | 0.208 | 788.00 | 06 माह |
| 29. | बहराइच | ग्राम पंचायत गोाकुलपुर में गोकुलपुर पंचायत भवन से निजामपुर बार्डर तक खड़न्जा निर्माण कार्य। वि0ख0–हुजूरपुर | 9.58 | 0.192 | 788.00 | 06 माह |
| 30. | बहराइच | बार एसोसिएशन बहराइच (कचेहरी) के कक्ष में 1.50 टन के 12 अदद ए0सी0 का स्थापना कार्य–नगर क्षेत्र | 8.68 | 0.174 | 788.00 | 06 माह |
| 31. | बहराइच | बभनियावां चौराहा के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 32. | बहराइच | सेवढ़ा नहर पुल के पास यात्री शेड का निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 7.49 | 0.150 | 788.00 | 06 माह |
| 33. | बहराइच | ग्राम पंचायत कारीडीहा में माधवराज के खेत से सुभाष मौर्या के घर तक खड़न्जा कार्य, वि0ख0–हुजूरपुर | 8.64 | 0.173 | 788.00 | 06 माह |
| 34. | बहराइच | ग्राम पंचायत रमवापुर के मजरा सपहा में ननगोड़े के घर से हुजूरपुर बहराइच सम्पर्क मार्ग पिच रोड तक खड़न्जा कार्य, वि0ख0–हुजूरपुर | 0.62 | 0.013 | 564.00 | 06 माह |
| 35. | बहराइच | ग्राम सभा गोपालपुर में तालाब से जगदीश प्रसाद के घर के आगे तक इण्टरलाकिंग मार्ग निर्माण कार्य–नवाबगंज | 7.32 | 0.147 | 788.00 | 06 माह |
| 36. | बहराइच | ग्राम सभा धनावा में चेतराम के घर से मिथलेश कुमार के घर से होते हुए सूरज के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य, वि0ख0–शिवपुर | 1.31 | 0.027 | 596.00 | 06 माह |
| 37. | बहराइच | ग्राम सभा नेवादा पूरेकस्वाती के मजरा कस्वातीपुरवा में पीपल के पेड़ के पास पुलिया निर्माण कार्य, वि0ख0–शिवपुर | 9.26 | 0.186 | 788.00 | 06 माह |
| 38. | बहराइच | ग्राम सभा खैराकला में अमिरका प्रसाद के खेत के पास नाला पर पुलिया निर्माण कार्य–शिवपुर | 10.25 | 0.205 | 788.00 | 06 माह |
| 39. | बहराइच | ग्राम पंचायत बल्दूपुरवा में सीसी रोड से निरंकार सिंह के खेत से जनकराज सिंह के घर के आगे तक इण्टरलाकिंग कार्य, वि0ख0–शिवपुर | 8.95 | 0.179 | 788.00 | 06 माह |
| 40. | बहराइच | ग्राम सभा कुड़वा गांधी नगर टेपरा में हरजीत सिंह के खेत से जीत सिंह के खेत तक सीसी रोड का निर्माण कार्य। | 5.31 | 0.107 | 788.00 | 06 माह |
| 41. | बहराइच | ग्राम पंचायत रौदोपुर, वि0ख0–फखरपुर में परमजीत के घर के पास मन्दिर से परमात्मा के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 6.69 | 0.134 | 788.00 | 06 माह |
| 42. | बहराइच | सरस्वती शिशु मन्दिर साकेत नगर, रूपईडीहा, बहराइच में हाल व बरामदा निर्माण कार्य। वि0ख0–नवाबगंज | 19.08 | 0.382 | 884.00 | 06 माह |
| 43. | बहराइच | ग्राम पंचायत गंगाजमुनी में सुरेश तिवारी के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 0.90 | 0.018 | 564.00 | 06 माह |

1. ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से बिड डाक्युमेन्ट उपलब्ध होने की तिथि–25.04.2025
2. ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 06.05.2025 अपरान्ह 12.00 बजे।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि 07.05.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे।
4. नियोक्ता को आईटीबी क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट / शुद्विपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं / बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और ई–निविदा पोर्टल पर जाए।
5. विस्तृत विवरण देखने हेतु "http://etebder.up.nic.in" को खोलें तथा बिड् डाउनलोड करें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,**
**प्रखण्ड–बहराइच**
**महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से**

**www.upidadv.gov.in**
**UPID : 232068 Dt. : 09/04/2025**

# मथुरा में पर्यटन विकास के लिए बरसाना की पहाड़ियों को हरा-भरा बनाने की योजना स्वीकृत



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए मथुरा जिले में स्थित राधारानी के गांव बरसाना के आसपास की पहाड़ियों को हराभरा बनाने के उद्देश्य से उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा तैयार की गई परियोजना को राज्य सरकार ने हरी झंडी दे दी है। साथ ही, परिषद को इन पहाड़ियों पर मौजूद बबूल और कीकर जैसे अलाभकारी वृक्षों को हटाकर उनके स्थान पर कृष्णकालीन प्रजाति के वृक्षों के रोपण की अनुमति भी उच्चतम न्यायालय से मिल गई है। यह जानकारी परिषद के पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं मथुरावृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने वृन्दावन और मथुरा के बाद बरसाना में पर्यटकों की तेजी से बढ़ती संख्या को देखते हुए क्षेत्र में पर्यटन की दृष्टि से 206 करोड़ की लागत वाली 10 परियोजनाएं प्रस्तावित की थीं। इनमें से बरसाना के आसपास की तीन पहाड़ियों के सौन्दईकरण की योजना को स्वीकृति मिल गई है। उल्लेखनीय है कि भगवान श्रीकृष्ण की आह्लादिनी शक्ति् राधारानी के गांव बरसाना के आसपास राजस्थान की सीमा से लगी आठ पहाड़ियां हैं जिन्हें राधारानी की आठ सखियों के नाम पर अष्ट सखी का स्वरूप माना जाता है। एक सदी पहले तक ये सभी पहाड़ियां प्राकृतिक छटा से भरपूर एवं बहुत ही समृद्ध नजर आती थीं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में इन पहाड़ियों का स्वरूप अंधाधुंध दोहन एवं उपेक्षा के चलते विकृत हो गया है। जहां कभी चारों तरफ बड़े ही हरेभरे वृक्ष नजर आते हैं वहां अब कीकर, करील और बबूल जैसे उजाड़ वृक्ष एवं पहाड़ ही शेष रह गए हैं। सिंह ने बताया कि इन पहाड़ियों का धार्मिक महत्व है क्योंकि माना जाता है कि ए भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी की अनेक लीलाओं की साक्षी रही हैं। इसलिए सरकार ने इनके सौन्दईकरण का निर्णय लिया है। योजना के अनुसार पहले चरण में राकौंली, ढभाला और सखी गिरि पहाड़ियों का सौन्दईकरण किया जाएगा। शुरुआत 98 हैक्टेअर में फैली राकौंली पहाड़ी से होगी। सिंह ने बताया कि इस पहाड़ी की तारबंदी कर यहाँ ईकोरेस्टोरेशन का काम किया जाना है जिसमें पौधारोपण, जल संरक्षण से लेकर संस्कृति संरक्षण आदि शामिल है। कुल 2.11 करोड़ की लागत की इस योजना के लिए 1.30 करोड़ अवमुक्त कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हरियाली को नष्ट करने वाले वृक्षों को हटाकर कदम्ब, पीलू, ढाक आदि द्वापरयुगीन प्रजाति के वृक्ष लगाए जाएंगे और उच्चतम न्यायालय ने इसकी अनुमति दे दी है। अन्य परियोजनाओं में गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फ्लड लाइट, यमुना नदी के घाटों का विकास एवं पुनरुद्धार, गांव जचौंदा में शिल्पग्राम, पड़ाव और जनसुविधा का कार्य, वृन्दावन परिक्रमा मार्ग के अवशेष भाग में सीसीटीवी कैमरे, पीए सिस्टम, आईटीएमएस का कार्य किया जाएगा।(**भाषा**)

## हिंगलाज भवानी माता मंदिर का कायाकल्प किया जाएगा

**अमेठी।** जिले के मुसाफिरखाना में स्थित सिद्ध पीठ हिंगलाज भवानी माता मंदिर का कायाकल्प किया रहा है जिसके लिए 62 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह ने आज बुधवार को मंदिर में माता हिंगलाज भवानी के दर्शन किए और मंदिर के कायाकल्प के लिए विभिन्न कार्यों की शुरुआत की। सिंह ने बताया कि माता हिंगलाज भवानी मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां माता के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए आते हैं। विधायक ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए यहां सांस्कृतिक और पर्यटन का विकास महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मंदिर के विकास के लिए 62 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने बताया कि आज से मंदिर के विकास एवं इसकी साजसज्जा का कार्य शुरू हो गया है।

# मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ किया बैठक



**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** आगामी 20 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संभावित आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल हवाई पट्टी के गेस्ट हाउस में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बैठक की जिसमें कार्यक्रम से जुड़े समस्त अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी और राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के आयोजन अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि इतने बड़े खेल की मेजबानी जनपद को मिलना सौभाग्य की बात है, पूरे हिंदुस्तान के हैंडबॉल खिलाड़ी यहां आ रहे हैं, उनका अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा ,बताते चलें की इस प्रतियोगिता के उद्घाटन हेतु यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन प्रस्तावित है इसको लेकर बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कीगई जिसमें मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर उद्घाटन और स्वागत कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई आयोजन सचिव डा हनुमान प्रताप सिंह खेल से संबंधित ब्यौरा प्रस्तुत किया और तकनीकी बिंदुओं की जानकारी दिया बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि मुख्यमंत्री आते है तो 1100 से अधिक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के साथ साथ सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अधिकार पत्र भी सौंपा जाएगा। बैठक में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ल ने कहा कि खेल का आयोजन बहुत ही अच्छे तरीके से कराना है। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता,अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत कुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, उपजिलाधिकारी अकबरपुर, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार, बीएसए भोलेंद्र प्रताप, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी सौरभ सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका अकबरपुर बीना सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अस्पताल के शौचालय में मिला स्वास्थ्य कर्मी का शव, परिजनों ने किया हंगामा

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल के एक रेडियोलॉजिस्ट का शव, संस्थान के शौचालय में पाया गया। उसके परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि जनपद गाजियाबाद के विजय नगर निवासी 28 वर्षीय संजीव कुमार नोएडा के सेक्टर 62 स्थित फोर्टिस अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में काम करते थे। उन्होंने बताया कि सोमवार रात वह अस्पताल आए थे और मंगलवार सुबह आठ बजे तक उनकी ड्यूटी थी। प्रवक्ता ने बताया कि संजीव सुबह करीब छह बजे अस्पताल के शौचालय में गए और काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आए तो कर्मचारियों ने सुबह करीब 9.15 बजे किसी तरह शौचालय का दरवाजा खोला। उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक, संजीव शौचालय में अचेत पड़े थे। उनके अनुसार, संजीव को उपचार के लिए ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर उनको मृत घोषित कर दिया। डीसीपी रामबदन सिंह के मुताबिक, मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे घटना की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उनके अनुसार मौत के कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में संजीव सुबह करीब छह बजे शौचालय की तरफ जाते दिखे लेकिन वह बाहर नहीं आए। मृतक संजीव के भाई संदीप ने इस मामले में अस्पताल प्रबंधन पर सही जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया है।(**भाषा**)

# क्षेत्राधिकारी सदर ने किया जैदपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण




**जैदपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** जैदपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण सीओ सौरभ श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर थाने को विशेष रूप से सजाया गया। थाने में सफाई व्यवस्था के साथ रंग बिरंगी रोशनी और झालर लगाई गई। शाम होते ही थाना परिसर की खूबसूरती देखने लायक हो गई। राहगीरों ने थाने की सजावट की तस्वीरे और वीडियो बनायी और सोशल मीडिया पर थाने की सजावट के वीडियो शेयर किए। पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति मे अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी ने थाने की वार्षिक समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी संतोष कुमार सेंह, एसएसआई सुरेश गुप्ता, कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह मौजूद रहे। साथ ही दरोगा हलीम बाबू, आलोक कुमार, राम नाथ प्रसाद रवि सिंह, शिव नाथ और जय चन्द भी उपस्थित थे। दीवान जय नारायण, गुफरान खान और सिपाही पंकज राठौर, शैलेश कुमार यादव,पंकज सिंह, सुग्रीव सिंह और पवन कुमार भी मौके पर मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारी नही आने से मिर्जापुर गांव मे फैली गंदगी, अन्य परेशानिया भी बढ़ी

**फतेहपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिर्जापुर मे शासन की मंशाओ को धूमिल कर असुविधाओं को प्राथमिकता प्रदान कर जन जीवन को प्रभावित करने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो लगभग चार माह पूर्व ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी की मृत्यु हो गई थी। तबसे अभी तक किसी भी सफाई कर्मी की तैनाती नहीं हुई है। यहां एक बार भाड़े के सफाई कर्मचारियों से कुछ क्षेत्र में सफाई कराई गई थी शेष गांव की नालियां लबालब गन्दगी से भरी हुई है। जिनमें मौजूद कीड़े लोगों के घरों तक पहुंच कर बीमारियों को दावत देना शुरू कर दिया है। ग्रामीण मोहम्मद जुबेर ने बताया की लम्बे समय से सफाई न होने से जंगल नालियों के किनारे अपना कब्जा जमाए खड़ा है।



जिसमें सांप बिच्छू अपना बसेरा बना रहे जो कभी भी किसी समय बुरी घटना को अन्जाम दे सकते है। वहीं मार्ग पर गुजरने वाले राहगीरों की समस्या बहुत ही जटिल है क्योंकि इंटर लॉकिंग लगने के बाद से ही कटिंगे इतना विकराल रुप धारण कर चुकी हैं कि मार्ग पर गुजरने वाले वाहन किसी समय पलट कर जनहानि कर सकते है। वहीं देखा जाए तो इण्डिया मार्का हैंडपंप धीरे-धीरे जमीन के अंदर अपना आकार ढकते नजर आ रहे है। पानी देना तो बहुत दूर की बात है रीबोर और मरम्मत का अधिकार ही खो चुके है। ग्राम प्रधान की मानें तो उनके द्वारा सफाई कर्मी की नियुक्ति के लिए विकास खण्ड से लेकर आला अधिकारियों को भी सूचना दी जा चुकी है फिर भी ग्राम पंचायत मिर्जापुर एक तमाशा है और ग्रामीणों के जीवन निर्वाह में समस्याओं का निर्माण होता जा रहा है खण्ड विकास अधिकारी संतोष सिंह ने बताया है कि प्रकरण संज्ञान में आया है। ग्रामीणों को समस्याओं से तत्काल प्रवाह से निजात दिलाई जायेगी।

# नेशनल हेराल्ड मामले में अम्बेडकरनगर के कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**» केंद्र सरकार सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है : कृष्ण कुमार यादव**




**अम्बेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं कांग्रेस चेयरपर्सन सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को डराने और दबाने की कोशिश कर रही है उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने धरना प्रदर्शन के दौरान कही गयी। उन्होंने कहा राहुल गांधी लगातार देशहित में आवाज उठा रहे हैं और सवाल कर रहे हैं, जिससे बौखला कर केंद्र सरकार अब बदले की भावना से प्रवर्तन निदेशालय से कार्रवाई करा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राम कुमार पाल, पूर्व सभासद द्विजेन्द्र नारायण शुक्ल, गुलाम रसूल उदयभान मिश्र राजबहादुर, श्रीकांत वर्मा ने कहा राहुल गांधी के सवालों से सरकार घबरा गई है और अब विपक्ष को चुप कराने के लिए सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल हो रहा है. मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हेमंत यादव ने कहा बेरोजगारी, महंगाई पर लगाम लगाने मे सरकार विफल है इस विफलता को छुपाने के लिए अब सरकार ने संवैधानिक पद और संस्थाओं का राजनीतिक इस्तेमाल शुरू कर दिया है। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस पार्टी के बब्बर शेर इस तरह की गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं है। कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के तहत आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करके राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अमरीष सिंह को सौंपा। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत यादव ने बेरोजगारी और महंगाई को लेकर ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष हेमंत यादव और संचालन सोहन गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव मौजूद रहे।

कार्यक्रम को प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व सभासद द्विजेन्द्र नारायण शुक्ल, नि मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, गुलाम रसूल छोटू, उदयभान मिश्र, राजबहादुर, श्रीकांत वर्मा, सुखीलाल वर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो जियाउद्दीन अंसारी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हेमंत यादव,डा सतीश चंद्र प्रजापति, जितेन्द्र पटेल, राजेश वर्मा, शीतला प्रसाद श्रीवास्तव सोनू, शहबाज गांधी, जोखन यादव, ज्ञानेंद्र पाठक नन्हे, राजेश प्रजापति, अनस आलम वेग, राम कुमार अग्रहरि, अमित कुमार यादव, संजय, वीरेंद्र गौतम, राकेश वर्मा, अंबिका चमार, बृजेश यादव, अजय पासवान, राजेंद्र सिंह, मिसबाहुद्दीन अंसारी, महेंद्र प्रताप वर्मा रामनरेश पाल, नंदकुमार गुप्ता दद्दू, सहदवन अली छोटू, राजू यादव, विशाल जायसवाल, कादिर शेख, उमर शेख समेत अनेक कांग्रेसजनों ने सम्बोधित किया।

# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, दो घायल

**हाथरस।** हाथरस गेट थाना क्षेत्र के हतीसर पुल पर बुधवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति और उसकी साली की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और नवजात बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना सुबह करीब नौ बजे हुई, जब तेज गति से जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर एक ही परिवार के चार सदस्य सवार थे जो अपनी पत्नी के पैतृक गांव गुथेरा से अलीगढ़ जिले के बरला थाना क्षेत्र में स्थित पहाड़ीपुर गांव में अपने घर वापस जा रहे थे। मृतकों की पहचान पवन कुमार और प्रियंका के रूप में हुई है। पवन के साथ उसकी पत्नी सुहानी और उनकी 11 महीने की बेटी दीप्ति भी थी। पुलिस ने बताया कि चारों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे, तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पुल पर पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने चारों पीड़ितों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पवन कुमार और प्रियंका को मृत घोषित कर दिया। (**भाषा**)


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## अनुरक्षण खण्ड नं0-2 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांकः—970 / ई—टेन्डर / 2025—26 दिनांक :— 09.04.2025

### ई—प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड—2, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी—ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई—टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।
2.

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | विधायक निवास—2 (पुराना) राजकीय भोजनालय संख्या—3 / 4 के वांशिंग एरिया व कुकिंग एरिया की क्षतिग्रस्त वाल टाइल्स की मरम्मत करने एवं अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 2.08 | 20800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 2 | लखनऊ | विधायक निवास—2 (पुराना) स्थित 16बी व्यवस्थाधिकारी कार्यालय के मुख्य द्वार को सुरक्षा की दृष्टि से चैनल गेट शटर बनाकर कवर करने का कार्य, पुलिस चौकी के समीप बने व्यवस्थाधिकारी के अधीन स्टोर के जर्जर टीन शेड को बदलकर नई टीन शेड लगाने का कार्य। | 1.20 | 12000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 3 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलशफा स्थित आवास सं0—803 में विभिन्न सिविल सम्बन्धी कार्य। | 3.62 | 36200.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 4 | लखनऊ | विधायक निवास—1 स्थित कैन्टीन न0—1 (खण्ड—अ) में क्षतिग्रस्त ग्रेनाइट व टाइल्स को बदलने का कार्य, प्लेटफार्म के नीचे खुले हुए रैक को ढकने का कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 2.52 | 25200.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 5 | लखनऊ | विधायक निवास—1 स्थित कैन्टीन न0—2 (खण्ड—ब) में क्षतिग्रस्त ग्रेनाइट व टाइल्स को बदलने का कार्य, क्षतिग्रस्त प्लेटफार्म को ढालने का कार्य, प्लेटफार्म के नीचे खुले हुए रैक को ढकने का कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 2.61 | 26100.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 6 | लखनऊ | विधायक निवास—1 स्थित पार्किंग नं0—4 को लोक भवन की बीच खाली जगह तक विस्तारित करने का कार्य एवं क्षतिग्रस्त सीवर पाइप लाइन को बदलने का कार्य। | 8.42 | 84200.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 7 | लखनऊ | (पार्ट—ए) अतिविशिष्ट अतिथिगृह 'साकेत' महात्मागांधी मार्ग लखनऊ के गैलरी में लूवर्स लगाने का कार्य, कॉकरी कैबिनेट व वैनिटी बनाने का कार्य एवं दो दरवाजे बदलने का कार्य, डायनिंग टेबल की मरम्मत करने का कार्य, दो कमरों में वाल पैनलिंग लगाने का कार्य, रिसेप्शन हॉल में मधूबनी पेटिंग बनाने व रंगाई पुताई का कार्य। (पार्ट—बी) प्रथम एवं द्वितीय तल के गलियारे में कक्ष के क्षतिग्रस्त एवं पुराने हो चुके मुख्य दरवाजों को बदलने का कार्य। | 9.98 | 99800.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 8 | लखनऊ | विधायक निवास—1 स्थित आवास सं0—29ए में विभिन्न सिविल सम्बन्धी कार्य। | 1.60 | 16000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 9 | लखनऊ | विधायक निवास—1 स्थित आवास सें0—103बी के दायं बाथरूम की क्षतिग्रस्त शीट पाइप लाइन व टाइल्स को बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 1.61 | 16100.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 10 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलशफा स्थित आवास सं0—702 में दीमक की वजह से क्षतिग्रस्त वार्डरोब, किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड को बदलने का कार्य, हाल व डायनिंग एरिया में एल्युमिनियम पार्टीशन लगाने का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य। | 2.81 | 28100.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 11 | लखनऊ | कैबिनेटगंज कालोनी स्थित आवास सं0—डी—6 में क्षतिग्रस्त प्लास्टर को मरम्मत करना, शौचालय में फ्लोर एवं वाल टाइल्स लगाना, किचेन में क्षतिग्रस्त किचेन टॉप बदलना एवं वाल टाइल्स एवं सिंक बदलना एवं अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 0.61 | 6100.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 12 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलशफा स्थित आवास सं0—402 में विभिन्न सिविल सम्बन्धी कार्य। | 1.20 | 12000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 13 | लखनऊ | गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं0—14 में कर्मचारियों हेतु क्षतिग्रस्त रूम की मरम्मत करना, शेल्फ बनाना, सर्वेन्ट रूम के क्षतिग्रस्त बाथरूम की फिटिंग्स एवं टाइल्स बदलना, मास्टर बेडरूम में वार्डरोब बनाना एवं शेड डालने के साथ अन्य अति आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.70 | 37000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 14 | लखनऊ | कालिदास मार्ग स्थित आवास सं0—06 में पी0ए0सी0 हेतु गेट के बाहर एक हॉल मय स्नानगृह / शौचालय बनाना, आवास में अस्थाई स्टोर रूम की मरम्मत करने के साथ अन्य अति आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.94 | 49400.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 15 | लखनऊ | विधायक निवास—6 पार्क रोड स्थित आवास सं0—बी—2 में किचेन शेड में फ्लोर टाइल्स लगाना, क्षतिग्रस्त टीनशेड बदलना, अतिरिक्त बाथरूम की फिटिंग्स बदलना व जर्जर प्लास्टर को तोड़कर पुनः प्लास्टर करने के साथ रंगाई पुताई व अन्य अतिआवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.30 | 23000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 16 | लखनऊ | लाप्लास कालोनी स्थित आवास सं0—ए—706 में टाइप—5 के जीर्णशीर्ण बाथरूम के टाइल्स को बदलते हुए नवीनीकरण एवं दूसरे बाथरूम की फिटिंग्स बदलने का कार्य तथा क्षतिग्रस्त दरवाजे बदलना एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 1.20 | 12000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 17 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0—6 टाइप—6 में लॉन के कच्चे रास्ते पर कोटा स्टोन लगाना, आवास के बाहरी सतह की सुधारीकरण, आंगन में शेड के विस्तारीकरण लॉन में इन्टर लाकिंग पोर्च व संतरी पोस्ट को एकरेलिक सीट द्वारा कवर करने का कार्य। | 6.20 | 62000.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 18 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0—30 टाइप—5 में एक कमरे में वॉल पैनलिंग व गैराज में एफ0आर0पी0 सीट लगाने का कार्य। | 0.70 | 7000.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 19 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0—15 टाइप—5 में क्षतिग्रस्त किचेन कैबिनेट के स्थान पर गोदरेज किचेन बनाने का कार्य। | 3.22 | 32200.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 20 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया उपमंत्री आवास सं0—3 के 03 बेडरूम में फाल्स सीलिंग एवं दीवालो पर पी0वी0सी0 वाल पैनल करना, आवास के सभी पर्दा राड बदलना, आवास के एक स्नानगृह / शौचालय की जर्जर पानी सप्लाई की पाइप लाइन बदलना, क्षतिग्रस्त टाइल्स बदलना, एक अतिरिक्त कक्ष की मरम्मत करना आवास के सर्वेन्ट क्वार्टर की मरम्मत करना व रंगाई पुताई करना एवं अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 6.60 | 66000.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 21 | लखनऊ | विधायक निवास—4 रायल होटल स्थित आवास सं0—18 में किचेन कैबिनेट बनाने का कार्य। | 1.30 | 13000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 22 | लखनऊ | लाल बहादुर शास्त्री मार्ग स्थित बंगला न0—6 में किचेन कैबिनेट बनाने, क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलने एवं दरवाजो पर पी0यू0 पालिश करने एवं रंगाई पुताई का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धी कार्य। | 3.48 | 34800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 23 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0—6 / 12, टाइप—4 में क्षतिग्रस्त दरवाजे चौखट बदलने का कार्य, जाली दरवाजे लगाने का कार्य, सुरक्षा की दृष्टि से बालकनी में एल्युमिनियम पार्टीशन का कार्य। | 1.35 | 13500.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 24 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0—6 / 6, टाइप—4 में आवास की क्षतिग्रस्त बाथरूमों फर्श पर विट्रीफाइड टाइल्स लगाने का कार्य। | 1.53 | 15300.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 25 | लखनऊ | लोअर डालीबाग नवनिर्मित ड्राइवर कालोनी स्थित आवास संख्या—1 / 9 टाइप—1 में सीलन मरम्मत, क्षतिग्रस्त प्लास्टर मरम्मत, क्षतिग्रस्त किचेन व बाथरूम की टाइल्स बदलने, क्षग्रिस्त खिड़की दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 0.72 | 7200.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 26 | लखनऊ | लोअर डालीबाग कालोनी स्थित आवास संख्या—जे—2 / 2 टाइप—4 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त बाथरूमों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त किचेन की मरम्मत, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे चौखट बदलना, क्षतिग्रस्त फर्ष पर विट्रीफाइड टाइल्स लगाने का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 2.14 | 21400.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 27 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज—2 मंत्री आवास स्थित आवास संख्या—डी—414 टाइप—4 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त किचेन व बाथरूम की मरम्मत का कार्य, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे चौखट सहित बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 2.27 | 22700.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 28 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज—2 मंत्री आवास स्थित आवास संख्या—एफ—104 टाइप—4 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त वार्डरोब का कार्य, क्षतिग्रस्त दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 1.06 | 10600.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 29 | लखनऊ | मा0 मंत्री आवासों की साज—सज्जा सामग्री आपूर्ति / मरम्मत का कार्य। | 7.86 | 78600.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 30 | लखनऊ | विशिष्ट अतिथिगृह यमुना डालीबाग लखनऊ में क्षतिग्रस्त मेनगेट बदलना, आगे की बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाना, पीछे की बाउण्ड्रीवाल पर बारबेड वायर लगाना, क्षतिग्रस्त प्लास्टर के स्थान पर पुनः प्लास्टर करने के साथ रंगाई पुताई व अन्य आवश्यक कार्य। | 2.95 | 29500.00 | 770.00 | 30 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.04.2025 से 24.04.2025 तक उपलब्ध है जो दिनांक 24.04.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट / अपलोड किये जा सकते है।

इसकी निविदा दिनांक 24.04.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक 19.04.2025 से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड—2 (सिविल),**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**
ई—मेल : maintenancedivision2pwd@gmail.com

**www.upidadv.gov.in**
**UPID : 232354 Dt. : 15/04/2025**

## संक्षिप्त समाचार

### नियमों का उल्लंघन करने पर 804 वाहनों का कटा चालान

**देहरादून, एजेंसी।** चारधाम यात्रा को देखते हुए दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए आरटीओ की ओर से सख्त चेकिंग अभियान चलाया गया। दो दिन तक यात्रा मार्गों समेत प्रमुख मार्गों पर चलाए अभियान में नियमों का उल्लंघन करने वाले 804 वाहनों का चालान काटा गया। जबकि 18 वाहन सीज किए गए। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. अनीता चमोला के निर्देश पर देहरादून संभाग में देहरादून, विकासनगर, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, टिहरी और उत्तरकाशी में 12 व 13 अप्रैल को अभियान चलाया गया। इन मार्गों प 24 टीमों को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग करते पाए जाने पर 176 यात्री वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा ओवर स्पीड में 107, बिना फिटनेस के 31, बिना परमिट के 42 वाहनों, बिना लाइसेंस के 62 वाहनों के चालान किए गए। पंजाब के अमृतसर के लिए बस यात्रा करने वाले यात्रियों को अब दून से सीधा बस सुविधा मिलेगी। इसके लिए सोमवार को पहली बस दून से अमृतसर के लिए रवाना की गई। दून के ग्रामीण डिपो से अमृतसर के लिए वॉल्वो बस सेवा शुरू की गई। बस सुबह दस बजे रवाना की गई। इस बस का किराया अमृतसर तक के लिए 1224 रुपये और जालंधर तक का किराया 1009 रुपये रखा गया है। अभी तक सिर्फ देहरादून से चंड़ीगढ़ तक के लिए बस सेवा दी जा रही थी। ऐसे में यह सुविधा शुरू होने के बाद यात्रियों को राहत मिलेगी।

### शहीदों को श्रद्धांजलि देकर मनाया अग्निशमन सेवा दिवस

**देहरादून, एजेंसी।** 14 अप्रैल 1944 में मुंबई बंदरगाह पर हुए अग्निकांड की बरसी पर फायर सर्विस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस लाइन में देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में आईजी फायर सर्विस मुख्तार मोहसिन ने बताया कि अग्निशमन सेवा दिवस प्रतिवर्ष 14 अप्रैल 1944 में मुंबई बंदरगाह पर हुई भीषण अग्निकांड में बलिदान हुए अग्निशमन कर्मियों की याद में मनाया जाता है। यह दिवस जनमानस को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने तथा अग्निशमनकर्मी के साहस और बलिदान को याद करने का अवसर देता है। उन्होंने बताया कि सप्ताह भर प्रदेश में अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जायेगा और आमजनता को जागरूक किया जाएगा। उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपात सेवा का प्रत्येक जवान अग्निकांड सहित प्रत्येक आपदा के समय फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में सबसे आगे रहता है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा उनके कार्यों से परिलक्षित होती है। समय से साथ फायर सर्विस के आयाम बदले हैं, और हमें आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहना है। इस मौके पर डीआईजी फायर सर्विस निवेदिता कुकरेती, सीएफओ देहरादून वंश बहादुर आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### जल संस्थान के ठेकेदार और एक अन्य कंपनी पर मुकदमा

**देहरादून, एजेंसी।** शर्तों का उल्लंघन कर सड़कों की खोदाई कर रहे जल संस्थान के ठेकेदार और विद्युत लाइन भूमिगत कर रही कंपनी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले में चौकी प्रभारी फव्वारा चौक धनीराम पुरोहित ने तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि वह रविवार शाम को कानून व्यवस्था ड्यूटी में क्षेत्र में घूम रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि हरिद्वार रोड पर खोदे गए गड्ढों को पूरी तरह से नहीं भरा गया है। इसके साथ ही इन्हें समतल भी नहीं किया गया। यह काम जल संस्थान के अधिकारियों की देखरेख में ठेकेदार कर रहे थे। पता चला कि इसके लिए उन्होंने इसकी अनुमति भी नहीं ली है। इसके अलावा क्षेत्र में केईई ग्रुप विद्युत लाइनों को भूमिगत करने का काम कर रही थी। इस कंपनी को शर्तों के आधार पर अनुमति दी गई थी। लेकिन, कंपनी शर्तों का उल्लंघन करते हुए काम कर रही थी। यहां पर न तो बैरिकेडिंग की गई और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए। जिन जगहों पर गड्ढे किए गए उन्हें ठीक तरह से भरा भी नहीं जा रहा था। इससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी। इसके अलावा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई थी।

## बाजार से बिजली खरीद पर पांच प्रतिशत का प्रतिबंध पड़ सकता है भारी, रास्ता तलाश रहा निगम

**देहरादून, एजेंसी।** यूपीसीएल हर साल शॉर्ट टर्म बाजार से 20 प्रतिशत बिजली खरीदता है। अब कुल 1804.6 करोड़ में से 90 करोड़ यूनिट ही यूपीसीएल खरीद सकेगा।

नए टैरिफ ऑर्डर में उत्तराखंड विद्युत नियामक ने यूपीसीएल पर बाजार से शॉर्ट टर्म अवधि की बिजली खरीद पर पांच प्रतिशत की सीमा लागू कर दी है। इससे अधिक बिजली खरीद प्रतिबंधित करना यूपीसीएल के लिए भारी साबित हो सकता है। निगम अब इस परेशानी से बाहर निकलने का रास्ता तलाश रहा है।

यूपीसीएल इस साल 1804.6 करोड़ यूनिट बिजली आपूर्ति करेगा। हर साल आमतौर पर 80 प्रतिशत बिजली तो राज्य, केंद्रीय पूल, दीर्घकालीन अवधि, लघु अवधि के टेंडर से उपलब्ध कराई जाती है। बाकी 20 प्रतिशत बिजली शॉर्ट टर्म अवधि की होती है जिसकी आपूर्ति इंडियन एनर्जी एक्सचेंज या शॉर्ट टर्म टेंडर से की जाती है।

नियामक आयोग ने इस 20 प्रतिशत को घटाकर पांच प्रतिशत यानी करीब 90 करोड़ यूनिट कर दिया है। बाकी 15 प्रतिशत यानी करीब 270 करोड़ यूनिट बिजली की उपलब्धता अब यूपीसीएल के लिए मुसीबत बन सकता है।

नियामक आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह बिजली 25 वर्ष के दीर्घकालीन पीपीए या 10 वर्ष के लघु अवधि के टेंडर से ली जाए। यूपीसीएल के निदेशक परियोजना अजय कुमार अग्रवाल जनसुनवाई में बता चुके हैं कि नौ बार दीर्घकालीन अवधि की खरीद के लिए टेंडर निकाले गए, लेकिन कोई कंपनी आने को तैयार नहीं हुई। लघु अवधि के लिए भी यूपीसीएल को कंपनियां नहीं मिल रही हैं। बीते दिनों में केवल एक 200 मेगावाट का सौर ऊर्जा परियोजना का पीपीए ही हो पाया है, जो कि टीएचडीसी के पीएसपी प्रोजेक्ट के लिए है।

# उत्तराखंड यूसीसी नियमावली में संशोधन

### अब सब-रजिस्ट्रार विवाह और तलाक का कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड 27 जनवरी 2025 से लागू हो गया था. यूसीसी में किए गए प्रावधानों में विवाह और तलाक रजिस्ट्रेशन के साथ ही लिव इन रिलेशनशिप के रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य किया गया है. इसके तहत प्रदेश की जनता विवाह/तलाक और लिव इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन करवा रही है. वहीं उत्तराखंड सरकार ने यूनिफॉर्म सिविल कोड नियमावली में संशोधन कर दिया है. जिसके तहत स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के सब-रजिस्ट्रार को विवाह और तलाक के रजिस्ट्रेशन के लिए अधिकृत कर दिया गया है.

यूसीसी नियमावली में किया गया संशोधनः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है. जिसके तहत अब सब-रजिस्ट्रार भी विवाह



और तलाक का रजिस्ट्रेशन करने के लिए अधिकृत होंगे. सरकार के इस निर्णय के बाद प्रदेश के सभी जिलों में मौजूद सब-रजिस्ट्रार (उप निबंधक) कार्यालयों में वसीयत के साथ ही विवाह और तलाक रजिस्ट्रेशन भी हो सकेंगे. इससे आने वाले समय में जनता को विवाह/तलाक रजिस्ट्रेशन करवाने में आसानी होगी.

सब-रजिस्ट्रार करेंगे विवाह और तलाक के रजिस्ट्रेशनः राज्य सरकार की ओर से समान नागरिक संहिता नियमावली उत्तराखंड- 2025 में किए गए संशोधन को एक बड़ी पहल माना जा रहा है. क्योंकि इससे यूसीसी के प्रावधानों को और आसानी से प्रभावी बनाया जा सकेगा. सब रजिस्ट्रार को विवाह और विवाह-विच्छेद का रजिस्ट्रेशन करने के लिए अधिकृत किए जाने के बाद अब जल्द ही सब-रजिस्ट्रार के कार्यालय में जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे. इसके साथ ही सब रजिस्ट्रार को रजिस्ट्रेशन संबंधित ट्रेनिंग भी दी जाएगी. इस संबंध में सरकार कार्य योजना भी तैयार कर रही है.

किसको क्या जिम्मेदारीः दरअसल, उत्तराखंड शासन की ओर से ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को उप रजिस्ट्रार और एसडीएम को रजिस्ट्रार बनाया गया है. इसके साथ ही नगर पंचायत और नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी को सब रजिस्ट्रार और एसडीएम को रजिस्ट्रार बनाया गया है. इसी क्रम में नगर निगम में कर अधीक्षकों को सब रजिस्ट्रार और नगर आयुक्त को रजिस्ट्रार बनाया गया है. इसके अलावा, कैंट क्षेत्र में मुख्य अधिशासी अधिकारी को रजिस्ट्रार और उनके द्वारा नामित अधिकारी को सब रजिस्ट्रार बनाया गया है. इसके साथ ही यूसीसी के महानिबंधक की जिम्मेदारी आईएएस अधिकारी वी षणमुगम संभाल रहे हैं.

## इस बार की चारधाम यात्रा लेगी सरकार और भक्तों की अग्नि परीक्षा, मॉनसून से पहले इस चेतावनी ने बढ़ाई टेंशन

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में इस बार चारधाम यात्रा 2025 चुनौतीपूर्ण होने जा रही है. इसके पीछे की वजह मौसम विभाग का वह पूर्वानुमान है, जो आने वाले मॉनसून में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का संकेत दे रहा है. आगामी मानसून सीजन को लेकर दिए गए पूर्वानुमान ने क्यों बढ़ा दी उत्तराखंड के लिए चिंता, जानिए इस खबर में.

तीस अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरूः उत्तराखंड में 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है. तीस अप्रैल को सबसे पहले यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलेंगे. उसके बाद 2 मई को केदारनाथ और चार मई को बदरीनाथ के कपाट खुलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के प्रदेश में पहुंचने की उम्मीद है.

उत्तराखंड की चिंताः इस बीच



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने एक ऐसी भविष्यवाणी की है, जो भले ही देश भर में कृषि क्षेत्र को लेकर बेहतर मानी जा रही हो, लेकिन इसने उत्तराखंड के लिए बड़ी चिंता खड़ी कर दी है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मॉनसून सीजन के दौरान सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना व्यक्त की है. इस तरह जून से सितंबर के बीच मॉनसून सीजन में बारिश का अनुमान 105% तक का लगाया गया है.

जाहिर है कि ये पूर्वानुमान किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए तो खुशखबरी वाला है, लेकिन उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्य जहां सामान्य बारिश के दौरान भी भूस्खलन और कई जगह नदियों के ओवरफ्लो की स्थिति बन जाती है, वहां यह खबर चिंता पैदा करने वाली है.

डायरेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मौसम विभाग ने जो पूर्वानुमान जारी किया है, वो पूरे देश के लिए है. उत्तराखंड में इस बार सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद लगाई जा रही है. वैसे देहरादून मौसम विज्ञान केंद्र के डायरेक्टर विक्रम सिंह इस बारिश को अच्छी खबर के रूप में देख रहे हैं. साथ ही उन्होंने चारधाम यात्रा के दौरान लोगों को अलर्ट रहने की अपील भी की है. उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह की मानें तो प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश होने पर कई जगहों पर भूस्खलन जैसी घटनाएं हो सकती हैं. हालांकि इसके लिए राज्य सरकार पूर्व से ही तैयारी करती है।

## राजधानी में सक्रिय हुआ ठक-ठक गिरोह, तीन कारों से मोबाइल चुराए

देहरादून, एजेंसी। करीब दो साल बाद एक बार फिर शहर में ठक-ठक गिरोह सक्रिय हो गया। एक ही दिन में गिरोह ने तीन सिग्नल और भीड़भाड़ वाले इलाकों में रुकी तीन कारों से मोबाइल चोरी कर लिए।घटनाओं में मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई की और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि भंडारी बाग के रहने वाले गयूर मलिक ने पुलिस को बताया था कि उनकी कार शिमला बाईपास स्थित ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी थी। इस दौरान दो व्यक्ति कार के दोनों तरफ से आए और शीशा खटखटाने लगे। उन्हें लगा कि वह कुछ कहना चाह रहा है। लिहाजा गयूर मलिक ने खिड़की का कांच नीचे कर दिया। इसी बीच दूसरी तरफ वाले व्यक्ति ने कुछ कहना शुरू किया तो वह उसकी बातों में उलझ गए। इसी का फायदा उठाते हुए दूसरे व्यक्ति ने कार में रखा मोबाइल फोन चोरी कर लिया। देखते ही देखते दूसरा व्यक्ति भी वहां से चला गया। इसी तरह कृष्णा विहार के रहने वाले मनमोहन सिंह ने शिकायत की थी कि उनकी कार को ट्रांसपोर्ट नगर में रोककर बातों में उलझाकर दोनों व्यक्तियों ने कार से मोबाइल चोरी कर लिया। एसएसपी ने बताया कि इसी तरह से नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में भी एक कार से मोबाइल चोरी कर लिया गया। तीनों मामलों में मुकदमे दर्ज किए गए। घटनास्थलों के आसपास की सीसीटीवी फुटेज देखकर संदिग्धों की पहचान को अभियान चलाया गया। इसी दौरान रविवार रात चेकिंग के दौरान चंद्रबनी चौक से दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। इनका हुलिया सीसीटीवी फुटेज से मिलता जुलता था। पूछताछ में दोनों ने अपने

## देहरादून की सड़कों पर उतरी आरटीओ की टीम, मच गई खलबली; 804 वाहनों का चालान और 19 सीज

**देहरादून, एजेंसी।**
चारधाम यात्रा आरंभ होने से पहले यात्रा मार्गों पर दुर्घटना नियंत्रण को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए परिवहन विभाग की टीमों ने 804 वाहनों का चालान किया, जबकि 19 सीज किए गए।

संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉक्टर अनीता चमोला के निर्देशन में दून संभाग के अंतर्गत दून शहर समेत विकासनगर, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, टिहरी व उत्तरकाशी में प्रवर्तन व सचल दलों, इंटरसेप्टर एवं बाइक स्क्वाड के माध्यम से दो दिवसीय चेकिंग अभियान चलाया गया। आरटीओ चमोला ने बताया कि प्रवर्तन दलों ने देहरादून-मसूरी-कैम्पटी मार्ग, विकासनगर-बाड़वाला मार्ग, हरिद्वार-ऋषिकेश मार्ग, रुड़की-हरिद्वार मार्ग, ऋषिकेश-देवप्रयाग मार्ग, ऋषिकेश-चम्बा-टिहरी मार्ग, टिहरी-उत्तरकाशी मार्ग आदि पर यात्री वाहनों (बस, टैक्सी, मैक्सी) व निजी कारों की चेकिंग की। संभाग में सभी केंद्रों के एआरटीओ प्रवर्तन के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में सचल दल, इंटरसेप्टर दल व बाइक स्क्वाड की कुल 24 टीमें शामिल रहीं।

आरटीओ ने बताया कि यात्री वाहनों की चेकिंग पर विशेष ध्यान देते हुए प्रवर्तन दलों ने यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग करते पाए जाने पर 176 वाहनों का चालान किया। इसके अतिरिक्त ओवरस्पीड करते पाए जाने पर 107, बिना फिटनेस के 31 वाहनों, बिना परमिट 42 वाहनों, बिना डीएल 62 एवं बिना कर चुकाए दौड़ रहे 97 वाहनों का चालान किया गया। इनमें 22 वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाईसेंस के निलंबन की संस्तुति की गई है।

आरटीओ ने बताया कि अभियान आकस्मिक रूप से आगे भी चलाया जाएगा। वाहनों में ओवर लोडिंग, ओवर स्पीडिंग, नशे का सेवन कर वाहन चलाना एवं बिना वैध प्रपत्रों के वाहन चलाते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## तीर्थयात्री देख सकेंगे होटल-गेस्टहाउस से सटे पर्यटन स्थल, जीएनवीएन कर रहा विशेष तैयारी



**देहरादून, एजेंसी।** यात्रा के दौरान व गर्मी सीजन में उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ होने से अकसर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस परेशानी से बचने के लिए यात्रा मार्ग के गेस्ट हाउस व होटलों से सटे पर्यटन स्थलों से सैलानियों को रूबरू कराया जाएगा।

उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू होने वाली विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ऐसे में गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) के गेस्ट हाउस व होटलों में ठहरने वाले तीर्थयात्री आसपास के पर्यटन स्थल भी देख सकेंगे। इसके लिए जीएमवीएन की ओर से विशेष तैयारियां की गई है।

यात्रा के दौरान व गर्मी सीजन में उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ होने से अकसर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस परेशानी से बचने के लिए यात्रा मार्ग के गेस्ट हाउस व होटलों से सटे पर्यटन स्थलों से सैलानियों को रूबरू कराया जाएगा।

इसके लिए निगम के कर्मचारी पर्यटकों को जानकारी देंगे। निगम के प्रबंध निदेशक विशाल मिश्रा ने कहा, निगम के सभी गेस्ट हाउस व होटल खासकर यात्रामार्ग पर बहुत से सुंदर पर्यटन स्थल हैं, जो प्रसिद्ध न होने की वजह से लोगों की पहुंच से बाहर हैं।

ऐसे में यात्रा के दौरान इस परंपरागत पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ न बढ़े इससे बचने के लिए आसपास के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा दिया जाएगा। निगम के कर्मचारी उन तीर्थयात्रियों को पर्यटन स्थल की जानकारी देंगे, जो कुछ समय उत्तराखंड में रुकना चाहते हैं।

## बिजली बिलों के 415 करोड़ दबाकर गायब हो गए 1.27 लाख उपभोक्ता

**देहरादून, एजेंसी।**
बिजली बिलों के 415 करोड़ दबाकर 1.27 लाख उपभोक्ता गायब हो गए। यूपीसीएल ने एसबी-एनबी श्रेणी में डाला है। लेकिन आयोग इनका पता-ठिकाना नहीं तलाश पा रहा है।

उत्तराखंड में बिजली बिलों के 415.67 करोड़ रुपये दबाकर 1,27,873 उपभोक्ता गायब हैं। यूपीसीएल के अधिकारी इनकी तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। कहीं बिजली का मीटर नहीं है तो कहीं मालिक वर्षों से बाहर है। यूपीसीएल ने इस पूरी राशि को नॉन बिल्ड (एनबी) और स्टॉप बिल्ड (एसबी) की श्रेणी में डाला हुआ है।

बीते वर्षों में यूपीसीएल के अधिकारी-कर्मचारियों ने बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां कीं। इससे उन उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ती चली गई, जिनका भारी भरकम बिल था, लेकिन जब वसूली के लिए गए तो वे वहां



मिले ही नहीं। या तो मकान बेचकर चले गए या फिर छोड़कर चले गए।

ऐसे भी चौंकाने वाले मामले हैं, जिनमें एक ही मोहल्ले में एक नाम से कई-कई कनेक्शन हैं। माना जाता है कि एक कनेक्शन का बिल ज्यादा होने पर उसका मीटर खराब करके दूसरे मीटर से दूसरा कनेक्शन लगाया गया होगा।

यूपीसीएल प्रबंधन के लिए एनबी-एसबी श्रेणी के ये उपभोक्ता नासूर बने हुए हैं। वर्ष 2019 में इनकी संख्या 1,61,500 थी। हर साल यूपीसीएल की टीमें इस दिशा में काम करती हैं, जिससे इनकी संख्या बदलती रहती है। वर्ष 2020 में इनकी संख्या 1,58,300, वर्ष 2021 में 1,61,580, 2022 में 1,54,461, 2023 में 1,42,962, 2024 में 1,31,418 और 2025 में 1,27,873 पर पहुंची है। एनबी-एसबी की राशि 415.67 करोड़ पर उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने चिंता जताई है।

नियामक आयोग ने निर्देश दिए हैं कि हर तिमाही में कम से कम पांच प्रतिशत मामलों का निस्तारण करें। ऐसे गायब उपभोक्ताओं को खोजें। सभी खंडवार जिम्मेदारी देते हुए अभियान चलाएं और तिमाही रिपोर्ट नियामक आयोग में जमा कराएं।

## वर्षा जल से बंजर भूमि पर लहलहाई डेमेस्क गुलाब की खेती, भाऊवाला में विकसित किया मॉडल बगीचा

**देहरादून, एजेंसी।**
सगंध पौध केंद्र सेलाकुई ने भाऊवाला के पास मॉडल बगीचा विकसित किया है। वर्षा जल से खेती में कामयाबी मिली है। पहली बार गुलाब फूलों का तुड़ान किया गया। सगंध पौध केंद्र सेलाकुई (कैप) ने भाऊवाला के समीप नौ एकड़ जमीन पर पर्वतीय क्षेत्र के लिए बंजर भूमि में वर्षा जल एकत्रित कर एरोमा का मॉडल बगीचा तैयार किया है। इस बगीचे में डेमेस्क गुलाब को उगाने में मिली कामयाबी के बाद सोमवार को पहली बार फूलों का तुड़ान किया गया। सगंध पौध केंद्र के निदेशक डॉ.नृपेंद्र चौहान ने बताया कि एरोमा की खेती रोजगार और किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने का सबसे अच्छा जरिया बन सकता है। कैप ने भाऊवाला में मॉडल बगीचा विकसित किया है। जिसमें डेमेस्क गुलाब के अलावा सुरई, कपूर, लैमन ग्रास, तेजपात, रोजमेरी के बगीचे तैयार किए गए। डेमेस्क गुलाब से पहली बार फूलों



को निकाला गया। इसमें 150 किलो फूल एकत्रित किया गया। उन्होंने कहा, पर्वतीय क्षेत्रों में जहां पर सिंचाई की सुविधा नहीं है और खेत बंजर हैं, वहां पर किसान डेमेस्क गुलाब की खेती को आसानी कर सकते हैं। भाऊवाला बगीचे में पानी नहीं था। इसके लिए वर्षा जल संग्रहण कर ड्रिप सिस्टम से सिंचाई की जा रही है। निदेशक ने बताया बगीचे में पहली बार डेमेस्क गुलाब फूल निकालने के साथ फील्ड कर्मचारियों को खेती की जानकारी दी गई।

## सम्पादकीय

# प्रत्यर्पण के प्रयास तेज करें



सैयद अहमर हसनैन

**हाल ही में मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत लाने और अब बेल्जियम में सबसे बड़ी बैंकिंग धोखाधड़ी करके फरार हुए हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी के गहरे निहितार्थ हैं। इससे देश में अपराध करके भागने वालों के लिये सख्त संदेश जाएगा कि वे साफ बचकर नहीं निकल सकते। जांच एजेंसियों की सतर्कता, अधिकारियों की तत्परता और सत्ताधीशों की सजगता स्थितियां बदल सकती है। बहरहाल, चोकसी की गिरफ्तारी से यह उम्मीद जरूर जगी है कि देर-सवेर भारत लाकर उस पर मुकदमा चलाया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि साल 2018 में देश के सबसे बड़े बैंक घोटाले के जरिये चोकसी एंड पार्टी ने पूरे देश की बैंकिंग व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था। चोकसी पर आरोप है कि उसने पंजाब नेशनल बैंक के साथ करीब तेरह हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। आरोप है कि इस धोखाधड़ी में कथित तौर पर बैंक अधिकारियों और अन्य लोगों की भी गहरे तक मिलीभगत थी।**

दरअसल, इस बड़े घोटाले के सार्वजनिक होने से पहले ही मेहुल चोकसी और सह-आरोपी उनका भतीजा नीरव मोदी भारत से भागने में सफल हो गए थे। नीरव को वर्ष 2019 में ब्रिटेन में गिरफ्तार कर लिया गया था। वह अभी भी वहीं हिरासत में है। लेकिन येन-केन-प्रकारेण तथा लगातार नयी दलीलें देकर अपना प्रत्यर्पण टालने में सफल रहा है। दरअसल, पश्चिमी देशों में सशक्त नागरिक व मानव अधिकारों का दुरुपयोग ये अभियुक्त अपनी खाल बचाने के लिये बखूबी करते हैं। दूसरे उनके पास घोटाले का पर्याप्त पैसा है, जिससे वे महंगी कानूनी लड़ाई के जरिये अपना बचाव करने में कामयाब होते रहे हैं। बहरहाल, भले ही चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी हो गई है,लेकिन उसकी जल्दी वापसी इतनी भी आसान नहीं है। इस मामले को देख रहे अधिकारियों को अभी लंबी कानूनी लड़ाई के लिये तैयार रहना होगा। यह तय है कि चोकसी अपनी रिहाई सुनिश्चित करने तथा अपना प्रत्यर्पण टालने के लिये कानूनी मोर्चे पर कोई कसर नहीं छोड़ने वाला है। निश्चित रूप से हमें बचाव पक्ष के वकीलों की रणनीति को लेकर कोई आश्चर्य न होगा कि चोकसी के खराब स्वास्थ्य को आधार बनाकर जमानत लेने का प्रयास किया जाए। खबरों में बताया जा रहा है कि चोकसी कैंसर का इलाज करा रहा है। वहीं दूसरी ओर देश में अपराध करके भागने वाले लोग विदेशी अदालतों में यह दलील देने से नहीं चूकते कि भारत में जेलों के हालात खराब है और वे उन स्थितियों में नहीं रह सकते। ऐसे में भारतीय जांच एजेंसियों को इस तरह के कुतर्कों का पुख्ता तरीके से मुकाबला करने के लिये पूरी तैयारी के साथ विदेशी अदालतों में अपना पक्ष सशक्त ढंग से रखना होगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस प्रकरण में भारत के सबसे बड़े बैंक घोटाले की जांच दांव पर है। इसके अलावा इस मामले में भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम की प्रभावशीलता की भी कसौटी शामिल है। जिसे राजग सरकार ने वर्ष 2018 में मेहुल चोकसी व नीरव मोदी के देश से भागने के बाद लागू किया था। यह विडंबना ही कही जाएगी कि चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने तथा अधिनियम के प्रावधानों के तहत उसकी संपत्ति जब्त करने की प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पिछले सात सालों से मुंबई की एक अदालत में लंबित है। बहरहाल, देश के सबसे बड़े बैंकिंग घोटाले में चोकसी के खिलाफ कार्रवाई तेज की जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के सख्त कानूनी प्रावधानों के चलते पिछले कुछ सालों में बैंकिंग धोखाधड़ी में शामिल राशि में उल्लेखनीय कमी आई है। निस्संदेह, यह एक स्वागत योग्य पहल है, लेकिन बड़ी मछलियों पर शिकंजा कसने तथा बैंक के खाताधारकों का भरोसा हासिल करने के लिये अधिक प्रयासों की जरूरत है। ऐसे मामलों में कानूनी प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक अदालतों के जरिये तेज करने तथा भगोड़े आर्थिक अपराधियों को कूटनीतिक प्रयासों के जरिये भारत लाने के प्रयासों को भी गति देने की जरूरत है। बैंकिंग व्यवस्था में खाताधारकों का भरोसा कायम रखने के लिये यह अपरिहार्य शर्त है।

## मुद्दा

# नेशनल हेरल्ड का प्रकरण ! उत्सर्ग था, आज घिनौना है !!



के. विक्रम राव

**आज दैनिक नेशनल हेरल्ड फिर सुर्खियों में है, कारण बड़ा गलीज है। यह उल्लेख है पिताजी स्व. के. रामा राव द्वारा संपादित हेरल्ड, का। कैसरबाग लखनऊ से प्रकाशित ख्यात दैनिक नेशनल हेरल्ड मात्र समाचारपत्र ही नहीं था, मेरा बाल सखा भी था। मैं उसके पन्नों पर लोटकर नन्हे से किशोरावस्था तक पहुंचा था। मेरे गांधीवादी पिताजी स्व. के. रामा राव इसके संस्थापक-संपादक थे। जवाहरलाल नेहरू चेयरमैन रहे। किसी आदर्श, संघर्षशील संस्था के शानदार अभ्युदय और क्रमिक-पतन का नमूना यदि देखना हो तो हेरल्ड ही है। जंगे-आजादी को इस अखबार ने अपने उत्सर्ग से सींचा था। मगर इसका लहू आजादी के बाद पार्टी ने चूस लिया। इस आजादी की आवाज को नेहरू की पुत्री की पतोहू और पड़नाती ने जगविख्यात कर दिया। आर्थिक अपराध के कारण। केन्द्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने फर्जीवाडा और धनशोधन अर्थात कोष के लूट का आरोपी उन्हें करार दिया। खैर जुर्म पर निर्णय तो दिल्ली उच्च न्यायालय देगा। मगर हेरल्ड तब क्या था, और अब क्या है ? इस पर गौर करना चाहिये। इतिहास-बोध का यह तकाजा है।**

कैसे संघर्षशील संस्था के शोचनीय-पतन को देखना हो तो हेरल्ड का नमूना है। इस दैनिक ने जंगे आजादी को अपने लहू से पोसा था। स्वार्थी पार्टीवालों ने इसे सोख लिया। यह बात सितम्बर 1938 की है। कैसरबाग चौराहे (लखनऊ) की पासवाली इमारत पर जवाहरलाल नेहरू ने तिरंगा फहरा कर कांग्रेस के इस राष्ट्रवादी दैनिक को शुरू किया था। नेशनल हेरल्ड को अंग्रेज बंद कराना चाहते थे। कांग्रेसियों ने उसे नीलामी पर चढ़वा दिया। आज उनके नवासे की पत्नी ने नेहरू परिवार की इस सम्पत्ति की सरेआम बोली तहसीलदार सदर द्वारा लगवा दी, ताकि चार सौ कार्मिकों के बाइस माह के बकाया वेतन में चार करोड़ रूपये वसूले जा सकें। देश की जंगे आजादी को भूगोल का आकार देने वाला हेराल्ड फिर खुद भूगोल से इतिहास में चला गया।अर्क के साथ हेरल्ड एक ऊर्जा भी था। अब दोनों नहीं बचे। जब इसके संस्थापक-संपादक मेरे स्वर्गीय पिता ने सितम्बर 1938 में प्रथम अंक निकाला था, तभी स्पष्ट कर दिया था कि लंगर उठाया है तूफान का सर देखने के लिए। बहुतेरे तूफान उठे, पर हेरल्ड की कश्ती सफर तय करती रही। यदि जब डूबी भी तो किनारे से टकराकर। इसकी हस्ती ब्रिटिश राज के वक्त भी बनी रही, भले ही दौरे-जमाना उसका दुश्मन था ! नेहरू और रफी अहमद किदवई इसके खेवनहार थे। इस पर कई विपत्तियां आई मगर यह टिका रहा। एक घटना है 1941 के नवम्बर की जब अमीनाबाद के व्यापारी भोलानाथ ने कागज देने से मना कर दिया था क्योंकि उधार काफी हो गया था। नेहरू ने तब एक रूक्के पर दस्तखत कर हेरल्ड को बचाया था, हालांकि नेहरू ने व्यथा से कहा भी कि सारे जीवन कभी भी मैं ऐसा प्रामिसरी नोट न लिखता। इंदिरा गांधी जब कांग्रेस अध्यक्ष थी तो रफी अहमद किदवई और चन्द्रभानु गुप्त ने आपसी दुश्मनी के बावजूद हेरल्ड राहत के कूपन बेचकर आर्थिक मदद की थी। यूं तो हेरल्ड के इतिहास में खास-खास तारीखों की झड़ी लगी है, पर 9 नवम्बर 1998 मार्मिक दिन रहा। उससे दिन प्रथम सम्पादक स्वर्गीय के.रामाराव की 102वीं जन्मगांठ भी थी। लखनऊ श्रम न्यायालय ने कर्मियों के बकाया वेतन के भुगतान हेतु हेरल्ड भवन की नीलामी का आदेश दिया था। पुराने लोग उस दिन महसूस कर रहे थे कि मानों उनकी अपनी सम्पत्ति नीलाम हो रही हो। वह मशीनें भी थी, जिसे फिरोज गांधी अपने कुर्ते से कभी–कभी पोंछते थे। वह फर्नीचर जिस पर बैठकर इतिहास का क्रम बदलने वाली खबरें लिखी गयी थी। रफी साहब ने 1942 में बाम्बे क्रानिकल के मशहूर सम्पादक सैय्यद अहमद ब्रेलवी से संपादक के लिए सुझाव मांगा। ब्रेलवी के साथ युवा के. रामाराव काम कर चुके थे। ब्रेलवी ने रफी साहब से कहा कि नया अखबार है तो आलराउण्डर को सम्पादक बनाओ जो प्रूफ रीडिंग से लेकर सम्पादकीय लिखने में हरफनमौला हो। अतः रामाराव ही योग्य होंगे। तब वे दिल्ली में हिन्दुस्तान टाइम्स में समाचार सम्पादक थे। उन्हें इंटरव्यू के लिए रफी साहब ने लखनऊ के विधान भवन में अपने मंत्री कक्ष में बुलवाया। सवा पांच फुट के, खादीकुर्ता- पाजामा-चप्पल पहने उस व्यक्ति को कुछ संशय और कौतूहल की मुद्रा में देखकर रफी साहब ने पूछा आप वाकई में सम्पादन कार्य कर सकेंगें ? रामाराव का जवाब संक्षिप्त था, बस यही काम मैं कर सकता हूं। फिर हेरल्ड के संघर्षशील भविष्य की चर्चा कर, रफी साहब ने पूछा, जेल जाने में हिचकेंगे तो नहीं? रामाराव हंसे, बोले, मैं पिकनिक के लिए तैयार हूं बाद में 1942 में रामाराव को उनके सम्पादकीय 'जेल और जंगल' के लिए छह माह तक लखनऊ सेन्ट्रल जेल में कैद रखा गया था।

## अनमोल विचार

- इंसान वही बेहतरीन होता है जिसकी वाणी मधुर होती है बाक़ी विचार तो हर जगह लिखे होते है।
- आप अपने सपनों के पीछे भागो लोगों के पीछे नहीं वो अपने आप आपके पीछे आ जायेंगे।
- जीवन मैं आपको जैसा पसंद है उस तरह से कार्य करो दूसरो को क्या पसंद वो खुद देख लेंगे ।
- घड़ी देखने में समय व्यर्थ ना करे वो तो चलती रहेगी आप अपना समय बदलने पर काम करो ।

## जानकारी

### ईमानदारी के नमक से प्रसाद

एक बार एक पर्व पर स्वामी दयानंद गिरि के शिष्यों ने भंडारा आयोजित किया, जिसमें स्वामी जी प्रवचन कर रहे थे।उन्होंने कहा कि वही सत्कर्म सफल होता है जिसमें गरीब के खून-पसीने की कमाई लगी हो। तभी उन्होंने देखा कि भंडारे के आयोजक एक गरीब वृद्धा को बाहर निकाल रहे हैं। स्वामी जी ने महिला को आदर सहित लाने को कहा। वृद्धा ने स्वामी जी से कहा कि वह भंडारे के लिये दो रुपये देना चाहती है, जिसे ये लोग स्वीकार नहीं कर रहे हैं। स्वामी जी ने तत्काल एक अनुयायी को बुलाकर कहा कि माई के दो रुपये से नमक मंगवाकर भंडारे में इस्तेमाल कर दो। खून-पसीने की ईमानदार कमाई के नमक से भंडारा भगवान का प्रसाद बन जाएगा।

## विधानसभा चुनाव अप्रैल -2026

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर



ललित गर्ग

**पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है। एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे...**

**आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमज़ोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा।**

यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है। एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष



का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चर्चाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है। भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

# पश्चिम बंगाल हिंसा से उपजे चिंताजनक हालात

## राजनीतिक उथल पुथल



राजेश माहेश्वरी

**पश्चिम बंगाल में इतना हिंसक, दंगानुमा, आगजनी, रेलवे ट्रैक को बाधित करने और खून-खराबे वाला माहौल क्यों है? देश के अन्य राज्यों में ऐसी हिंसा क्यों नहीं है? क्या बंगाल में दंगाइयों और उपद्रवियों को सत्ता का संरक्षण रहा है? क्या वोट बैंक की खातिर इन दंगाइयों को खुली छूट मिली हुई है? हिंदू पिता-पुत्र की चाकू से गोदकर हत्या कैसे कर दी गई? उपद्रवियों और एक खास जमात के दंगाइयों ने घरों, दुकानों, मंदिरों पर हमले करने का दुस्साहस कहां से हासिल किया? रेलगाड़ियां रोक दी गईं, क्योंकि पटरियों पर हजारों की भीड़ बैठी थी। ऐसे हालात के मद्देनजर कलकत्ता उच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि अदालत आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकती। उच्च न्यायालय को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती का आदेश देना पड़ा। बीएसएफ के 300 जवानों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 5 कंपनियां भी तैनात की गई हैं। मुर्शिदाबाद और उसके आसपास के गांवों में सांप्रदायिक हिंसा, पलायन, आगजनी और लूटपाट की घटनाएं देखने को मिलीं। मुसलमानों ने पाकिस्तान की उम्मीद में अपने घर छोड़ दिए, जबकि हिंदू और सिख समुदायों को भी निशाना बनाया गया। कई परिवारों को अपनी ज़मीन-जायदाद छोड़कर नए ठिकाने तलाशने पड़े...**

**पश्चिम बंगाल का मुस्लिम बहुल जिला मुर्शिदाबाद 8 अप्रैल से सुलग रहा है। वक्फ कानून के खिलाफ ऐसा उबाल आया कि बवाल थमने का नाम ही नहीं ले रहा। दरअसल, ममता बनर्जी खुद कह चुकी हैं कि वो अपने राज्य में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगी। ममता मंच पर सीधे तौर पर अपने मुस्लिम वोट बैंक को लुभाते हुए कह चुकीं हैं कि बंगाल के 33 फीसदी अल्पसंख्यकों को वो कहां फेंक दें। ममता भी संकेतों की सियासत में माहिर मानी जाती हैं। इधर, बीजेपी आरोप लगा रही है कि बंगाल में हिंसा के जरिए हिंदुओं को भगाने की साजिश हो रही है। मुर्शिदाबाद जिले में 12 अप्रैल को हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हुई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, 11 अप्रैल को हिंसा में घायल की 12 अप्रैल को अस्पताल में मौत हो गई थी। इस तरह मुर्शिदाबाद हिंसा में 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा में 15 पुलिसकर्मी भी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं।**

ताजा हालातों में अहम प्रश्न यह है कि पश्चिम बंगाल में इतना हिंसक, दंगानुमा, आगजनी, रेलवे ट्रैक को बाधित करने और खून-खराबे वाला माहौल क्यों है? देश के अन्य राज्यों में ऐसी हिंसा क्यों नहीं है? क्या बंगाल में दंगाइयों और उपद्रवियों को सत्ता का संरक्षण रहा है? क्या वोट बैंक की खातिर इन दंगाइयों को खुली छूट मिली हुई है? हिंदू पिता-पुत्र की चाकू से गोदकर हत्या कैसे कर दी गई? उपद्रवियों और एक खास जमात के दंगाइयों ने घरों, दुकानों, मंदिरों पर हमले करने का दुस्साहस कहां से हासिल किया? रेलगाड़ियां रोक दी गई, क्योंकि पटरियों पर हजारों की भीड़ बैठी थी। ऐसे हालात के मद्देनजर कलकत्ता उच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि अदालत आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकती। उच्च न्यायालय को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती का आदेश देना पड़ा। बीएसएफ के 300 जवानों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 5 कंपनियां भी तैनात की गई हैं। मुर्शिदाबाद और उसके आसपास के गांवों में सांप्रदायिक हिंसा, पलायन, आगजनी और लूटपाट की घटनाएं देखने को मिलीं। मुसलमानों ने पाकिस्तान की उम्मीद में अपने घर छोड़ दिए, जबकि हिंदू और सिख समुदायों को भी निशाना बनाया गया। कई परिवारों को अपनी ज़मीन-जायदाद छोड़कर नए ठिकाने तलाशने पड़े। आज भी इस शहर में विभाजन की वह कड़वी विरासत मौजूद है। धार्मिक पहचान और सामाजिक संतुलन के बीच चल रही खींचतान, जो मुर्शिदाबाद को अब तक पूरी तरह शांति की ओर लौटने नहीं देती। अहम सवाल यह है कि यह नौबत ही क्यों आई? राज्यपाल सीवी आनंद बोस को कठोर बयान देने पड़े कि सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने और किसी की जिंदगी को खतरे में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल ऐसे उग्र, नफरती, हिंसक हालात और माहौल का बुनियादी सबब क्या है? वक्फ संशोधन कानून एक मुखौटा कारण हो सकता है, लेकिन जो मुस्लिम नेता, सांसद, मौलाना आदि सरेआम औसत मुसलमानों को भड़का-सुलगा रहे हैं, क्या उनके 'कुत्ते', 'हरामखोर', 'गद्दार' वाले बयान किसी कानून के दायरे में



नहीं आते? क्या ये गालियां भी 'अभिव्यक्ति की आजादी' हैं? कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, लिहाजा अमन-चैन बरकरार रखना मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस का संवैधानिक दायित्व है। संविधान में केंद्र और राज्य की भूमिकाओं की स्पष्ट व्याख्या है। समवर्ती सूची का कानून केंद्र और राज्य दोनों ही बना सकते हैं। यदि ऐसे किसी कानून पर केंद्र बनाम राज्य की टकरावपूर्ण स्थिति पैदा होती है, तो संविधान के अनुच्छेद 254 के तहत केंद्र का बनाया कानून ही मान्य होगा। राज्य सरकार उसे खारिज नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल में केंद्र की 'आयुष्मान भारत' योजना भी लागू नहीं होने दी है। संविधान का अनुच्छेद 245 बताता है कि संसद पूरे भारत अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकती है। राज्य विधानमंडल राज्य अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकता है। अनुच्छेद 246 अधिकार-क्षेत्र संबंधी विवादों को दूर करने के लिए विधायी विषयों को सौंपता है। वक्फ बिल इन्हीं अनुच्छेदों की परिधि में पारित कराया गया है। वह समवर्ती सूची का भी कानून है, लिहाजा संसद द्वारा पारित किए गए बिल को बंगाल कैसे नकार सकता है? यदि इस संबंध में भारत सरकार कोई कार्रवाई करती है, तो संघीय ढांचे के उल्लंघन का रोना रोया जाएगा। यह विवाद फिलहाल सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। वक्फ कानून की आड़ में उपद्रव मचाने वालों को याद रखना चाहिए कि आखिर फैसला शीर्ष अदालत को ही करना है। तोड़-फोड़ करने या गली-गली आंदोलन सुलगा कर कुछ भी हासिल नहीं होगा। मौलाना किसान आंदोलन की तुलना करना छोड़ दें। सवाल यह भी है कि वक्फ का मामला प्रशासनिक है, इसे मजहबी किसने और क्यों बनाया है? आखिर प्रदर्शनकारियों को कानून के किस प्रावधान पर आपत्ति है? यह पक्ष भी अदालत में रखा जाना चाहिए। ममता सरकार के मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी ने यहां तक बयान दिया है कि राज्य की 50 जगहों पर दस-दस हजार लोगों की भीड़ जमा की जाए। क्या यह बयान संवैधानिक है? बंगाल में 2026 में चुनाव हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री 'तुष्टिकरण' के खेल में जुटी हैं, तो भाजपा हिंदू-मुस्लिम को हवा दे रही है। आम आदमी बीच में पिस रहा है। उसे तो 'वक्फ' के मायने भी नहीं पता हैं। मुर्शिदाबाद की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी मुस्लिम है और 30 प्रतिशत हिंदू जनसंख्या है। यह सांख्यिकी हर राजनीतिक दल के लिए रणनीति का अहम हिस्सा बन जाती है। वक्फ अधिनियम को लेकर उपजे विवाद में भी यह तथ्य केंद्र में है। यह सिर्फ धार्मिक या सामाजिक विवाद नहीं, बल्कि एक बड़े वोट बैंक की लड़ाई भी बन चुकी है। शिक्षा में महिला की स्थिति है चिंताजनक इस जिले की साक्षरता दर केवल 65 प्रतिशत है और महिलाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है।

## आज का राशिफल



**मेष**:आज भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। प्रॉपर्टी के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ**:पारिवारिक यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

**मिथुन**: आज नौकरीपेशा की व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है।

**कर्क** :आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अपनी कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। खुद को शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य को लेकर चिंता रहेगी। समाज में कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े।

**सिंह**:आज शत्रु शांत बने रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी।

**कन्या**:भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा।

**तुला**:अचानक अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

**वृश्चिक** : आज का दिन प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता वाला रहेगा। नौकरीपेशा वर्ग को शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

**धनु**:आज कार्य को लेकर नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होने से बॉस खुश रहेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**मकर**:व्यापारिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। किसी बात को लेकर भय बना रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे।

**कुंभ** : नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य नहीं होंगे। अधिकारी वर्ग की नाराजी झेलना पड़ेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। व्यापार में आज मन नहीं लगेगा।

**मीन**:आज कारोबारी लाभ में धन की वृद्धि होगी। नौकरी में शांति बनी रहेगी। कार्यस्थल पर सहकर्मियों का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा। परिवार में कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। अपने विवेक से कार्य करें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी।

## आज का पंचांग

17 अप्रैल को वैशाख कृष्ण पक्ष की उदया तिथि चतुर्थी और गुरुवार का दिन है। चतुर्थी तिथि गुरुवार दोपहर बाद 3 बजकर 24 मिनट तक रहेगी। 17 अप्रैल को रात 12 बजकर 50 मिनट तक वरीयान योग रहेगा। साथ ही गुरुवार को पूरा दिन, पूरी रात पार कर शुक्रवार सुबह 8 बजकर 21 मिनट तक ज्येष्ठा नक्षत्र रहेगा।

17 अप्रैल 2025 का शुभ मुहूर्त

वैशाख कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि- 17 अप्रैल 2025 को दोपहर बाद 3 बजकर 24 मिनट तक

वरीयान योग- 17 अप्रैल 2025 को रात 12 बजकर 50 मिनट तक

ज्येष्ठा नक्षत्र- 17 अप्रैल को पूरा दिन, पूरी रात पार कर शुक्रवार सुबह 8 बजकर 21 मिनट तक

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 5:53 बजे

सूर्यास्त- शाम 6:47 बजे

## मित्सु केम प्लास्ट का लक्ष्य: 2028 तक 1,000 करोड़ की कमाई!

**मुंबई, एजेंसी।** मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड (मित्सु) (बीएसई : 540078), जो ब्लो मोल्डेड और इंजेक्शन मोल्डेड उत्पादों के साथ-साथ अस्पताल फर्नीचर के कंपोनेंट्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर उत्पाद, पैकेजिंग बोतलें, ड्रम, जरीकैन, पेल और कैप्स जैसे क्षेत्रों में अग्रणी वैश्विक निर्माता है, ने आज अपने 35 वर्षों की उत्कृष्टता, विश्वास और नवाचार का जश्न मनाया। इस खास मौके पर कंपनी ने एक रणनीतिक योजना की घोषणा की है, जिसके तहत वह वित्त वर्ष 2028 तक 1,000 करोड़ की वार्षिक आय का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह लक्ष्य कंपनी की एफवाय24 की टॉपलाइन से तीन गुना वृद्धि को दर्शाता है, जिसे अगले चार वर्षों में हासिल करने की योजना है।

1,000 करोड़ राजस्व तक पहुँचना (2028 तक): एफवाय24 के आंकड़ों को तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखते हुए, मित्सु 1,000 करोड़ के राजस्व की ओर तेज़ी से बढ़ेगा, जो एक नए युग की शुरुआत करेगा जिसमें बेजोड़ वृद्धि और बाज़ार में नेतृत्व की संभावना होगी।

### हेल्थकेयर फर्नीचर में विस्तार

कंपनी अपने प्रसिद्ध फ़र्नास्त्रा ब्रांड के तहत अस्पताल फर्नीचर विभाग का महत्वपूर्ण विस्तार करेगी, जिसमें आधुनिक और डिजाइन-आधारित समाधान जोड़े जाएंगे, जो आधुनिक युग की जरूरतों को पूरा करेंगे।

**पैकेजिंग उत्पाद वर्ग में विस्तार-** कंपनी अपनी पैकेजिंग विभाग में महत्वपूर्ण विस्तार करेगी, जिसमें पैल्स, ब्लो मोल्डेड कंटेनर और विशेषीकृत कैप्स और क्लोज़र का विस्तार किया जाएगा।

## विकास के चार स्तंभ

**1.ऑपरेशनल उत्कृष्टता -** मित्सु अपने निर्माण प्रक्रियाओं को परिष्कृत करके, अपव्यय को कम करके, और गति और गुणवत्ता में सुधार करके एक ऐसा संचालन मॉडल तैयार कर रहा है जो दक्षता और निरंतरता दोनों को बढ़ावा देता है।

**2.डेटा-आधारित विपणन-** लक्षित और अभिनव अभियानों के माध्यम से अंतर्दृष्टियों का उपयोग करते हुए, कंपनी ग्राहकों के साथ जुड़ाव को सुदृढ़ करने और घरेलू और वैश्विक बाजारों में स्थायी ब्रांड वफादारी को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

**वैज्ञानिक नवाचार-** मजबूत अनुसंधान और विकास और सूक्ष्म बाजार विश्लेषण के साथ, मित्सु नए-नए उत्पादों को पेश करेगा जो स्वास्थ्य देखभाल की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करेंगे और स्पष्ट आर्थिक लाभ प्रदान करेंगे।

**समर्थित टीमें-** प्रमुख प्रतिभाओं में निवेश करते हुए और आपसी सहयोग और उत्तरदायित्व की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए, कंपनी एक ऐसी कार्यबल बना रही है जो तेज़ी से और मापनीय विकास के लिए तैयार है।

**फर्नास्ट्रा: हेल्थकेयर फर्नीचर में क्रांति -** फर्नास्ट्रा के तहत, मित्सु हेल्थकेयर फर्नीचर को न केवल दृष्टिगत रूप से आकर्षक बल्कि टिकाऊ और चिकित्सा उत्कृष्टता के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह विशेष विभाग कंपनी की निरंतर नवाचार की खोज और उभरते बाजारों में ठोस मूल्य प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मित्सु का साहसिक दृष्टिकोण सात मूल्यों पर आधारित है, जो इसके संचालन के हर पहलू को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कंपनी कर्मचारियों की भलाई को एक सहायक और विकास-उन्मुख संस्कृति के माध्यम से पोषित करती है और स्थिरता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता रखती है।

## वाहन ऐआई ने भोपाल के टॉप वाहन लीडर को भेंट की महिंद्रा थार

**भोपाल।** भारत वर्ष की रिक्रूटमेंट एजेंसियाँ को, विशेषकर छोटे शहरों और उभरते कस्बों में, कई अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ता हैं . सीमित संसाधन, प्रीमियम नौकरियों की मांग तक सीमित पहुँच, और बड़े शहरों में मौजूद बड़े प्लेयर्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा। ये बाधाएं एजेंसियों को ब्लू.कॉलर नियुक्तियों की विशाल संभावनाओं को तलाशने से रोकती हैं। वाहन ऐआई का ट्रांस्फोर्मेटिव वाहन लीडर्स प्लेटफ़ॉर्म (ङ्करु




प्लेटफ़ॉर्म) इस स्थिति को बदल रहा है। यह छोटे शहरों में स्थित रिक्रूटमेंट एजेंसियों के लिए जबरदस्त विकास और प्रभाव के अवसर खोल रहा है, जिससे वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। वाहन लीडर प्लेटफ़ॉर्म के अंतर्गत ङ्करुके साथ साझेदारी करने वाली रिक्रूटमेंट एजेंसियों ;जिन्हें वाहन लीडर्स कहा जाता है, ने बेहतरीन परिणामों का अनुभव किया है। उन्होंने अपने ग्राहक पोर्टफोलियो, क्षमता और भौगोलिक पहुंच में विस्तार कर रिवेन्य में 10 गुना तक की वृद्धि हासिल की है। इस प्लेटफ़ॉर्म के ऐआई सक्षम टूल्स से रिक्रूटर्स की उत्पादकता बढ़ती है, जिससे वे उच्च क्षमता वाले उम्मीदवारों की पहचान, ऑनबोर्डिंग ट्रैकिंग और इफेक्टिव कम्युनिकेशन प्रोसेस को बेहतर बना पाते हैं।

# ट्रूक पेश करते हैं अपनी गेमिंग सीरीज़ में बड्स क्रिस्टल डायनो

**रु 999 की स्पेशल लॉन्च कीमत पर उपलब्ध**

**● क्रिस्टल डायनो 21 अप्रैल से एमज़ॉन डॉट इन, फ्लिपकार्ट और ट्रूक डॉट इन पर उपलब्ध होगा ● उपभोक्ता सेल के दिन केवल दो घण्टे के लिए इसे रु 799 की विशेष कीमत पर खरीद सकते हैं, जिसके बाद इसकी कीमत रु.999 होगी**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आधुनिक टेक्नोलॉजी के लिए विख्यात भारत के सबसे तेज़ी से विकसित होते ऑडियो ब्राण्ड्स में से एक ट्रूक ने भारतीय मार्केट के लिए अपनी नई गेमिंग सीरीज़ के लॉन्च की घोषणा की है। बड्स क्रिस्टल डायनो स्लीक चार्जिंग केस, प्रीमियम लैदर फिनिश के साथ भव्य एवं टिकाउ है तथा स्टोरेज एवं चार्जिंग के लिए स्टाइलिश और व्यवहारिक भी है। नया बड्स क्रिस्टल डायनो 21 अप्रैल से एमज़ॉन डॉट इन, फ्लिपकार्ट और ट्रूक डॉट इन पर रु 1099 की कीमत पर खरीद के लिए उपलब्ध होगा।

हालंकि शुरूआती उपभोक्ता मात्र रु 799 की स्पेशल कीमत पर इसे खरीद सकते हैं, यह ऑफर मात्र 2 घण्टे के लिए वैलिड होगा, जिसके बाद इसकी कीमत रु 999 होगी।

तीन आकर्षक रंगों; रैवन ब्लैक, ओक ब्राउन एवं आर्कटिक ब्लू में उपलब्ध बड्स क्रिस्टल डायनो 'मेड इन इंडिया' की अभिव्यक्ति करता है, तथा अपनी शानदार गुणवत्ता के साथ स्थानीय टेक निर्माण को समर्थन प्रदान करता है।

लॉन्च के अवसर पर पंकज उपाध्याय, संस्थापक एवं सीईओ, ट्रूक ने कहा, ''गेमिंग उद्योग लगातार दो अंकों की सालाना दर से विकसित हो रहा है, इसके बावजूद देश के कई टियर 2 और टियर 3 शहरों में प्रीमियम गेमिंग गियर सुलभ नहीं हैं। अपनी नई पेशकश बड्स क्रिस्टल डायनो के साथ हम उच्च गुणवत्ता के बजट अनुकूल ऑडियो समाधान के माध्यम से इस कमी को दूर कर युवा गेमर्स की ज़रूरतों को पूरा करना चाहते हैं। एक ऑडियो ब्राण्ड के रूप में हम गेमर्स की बदलती ज़रूरतों को समझते हैं और उन्हें साउण्ड का ऐसा उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो लुक्स एवं दाम के साथ किसी तरह का समझौता किए बिना गेमप्ले का शानदार अनुभव प्रदान करे। हमें विश्वास है कि यह लॉन्च देश भर के गेमर्स की उम्मीदों पर खरा उतरेगा, उन्हें उचित कीमत पर बेहतरीन परफोर्मेन्स देगा।

## रीयलमी ने भारत में एआईओटी उपकरणों का विनिर्माण करने के लिए ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साझीदारी की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय युवाओं के बीच सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रीयलमी ने भारत के विनिर्माण पारितंत्र को मजबूत करने और सरकार की मेक इन इंडिया पहल में सहयोग करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत में अपनी अगली पीढ़ी के एआईओटी उत्पादों का विनिर्माण करने के लिए ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) के साथ साझीदारी की है। घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के अपने दीर्घकालीन विजन के तहत रीयलमी ने ईयरफोन, स्मार्टवाचेज़ और टैबलेट्स सहित अपने एआईओटी उत्पाद का संपूर्ण पोर्टफोलियो भारत में तैयार करने का लक्ष्य रखा है। इस साल की शुरुआत से रीयलमी बड्स टी200 सीरीज़, रीयलमी बड्स वायरेल सीरीज़ और रीयलमी बड्स एयर सीरीज़ जैसे उत्पाद स्थानीय उत्पादन लाइनों में तैयार होने लगेंगे। इसके समानांतर, रीयलमी पीसीबीए, बैटरियां, मैकेनिक्स, केबल्स और चार्जर जैसे ज्यादातर महत्वपूर्ण पुर्जे भारत के भीतर प्राप्त करने के प्रयास भी बढ़ा रही है। भारतीय उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतें पूरी करने के अलावा, रीयलमी भारत में बने एआईओटी उत्पादों को वैश्विक बाजारों को निर्यात करने की भी संभावना तलाश रही है ।

## सिग्निफाई ने हर गाँव रोशन सीएसआर प्रोजेक्ट के अंतर्गत बहराईच

**● उत्तर प्रदेश के 300 से अधिक वन्य गाँवों को रोशन किया**



**मुंबई, एजेंसी।** लाईटिंग के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख कंपनी, सिग्निफाई ने अपने हर गाँव रोशन सीएसआर प्रोजेक्ट के अंतर्गत मानव-वन्यजीव टकराव वाले वन्य क्षेत्रों की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से बहराईच में रोशनी की व्यवस्था की है। रोशनी की यह व्यवस्था स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार लाने तथा मानव वन्यजीवों का टकराव रोकने के लिए की गई है। इन एनर्जी एफिशिएंट लाईट्स के लग जाने के बाद गांव के लोग रात में भी आसानी से घूम सकते हैं, जिससे उनकी आजीविका बेहतर हुई है तथा खासकर शाम की कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा में भी सुधार हुआ है। समुदायों को सस्टेनेबल लाइटिंग समाधान प्रदान करके इस अभियान ने एक उज्ज्वल भविष्य का रास्ता तैयार किया है, जो उत्तर प्रदेश के मध्य स्थित इस ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षा, अवसर, और प्रगति लेकर आएगा। यह प्रोजेक्ट एनजीओ, फिनिश सोसायटी के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसके तहत 300 वन्य गाँवों में 5000 से अधिक उच्च क्वालिटी की एलईडी और सोलर स्ट्रीट लाईट्स लगाई जा रही हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में कतरनियाघाट वन्यजीव मंडल, बहराईच के डिवीज़नल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) ] श्री बी. शिव शंकर मौजूद थे। इसके अलावा, कार्यक्रम में वन और वन्यजीव संरक्षण पर बने नारों के साथ एक कैलेंडर भी लॉन्च किया गया।

# फोनपे सर्कल के साथ लाइव हुआ

**यूज़र को पेमेंट सर्कल बनाने और भरोसेमंद कॉन्टैक्ट के लिए ट्रांजेक्शन को ऑथराइज करने में सक्षम बनाता है**

**मुंबई, एजेंसी।** फोनपे ने अपने ऐप पर सर्कल लांच करने की घोषणा की है, जिससे इसके यूजर एक सर्कल बना सकेंगे और अपने परिवार, मित्रों या भरोसेमंद कॉन्टैक्ट की ओर से पेमेंट कर सकेंगे। सर्कल यूजर किसी लिंक्ड बैंक अकाउंट के बिना अपना आईडी बना सकते हैं, जिससे डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच वाले लोगों के लिए एक सुरक्षित ऑनलाइन पेमेंट समाधान उपलब्ध हो जाता है। फोनपे पर सर्कल के साथ, खाताधारक (प्राइमरी यूजर), आईडी या त्तक्रकोड का उपयोग करके अपने परिवार/भरोसेमंद व्यक्तियों (सेकेंडरी यूजर) को अपने सर्कल में जोड़ सकते हैं और कहीं से भी उनके लिए पेमेंट को आसानी से ऑथराइज कर सकते हैं। प्राइमरी यूजर के पास इस सर्कल के उपयोग का पूरा नियंत्रण होता है, जिसमें पेमेंट अनुरोधों को रिव्यु करना, सेकेंडरी यूजर के खर्चों पर नज़र रखना, प्रत्येक सर्कल में पूरी पेमेंट डिटेल्स रिकॉर्ड तक सुरक्षित एक्सेस प्राप्त करना और जरुरत के अनुसार अपने सर्कल से एक्सेस को डीलिंक करना भी शामिल है। इस फीचर के सिक्योरिटी प्रोटोकॉल और फोनपे ऐप में आसान इंटीग्रेशन, सभी यूजर के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और बेहतर पेमेंट अनुभव सुनिश्चित करता है, जिससे अंत में फोनपे यूजर और उनके भरोसेमंद




कनेक्शनों के लिए रोजमर्रा के ट्रांजेक्शन आसान हो जाते हैं। फीचर के लॉन्च पर बोलते हुए, फोनपे के कंज्यूमर पेमेंट की चीफ बिज़नेस ऑफिसर, सोनिका चंद्रा जी का कहना हैं, कि सर्कल उन लोगों के लिए डिजिटल पेमेंट की आसानी और सुविधा को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिनके पास बैंकिंग की सुविधाएँ कम है और जो इस डिजिटल पेमेंट जगत में नए हैं। यह फीचर तब काम आता है जब कोई माता-पता कॉलेज में पढ़ रहे अपने बच्चों को पैसे भेजते हैं, जब कोई बुजुर्ग माता-पिता के लिए पेमेंट अप्रूव करता है, या कोई बिज़ी व्यक्ति अपने घर के काम दूसरों को सौंपना चाहता है।

# एनएसडीसी इंटरनेशनल ने जर्मनी के साथ अपनी कौशल विकास साझेदारी को बनाया मजबूत

**नई दिल्ली/ हैम्बर्ग, एजेंसी।** एनएसडीसी इंटरनेशनल के प्रतिनिधियों ने जर्मनी का दौरा किया और विभिन्न हितधारकों के साथ सामरिक एवं सीमापार कौशल साझेदारियों पर विचार-विमर्श किया, ताकि विश्वस्तरीय कार्यबल को उद्योग जगत की बदलती ज़रूरतों के अनुसार प्रासंगिक एवं भविष्य के अनुकूल क्षमताओं के साथ सशक्त बनाया जा सके।

प्रतिनिधियों ने हैम्बर्ग, जर्मनी में आयोजित प्रतिष्ठित ओएवी सम्मेलन में भी हिस्सा लिया, जहां भारत, श्रीलंका, भूटान, मलेशिया, इंडोनेशिया सहित विभिन्न देशों से 100 प्रतिनिधि एक मंच पर इकट्ठा हुए। इन प्रतिनिधियों ने कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार एवं विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किए।

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी एनएसडीसी इंटरनेशनल ने तेज़ी से विकसित होते उद्योगों और दुनिया भर के जॉब मार्केट्स की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए नए दौर के कौशल को बढ़ावा देने के महत्व पर ज़ोर दिया। उच्च स्तरीय पैनल चर्चा के दौरान एनएसडीसी ने उद्योग जगत की ज़रूरतों



तथा एशिया के शिक्षा प्रदाताओं के बीच मौजूद अंतर को दूर करने पर रोशनी डाली। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यबल के विकास में विशेष रूप से जर्मनी की लीडरशिप पर ज़ोर दिया गया। साथ ही तेज़ी से विकसित होते उद्योग जगत में युवाओं को भविष्य के अनुसार सशक्त बनाने के लिए सामरिक एवं सीमा-पार कौशल साझेदारियों की आवश्यकता पर रोशनी डाली गई।

एनएसडीसी इंटरनेशनल के सीईओ श्री आलोक कुमार ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा, ''हम विश्वस्तरीय कार्यबल की बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में कार्यरत हैं, इसी के मद्देनज़र एनएसडीसी इंटरनेशनल कौशल की खामियों को दूर करने और युवाओं को रोज़गार में सक्षम बनाने के लिए साझेदारियों को बढ़ावा दे रहा है। जर्मन उद्योगों के साथ साझेदारियां हमारी इसी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती हैं, जिसके द्वारा हम कार्यबल की कमी को दूर कर भारतीय युवाओं को विश्वस्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सक्षम बनाना चाहते हैं।

उद्योग जगत की ज़रूरतों के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान कर हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे युवा विश्वस्तरीय जॉब मार्केट के अनुसार अपने आप को आसानी से ढाल सकें। इसी दृष्टिकोण के साथ हमारी यह साझेदारी आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाकर स्थायी विकास को बढ़ावा देगी तथा दूरदर्शी साबित होगी।'' एनएसडीसी इंटरनेशनल भारतीय उम्मीदवारों को इंटरनेशनल करियर के लिए तैयार कर ग्लोबल मोबिलिटी में सक्षम बनाता है। इसके लिए हम युवाओं को जर्मन एवं अन्य विदेशी भाषाओं में व्यापक प्रशिक्षण, डोमेन-विशिष्ट कौशल एवं सांस्कृतिक ओरिएंटेशन प्रदान करते हैं। ये प्रोग्राम इस तरह से डिज़ाइन किए गए हैं कि उम्मीदवार न सिर्फ पेशेवर बल्कि सामाजिक रूप से भी सक्षम बनें, वे आत्मविश्वास के साथ दूसरे देश के माहौल में अपने आप को ढाल सकें।

# भरोसे और सुरक्षा के प्रतीक गोदरेज के बीआईएस और आईएसओ प्रमाणित सेफ़्स

**विश्वसनीयता, तकनीक और मानकों का समन्वय , एक सुरक्षित और जागरूक बाज़ार की ओर बढ़ता कदम**

**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिज़नेस उपभोक्ताओं को प्रमाणित और अत्याधुनिक सुरक्षा समाधान उपलब्ध कराते हुए उन्हें सशक्त बना रहा है। बदलते समय में जहां सुरक्षा की ज़रूरतें तेजी से विकसित हो रही हैं, वहीं उपभोक्ताओं का भरोसा और उत्पादों की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) और आईएसओ जैसे सख्त गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरते हुए, गोदरेज उद्योग जगत में उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और भरोसेमंद सुरक्षा उपकरणों की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रमाणित सुरक्षा उत्पाद न सिर्फ उपभोक्ता की रक्षा करते हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास के साथ निर्णय लेने की सुविधा भी देते हैं।

गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिज़नेस के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं व्यवसाय प्रमुख, श्री पुष्कर गोखले ने उपभोक्ता संरक्षण में प्रमाणन की भूमिका पर जोर देते हुए कहा, वर्तमान समय में, जब सुरक्षा को लेकर चुनौतियां बढ़ रही हैं, यह आवश्यक हो गया है कि उपभोक्ताओं को केवल प्रमाणित, भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाले समाधान ही मिलें। बीआईएस और आईएसओ जैसे प्रमाणपत्र इस दिशा में हमारी गुणवत्ता और पारदर्शिता की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करते हैं। उन्होंने कहा, सरकार द्वारा लागू क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर जिसके तहत केवल प्रमाणित सेफ्स की बिक्री की अनुमति है, एक अत्यंत सराहनीय पहल है।

## अनूठे अनुभव की संभावना तलाश रहे भारतीय यात्री- अमेरिकन एक्सप्रेस 2025 ग्लोबल ट्रैवेल ट्रेंड्स रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकन एक्सप्रेस ने 2025 ग्लोबल ट्रैवेल ट्रेंड्स रिपोर्ट जारी की है जिसमें यह खुलासा हुआ है कि भारतीय यात्री किस तरह से सोच समझकर यात्रा की योजना बना रहे हैं। इसमें स्थानीय और हाथ से बने सामानों की खरीदारी से लेकर लग्जरी वस्तुओं की खरीद के लिए विशेष यात्रा की तैयारी या कंसर्ट्स एवं खेल आयोजनों में शामिल होने की योजना शामिल है। इस रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि भारतीय यात्री 2025 में अनूठे अनुभवों को प्राथमिकता दे रहे हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प इंडिया के सीईओ और कंट्री मैनेजर संजय खन्ना ने कहा, भारतीय पहले से कहीं अधिक जागरूक हैं और अपनी यात्रा के दौरान समग्र अनुभव चाहते हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस में हम हमारे कार्डधारकों की पसंद समझते हैं और यात्रा, खानपान, खरीदारी और मनोरंजन, उनकी यात्रा के प्रत्येक पहलू को ध्यान में रखकर उन्हें लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस 2025 ग्लोबल ट्रैवेल ट्रेंड्स रिपोर्ट में प्रमुख रुख इस प्रकार हैं- भारतीय यात्री अनूठे अनुभवों और खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं 92 प्रतिशत भारतीय यात्रा के दौरान अपनी तरह की अनूठी यादगार वस्तु खरीदना चाहते हैं । 84 प्रतिशत भारतीयों का कहना है कि नए स्थान पर जाते समय स्थानीय छोटे दुकानदारों का सहयोग करना उनके लिए महत्वपूर्ण है। 81 प्रतिशत भारतीय अपनी अगली यात्रा पर उच्च गुणवत्ता की स्थानीय वस्तुएं जैसे कॉफी बीन्स, पर्सियन रग्स, इटैलियन लेदर आदि खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## बाणगंगा पेपर मिल्स को एमपीसीबी से मिला नवीकृत पर्यावरण प्रमाणपत्र!

**नासिक, एजेंसी।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीएसई - 512025), (पूर्व में इनर्शिया स्टील लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध), जो कि उच्च गुणवत्ता वाले क्राफ्ट पेपर के प्रमुख निर्माता और आपूर्तिकर्ता हैं, को उनकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बाणगंगा पेपर मिल्स के माध्यम से महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से नवीकृत पर्यावरण स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणपत्र कंपनी की क्राफ्ट पेपर यूनिट को 31 मार्च 2029 तक संचालित करने की अनुमति देता है। यह नवीनीकरण यह सुनिश्चित करता है कि कंपनी जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत आवश्यक नियमों का पूरी तरह पालन कर रही है। इस मान्यता के माध्यम से कंपनी ने एक बार फिर अपने पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और सतत उत्पादन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दर्शाया है।

**आरडीएफ (रिफ्यूज़-डेराइव्ड फ्यूल):** यह संयंत्र आरडीएफ का उपयोग करता है – एक वैकल्पिक ईंधन जो गैर-रिसायकल कचरे से तैयार किया जाता है – अपने 12 टीपीएच बॉयलर में, कोयले और कृषि अपशिष्ट के साथ मिलाकर। इस नवाचारपूर्ण कदम से पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता घटती है और साथ ही कचरे का प्रबंधन भी प्रभावी ढंग से होता है। परिणामस्वरूप, उत्सर्जन में कमी आती है और ऊर्जा दक्षता में सुधार होता है। यह न सिर्फ एक पर्यावरण हितैषी पहल है, बल्कि कचरे को ऊर्जा में बदलने की दिशा में एक स्मार्ट समाधान भी है।

जल संरक्षण की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाते हुए बाणगंगा पेपर मिल्स ने एक अत्याधुनिक एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया है, जो औद्योगिक अपशिष्ट जल को पूरी तरह से शुद्ध करने में सक्षम है। इस प्रक्रिया में उपचारित जल को पूरी तरह से उत्पादन प्रक्रिया में दोबारा उपयोग में लाया जाता है, जिससे फैक्ट्री परिसर के बाहर एक बूंद भी अपशिष्ट जल नहीं छोड़ा जाता। यह सख्त जल पुनर्चक्रण प्रणाली न केवल पानी की बचत करती है, बल्कि जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों में पर्यावरण की रक्षा में भी अहम भूमिका निभाती है।

### आईपीएल 2025

## मयंक यादव ने की लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि तेज गेंदबाज मयंक यादव टीम में वापसी कर चुके हैं। उम्मीद है कि वह शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच में खेलते नजर आएंगे। एलएसजी ने मयंक की वापसी की जानकारी एक खास वीडियो के जरिए अपने सोशल मीडिया पर दी, और कैप्शन में लिखा – मयंक यादव लौट आए हैं। मयंक को पीठ में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वह बाहर थे। इस सीजन की शुरुआत में उनकी वापसी लगभग तय थी, लेकिन अचानक पैर की उंगली में उन्हें फिर से चोट लग गई। इस चोट में इंफेक्शन हो गया और उनकी वापसी और टल गई। मयंक पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर टीम इंडिया में शामिल हुए थे। इसके बाद वह पूरे घरेलू सीजन से बाहर रहे और बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में इलाज और ट्रेनिंग करते रहे। एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर पहले ही मयंक की वापसी को लेकर उत्साहित थे। उन्होंने कहा था, मयंक अब दौड़ने और गेंदबाजी करने लगे हैं, जो कि भारतीय क्रिकेट और आईपीएल दोनों के लिए बहुत अच्छी बात है। मैंने एनसीए में उनकी गेंदबाजी का वीडियो देखा, जिसमें वह लगभग 90 से 95 प्रतिशत फिट नजर आ रहे थे। पिछले सीजन में मयंक ने अपनी तेज रफ्तार और विकेट लेने की क्षमता से सबको चौंका दिया था। वह लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटा से तेज गेंद फेंक रहे थे। उन्होंने एलएसजी के लिए सिर्फ चार मैच खेले थे, लेकिन फिर भी उन्हें बड़े खिलाड़ियों के साथ रिटेन किया गया था। एलएसजी की गेंदबाजी इस सीजन की शुरुआत से ही कई चोटों की वजह से कमजोर रही है। मयंक, मोहसिन खान, आवेश खान और आकाशदीप सभी शुरू में चोटिल थे। ऐसे में टीम ने अनुभवी शार्दुल ठाकुर को शामिल किया, जो टीम के लिए फायदेमंद साबित हुए। बाद में आवेश और आकाश दीप भी टीम से जुड़ गए और उन्होंने क्रमश पांच और तीन मैच खेले। इन मुश्किल हालात के बावजूद एलएसजी ने अब तक सात में से चार मैच जीतकर अंक तालिका में पांचवां स्थान बना रखा है। उनका अगला मुकाबला शनिवार को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स से होगा।

## लॉस एंजिलिस ओलंपिक में इस स्थान पर खेले जाएंगे क्रिकेट के मैच, आईसीसी ने कर दिया एलान



**दुबई, एजेंसी।** क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन पोमोना के फेयरग्राउंड में होगा। यह शहर ओलंपिक खेलों के मुख्य शहर लॉस एंजिल्स से 48 किलोमीटर दूर है। क्रिकेट 128 साल के अंतराल के बाद 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में वापसी करेगा। इसको लेकर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। इसी कड़ी में आईसीसी ने एक बड़ा एलान किया है। लॉस एंजिलिस ओलंपिक के दौरान जिस स्थान पर मुकाबले खेले जाएंगे, आईसीसी ने उसका एलान कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात को यह घोषणा की कि दक्षिण कैलिफोर्निया का पोमोना शहर ओलंपिक खेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

## 46 साल की उम्र में पिता बने जहीर खान, पत्नी सागरिका ने बेटे को दिया जन्म, साझा की पहली तस्वीर



**मुंबई, एजेंसी।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और उनकी पत्नी सागरिका घटगे ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। दोनों ने बेटे का नाम फतेहसिंह खान रखा है। दंपति ने बुधवार को एक संयुक्त पोस्ट साझा किया और इसकी पुष्टि की। इस कपल ने जो तस्वीरें साझा की हैं उसमें जहीर खान को बेटे को गोद में उठाए हुए देखा जा सकता है, जबकि सागरिका जहीर के कंधों पर हाथ रखी हुई हैं। एक और फोटो में जहीर बेटे का हाथ थामे हुए देखे जा सकते हैं। ग्रे-स्केल तस्वीर को साझा करते हुए इस कपल ने लिखा, आपके प्यार, कृतज्ञता और ऊपर वाले के आशीर्वाद से हम अपने बेटे फतेहसिंह खान का इस दुनिया में स्वागत करते हैं। इसके बाद यह पोस्ट बधाई संदेशों से भर गया। अंगद बेदी ने लिखा, वाहेगुरु। हरभजन सिंह ने लिखा, आप दोनों को बधाई। वाहेगुरु मेहर करे। प्रज्ञा कपूर ने लिखा, बधाई हो। वहीं, सारा तेंदुलकर ने लिखा, सबसे अच्छी खबर।

### जानसेन ने जाल बिछाया, चहल ने चली चाल, खेल कर गए अर्शदीप...

# ऐसे लिखी गई पंजाब की महाविजय की पटकथा

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** महाराजा यादविन्द्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मौका था आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के मैच नंबर 31 का. आमने-सामने थीं पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइटराइडर्स. क्या गजब का रोमांच देखने को मिला, गेंदबाज इस मुकाबले में पूरी तरह हावी रहे. इस मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 111 रनों पर ऑलआउट हो गई. यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि पंजाब की टीम अपने कोटे के 20 ओवर्स भी नहीं खेल पाई और 15.3 ओवर्स में पवेलियन लौट गई. इस स्कोर के बाद लग रहा था कि कोलकाता की टीम इस मुकाबले को बेहद आसानी से जीत लेगी. लेकिन फिर जो कुछ इस मुकाबले में देखने को मिला, वह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया. क्योंकि पंजाब की टीम आईपीएल इतिहास में वो टीम बन गई, जिसने इतना कम स्कोर डिफेंड किया. अब आपको बताते हैं कि कैसे पंजाब की गेंदबाजी यूनिट कोलकाता नाइटराइडर्स पर टूट पड़ी.



### जानसेन ने जाल बिछाया

इस मुकाबले में पंजाब के लंबे कद के साउथ अफ्रीकी गेंदबाज मार्को जानसेन ने अपनी टीम को सबसे सफलता दिलाई. जानसेन ने ओपनिंग ओवर किया और इसकी आखिरी गेंद पर सुनील नरेन (5) को चलता कर दिया. जो पंजाब किंग्स की मुकाबले में सबसे बड़ी सफलता रही. फिर टीम को दूसरी सफलता आईपीएल डेब्यू कर रहे जेवियर बैरेट ने दिलाई. बैरेट ने डिकॉक (2)को आउट किया. चहल के इस मारक स्पेल के बीच वेंकटेश अय्यर को ग्लेन मैक्सवेल ने 7 रनों पर आउट किया था. जो कोलकाता के लिए पांचवां झटका रहा. अय्यर के आउट होने पर कोलकाता की टीम का स्कोर 74/5 हो गया.

इसके बाद चहल का जादू एक बार फिर चला. चहल ने 12वें ओवर की तीसरी और चौथी गेंद पर क्रमशः रिंकू सिंह (2) को स्टम्प आउट करवाकर और रमनदीप (0) को कैच आउट करवाकर मैच पंजाब की ओर मोड़ दिया. रमनदीप तो पहली ही गेंद पर आउट हुए. रमनदीप के आउट होते ही कोलकाता का स्कोर 76/7 हो गया.

### चहल के बाद जानसेन और अर्शदीप ने किया अंत में खेला

76 रन पर सात विकेट गंवाकर सारी उम्मीदें कोलकाता की टीम की आंद्रे रसेल और राणा पर आ टिकी थीं. लेकिन 13वां ओवर लेकर आए जानसेन ने हर्षित राणा को बोल्ड कर कोलकाता को आठवां झटका दिया. इस तरह कोलकाता की टीम बैठफुट पर आ गई. इससे ठीक अगले 14वें ओवर में आंद्रे रसेल ने चहल को कूटकर रख दिया. यह चहल का स्पेल का आखिरी ओवर था जहां, 16 रन आए. लेकिन फिर आया अर्शदीप का वो मैजिकल ओवर (15वां) जहां वैभव अरोड़ा आखिरी गेंद पर विकेटकीपर जोस इंग्लिश के हाथों कैच आउट हो गए. खास बात यह रही कि यह ओवर मेडन रहा. इसके बाद मार्को जानसेन ने 15वें ओवर की पहली ही गेंद पर रसेल को आउट कर कोलकाता के जबड़े से जीत छीन ली.

## पंजाब के खिलाफ हार के लिए मैं जिम्मेदार: रहाणे



**मुल्लांपुर, एजेंसी।** रहाणे के आउट होते ही केकेआर की पारी लड़खड़ा गई और टीम ने आखिरी आठ विकेट 33 रन के अंदर गंवा दिए। रहाणे ने खराब बल्लेबाजी पर भी हार का ठीकरा फोड़ा। वहीं, पोंटिंग ने इसे अपनी कोचिंग में हासिल की अब तक सबसे बेहतरीन जीत बताया है।

आईपीएल 2025 में मंगलवार को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 16 रन से हरा दिया। इस लो स्कोरिंग मैच में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.3 ओवर में 111 रन बनाए थे। जवाब में कोलकाता की टीम 15.1 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। केकेआर की हार के बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे ने हार की जिम्मेदारी खुद पर ली है। वहीं, पंजाब के कोच रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि इस मुकाबले से पहले युजवेंद्र चहल को फिटनेस टेस्ट से गुजरना पड़ा था। उन्हें चोट लगी थी, लेकिन इसके बावजूद वह खेले। चहल प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। उन्होंने चार विकेट झटके। पंजाब ने आईपीएल में सबसे छोटे लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

**कप्तान रहाणे ने ली हार की जिम्मेदारी:** रहाणे ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उनकी टीम ने बहुत खराब बल्लेबाजी की। उन्होंने मैच के बाद प्रसारकों से कहा, मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं, मैंने गलत शॉट खेला था। रहाणे युजवेंद्र चहल की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू हुए, लेकिन मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ रिव्यू नहीं लेने का उनका फैसला महंगा साबित हुआ। रिप्ले में गेंद ऑफ स्टंप से बाहर निकलती दिख रही थी। रहाणे ने कहा कि वह पूरी तरह पक्का नहीं थे कि गेंद विकेट के बाहर निकलेगी। उन्होंने कहा, वह गेंद विकेट को मिस करती, लेकिन सब कुछ वहीं से शुरू हुआ। उस समय कोई जोखिम नहीं लेना चाहता था।



### आईपीएल 2025:

## धनश्री से तलाक के बाद पहली बार प्लेयर ऑफ द मैच बने युजवेंद्र चहल

- तोड़ा लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड
- प्रीति जिंटा ने दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 31वें मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम 15.3 ओवर में 111 रन पर सिमट गई और इसके बाद ऐसा लगा कि केकेआर इस मैच को आसानी से जीत लेगी। हालांकि ऐसा नहीं हो पाया और 112 रन के टारगेट का पीछा करते हुए अजिंक्य रहाणे की टीम 95 रन पर ऑलआउट हो गई और पंजाब को 16 रन से जीत मिली। पंजाब की इस जीत में श्रेयस अय्यर के गेंदबाजों का योगदान रहा जिन्होंने 111 रन के स्कोर को डिफेंड कर लिया। पंजाब के सभी गेंदबाजों ने इस मैच में विकेट लिया, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभावी युजवेंद्र चहल रहे जिन्होंने अपनी टीम के लिए बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा विकेट लिए। चहल लंबे समय के बाद लय में नजर आए जिसके लिए वो जाने जाते हैं। वहीं धनश्री से तलाक के बाद वो पहली बार प्लेयर ऑफ द मैच बने। मैच खत्म होने की टीम की ऑनर प्रीति जिंटा ने उन्हें बधाई दी।

### तलाक के बाद पहली बार चहल बने प्लेयर ऑफ द मैच

युजवेंद्र का तलाक धनश्री के साथ आईपीएल 2025 के ठीक पहले हुआ था। इसके बाद पंजाब के लिए इस सीजन में खेले पहले 5 मैचों में उनकी गेंदबाजी में वो धार नजर नहीं आई, लेकिन कोलकाता के खिलाफ चहल अपने पुराने अंदाज में चहकते दिखे जिसके लिए वो जाने जाते हैं और उनकी धारदार गेंदबाजी के दम पर प्लेयर ऑफ द मैच बने।

युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन

केकेआर के खिलाफ चहल ने 4 ओवर में 28 रन देकर 4 विकेट लिए और उन्होंने इस दौरान कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह को अपना शिकार बनाया। चहल ने इन चार विकेट के दम पर केकेआर को पूरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया। चहल के अलावा पंजाब के लिए इस मैच में मार्को यानसेन ने 3 विकेट जबकि जेवियर बार्टलेट, अर्शदीप सिंह और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-एक विकेट लिए।

### लसिथ मलिंगा से आगे निकले चहल

चहल ने केकेआर के खिलाफ 4 विकेट झटके और वो आईपीएल में सबसे ज्यादा 4 विकेट हॉल लेने वाले बॉलर बन गए। चहल ने लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने ये कमाल 7 बार किया था। चहल अब पहले नंबर पर सुनील नरेन के साथ आ गए जिन्होंने ऐसा इस लीग में 8 बार किया है।

### गोल्फ सनसनी रॉरी मैकइलरॉय

## माता-पिता के अथक प्रयास और समर्पण से बना विश्व विजेता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी आयरलैंड के गोल्फ सनसनी रॉरी मैकइलरॉय ने 89वां मास्टर्स टूर्नामेंट जीतकर आखिरकार अपना करियर ग्रैंड स्लैम पूरा कर लिया। उन्होंने प्लेऑफ में इंग्लैंड के जस्टिन रोज को हराकर ये शानदार जीत अपने नाम की। लेकिन इस सफलता के पीछे संघर्षों की कहानी जुड़ी है जिसमें मैकइलरॉय को सफल बनाने में उनके माता-पिता के अथक प्रयास और समर्पण शामिल है।



**पिता सप्ताह में 100 घंटे काम करते थे, मां नाइट शिफ्ट करती थी:** मैकइलरॉय के गोल्फिंग सपनों को पूरा करने के लिए उनके माता-पिता रोजी और गेरी ने कड़ी महनत की है। रोजी और गेरी सप्ताह में 100 घंटे काम करते थे ताकि बेटे को गोल्फर बना सकें। मैकइलरॉय के पिता स्थानीय खेल क्लब में शौचालय और स्नानागार साफ करने से लेकर हॉलीवुड गोल्फ क्लब में बारटेंडर के रूप में काम करते थे। उनकी मां रोजी दिन में बेटे की देखभाल के बाद रात में 3एम फैक्ट्री में काम करती थी।

**गोल्फ में कैसे जागा इंट्रस्ट:** 4 मई 1989 को उत्तरी आयरलैंड के काउंटी डाउन के हॉलीवुड में जन्में मैकइलरॉय का गोल्फ में रुझान उनके पिता गेरी की वजह से पैदा हुआ जो खुद भी एक गोल्फर थे। मैकइलरॉय 3 साल की उम्र में प्लास्टिक क्लब्स के लिए खेलते थे और वह 37 यार्ड ड्राइव के साथ पहली बार चर्चा में आए थे। इसके बाद मकलरॉय का रुझान गोल्फ में पैदा हुआ और उन्होंने इस क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सोचा और इस सपने को पूरा किया।

**पेशेवर गोल्फर बनने के बाद माता-पिता के लिए खरीदा घर:** मैकइलरॉय के पेशेवर गोल्फर बनने के बाद उन्होंने अपने माता-पिता के लिए 2009 में एक घर खरीदा और कहा, मेरे माता-पिता ने मेरे लिए जो कुछ किया है, उसका मोल कभी नहीं चुका सकता, लेकिन कम से कम वे जानते हैं कि उन्हें कभी भी एक और दिन काम नहीं करना पड़ेगा। मैं उनकी देखभाल के लिए कुछ भी करूंगा।

**मैकइलरॉय की उपलब्धियां :** वह आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग में पूर्व विश्व नंबर एक हैं और अपने करियर के दौरान उस पद पर 100 से अधिक सप्ताह बिता चुके हैं।

वह पांच बार के प्रमुख चैंपियन हैं जिन्होंने 2011 यू.एस. ओपन, 2012 और 2014 पीजीए चैम्पियनशिप, 2014 ओपन चैम्पियनशिप और 2025 मास्टर्स टूर्नामेंट जीता है।

वह आधुनिक करियर ग्रैंड स्लैम हासिल करने वाले छह पुरुष गोल्फरों में से एक और ऐसा करने वाले एकमात्र यूरोपीय हैं। वह 2007 में 17 साल की उम्र में वर्ल्ड एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे थे। उन्होंने 2009 में यूरोपीय दौरे पर और 2010 में पीजीए दौरे पर अपनी पहली जीत हासिल की।

## सुनील नारायण और एनरिक नॉर्टजे का बल्ला जांच में नहीं हुआ पास

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मुकाबले में सुनील नारायण और एनरिक नाटर्जे का बल्ला जांच में फेल रहा। आईपीएल के 31वें मुकाबले में मंगलवार को रिजर्व अंपायर सैय्यद खालिद ने कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी शुरु होने पर सलामी बल्लेबाज नारायण का बल्ला जांचा गया। जांच के दौरान बल्ले की चौड़ाई को एक गेज के बीच से गुजारा गया। उनका बल्ला सबसे मोटा हिस्सा गेज को पार करने में विफल रहा। इस दौरान खालिद ने नारायण के साथ खड़ा रघुवंशी का बल्ला भी गौर से देखा। रघुवंशी का बल्ला इस जांच में पास रहा। पहली पारी के दौरान तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लेने वाले नारायण ने अपनी पारी में चार गेंदों में पांच रन बनाए। वहीं रघुवंशी केकेआर की ओर से 28 गेंदों में 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। केकेआर की ओर से नॉटर्जे अंतिम बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतरे लेकिन वह जिस बल्ले के साथ मैदान में उतरे थे उसे वापिस भेज दिया गया क्योंकि टीवी कॉमेंटेटर्स के अनुसार अंपायर्स मोहित कृष्णदास और साईदर्शन कुमार की जांच में उनका बल्ला फेल हो गया। यह घटना 16वें ओवर में हुई, इसके बाद सब्सिट्यूट रहमानउल्लाह गुरबाज नॉटर्जे के लिए अतिरिक्त बल्ले लेकर आएं। हालांकि वह इस बल्ले से एक भी गेंद नहीं खेल पाये स्ट्राइक पर खड़े आंद्रे रसल अगली ही गेंद पर बोल्ड आउट हो गए। उल्लेखनीय है कि नियमों के अनुसार किसी भी बल्ले की चौड़ाई 10.79 सेमी, मोटाई 6.7 सेमी, किनारे की चौड़ाई चार सेमी तथा लंबाई 96.4 सेमी से अधिक नहीं होनी चाहिए।



## चैंपियंस लीग: एस्टन विला से हारने के बावजूद पीएसजी सेमीफाइनल में पहुंचा

**बर्मिंघम, एजेंसी।** अचरफ हकीमी और नूनो मेंडेस के शुरुआती गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने एस्टन विला के खिलाफ कुल 5-4 के स्कोर से चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। हालांकि दूसरे चरण में पीएसजी को एस्टन विला से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। पहले चरण में पेरिस में 3-1 से हारने के बाद एस्टन विला ने वापसी की पूरी कोशिश की और शुरुआत में ही चार मिनट के अंदर दो कॉर्नर हासिल किए। लेकिन खेल खुलने के कारण पीएसजी को तेजी से जवाब देने का मौका मिल गया और इसका पूरा फायदा उठाया। यूईएफए की रिपोर्ट के अनुसार, नूनो मेंडेस ने शानदार पास देकर ब्रैडली बारकोला को आगे बढ़ाया, जिनका क्रॉस गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने रोका, लेकिन गेंद वापस हकीमी के पास आ गई। हकीमी ने बिना गलती किए गेंद को गोल में डाल दिया। इसके बाद जियानलुइगी डोनारुम्मा ने पाउ टोरेस के स्ट्राइक को शानदार तरीके से रोका, फिर जब नूनो मेंडेस ने एक पोस्ट के माध्यम से एक और शानदार काउंटर अटैक पूरा किया, तो उन्होंने फिर से स्कोर किया। ब्रेक से 11 मिनट पहले, यूरी टाईलेमैंस का एक घूमता हुआ शॉट विलियम पाको के टच से गोल में चला गया। फिर कप्तान जॉन मैकगिन को एक डिफ्लेक्शन का फायदा मिला, जब उनका दूर से मारा गया शॉट डोनारुम्मा के ऊपर से गोल में चला गया।



कप्तान जॉन मैकगिन को एक डिफ्लेक्शन का फायदा मिला जब उनका दूर से मारा गया शॉट डोनारुम्मा के ऊपर से गोल में चला गया। उसके कुछ ही देर बाद, मार्कस रैशफोर्ड के पेनल्टी एरिया के किनारे से मारे गए शॉट के लिए भी डोनारुम्मा पूरे तरह से तैयार थे।

इटली के इस खिलाड़ी के लिए कुछ करना मुश्किल था जब रैशफोर्ड की शानदार चाल के बाद एजरी कोंसा ने विला के लिए तीसरा गोल दागा। इसके बाद टिएलमैन्स प्रीमियर लीग क्लब को कुल स्कोर में बराबरी पर ला सकते थे, लेकिन डोनारुम्मा ने एक शानदार बचाव करते हुए उनके जोरदार हेडर को रोक दिया। अंत के दस मिनटों में मार्को असेंसियो का शॉट भी डोनारूम्मा ने अपने पैरों से रोक लिया। आखिरी क्षणों में पाचो ने इयान मास्टन के गोल की तरफ जा रहे शॉट को रोककर टीम को बचा लिया।

आखिरकार लुईस एनरिक की टीम ने दबाव में धैर्य बनाए रखा और चैंपियंस लीग में विला के यादगार पहले प्रदर्शन को समाप्त कर दिया। मैच के बाद पीएसजी के कोच लुईस एनरिक ने कहा, मैं इस मैच को लंबे समय तक नहीं भूल पाऊंगा।

इस प्रतियोगिता में बहुत कुछ संभालना होता है और बाहर जाकर खेलना हमेशा मुश्किल होता है। हमने शुरुआत में ही दो गोल कर दिए, लेकिन फिर कुछ गलतियां की, जिनका खामियाजा भुगतना पड़ा। जब तीन मिनट में दो गोल खा जाते हैं, तो वापसी मुश्किल हो जाती है। लेकिन ऐसी परिस्थितियां हमें मजबूत बनाती हैं।

**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**

TANKUP
FUELLING YOUR GROWTH

# TANKUP ENGINEERS LIMITED

Our Company was originally incorporated as a Private Limited Company under the name "Tankup Engineers Private Limited" on November 03, 2020 under the provisions of the Companies Act, 2013 with the Registrar of Companies, Central Registration Centre with CIN: U74999UP2020PTC137401. Further, Fresh Certificate of Incorporation dated August 25, 2023 issued by the Registrar of Companies, Kanpur, consequent upon change in the object of the Company, bearing CIN: U29109UP2020PTC137401. Subsequently, our Company was converted into a Public Limited Company vide Special Resolution passed by the Shareholders at the Extraordinary General Meeting, held on April 23, 2024 and consequently the name of our Company was changed from "Tankup Engineers Private Limited" to "Tankup Engineers Limited" vide a fresh certificate of incorporation dated July 24, 2024, issued by the Assistant Registrar of Companies, Central Processing Centre bearing CIN: U29109UP2020PLC137401.

**Registered Office:** 1262, SA Goila, Chinhat, Lucknow-226019, Uttar Pradesh, India.
**Tel No:**+91-7800008707; **E-mail:** cs@tankup.co.in; **Website:** www.tankup.co.in; **CIN:** U29109UP2020PLC137401;
**Contact Person:** Rajat Srivastava, Company Secretary & Compliance Officer

## OUR PROMOTERS: GOVIND PRASAD LATH, GAURAV LATH, PANKHURI LATH, AND TANK-UP PETRO VENTURES LLP

## THE ISSUE

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 13,95,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF TANKUP ENGINEERS LIMITED ("OUR COMPANY" OR "THE ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [●] LAKHS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 70,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ [●] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION") AND UPTO 36,000 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ [●] LAKHS FOR SUBSCRIPTION BY ELIGIBLE EMPLOYEES (AS DEFINED HEREINAFTER) (THE "EMPLOYEE RESERVATION PORTION").**
**THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION AND EMPLOYEE RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 12,89,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹ [●] LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.35% AND 24.34% RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

***Subject to finalisation of basis of allotment.**
**DETAILS OF THE SELLING SHAREHOLDERS, OFFER FOR SALE AND WEIGHTED AVERAGE COST OF ACQUISITION - Not Applicable as the entire issue constitutes fresh issue of equity shares.**

## PRICE BAND: RS. 133 TO RS. 140 PER EQUITY SHARE OF FACE VALUE RS. 10/- EACH

**THE FLOOR PRICE IS 13.3 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES AND THE CAP PRICE IS 14.0 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES.**
**THE PRICE TO EARNING RATIO BASED ON DILUTED EPS FOR FY 2023-24 AT THE FLOOR PRICE IS 14.24 TIMES AND AT THE CAP PRICE IS 14.99 TIMES.**
**BIDS CAN BE MADE FOR A MINIMUM OF 1,000 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 1,000 EQUITY SHARES THEREAFTER.**

**BID/ISSUE PROGRAM**

**ANCHOR INVESTOR BIDDING DATE: TUESDAY, APRIL 22, 2025**
**BID/ISSUE OPENS ON: WEDNESDAY, APRIL 23, 2025**
**BID/ISSUE CLOSES ON: FRIDAY, APRIL 25, 2025**

## BRIEF DESCRIPTION OF THE BUSINESS OF THE COMPANY

We are engaged in the business of manufacturing specialised vehicle superstructure for complex mobility and storage solutions of various capacities. This involves manufacturing large containers or tank like solutions used for transporting/ storing various materials, which could include liquids, gases or solids, depending on customer product range. These tanks may be custom-built to meet specific client requirements regarding size, material, capacity, and features. We cater to a broad spectrum of end-use industries like: Petroleum, Mining, Infrastructure, Defence etc. Our manufacturing activity involves focus on fabrication of tanks dedicated to delivering mobile solutions that may be deployed for a wide range of commercial use.

**"THE ISSUE IS BEING MADE THROUGH BOOK BUILDING PROCESS IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS, 2018 AS AMENDED FROM TIME TO TIME (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NSE i.e. NSE EMERGE."**
**THE EQUITY SHARES OF THE COMPANY WILL GET LISTED ON SME PLATFORM OF NSE. FOR THE PURPOSE OF THE ISSUE, THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE WILL BE NSE.**

## ALLOCATION OF THE ISSUE

- **QIB PORTION:** NOT MORE THAN 50.00% OF THE NET ISSUE
- **RETAIL PORTION:** NOT LESS THAN 35.00% OF THE NET ISSUE
- **NON-INSTITUTIONAL PORTION:** NOT LESS THAN 15.00% OF THE NET ISSUE
- **MARKET MAKER PORTION:** UPTO 70,000 EQUITY SHARES OR 5.02% OF THE ISSUE
- **EMPLOYEE RESERVATION PORTION:** UPTO 36,000 EQUITY SHARES OR 2.58% OF THE ISSUE

**IN MAKING AN INVESTMENT DECISION, POTENTIAL INVESTORS MUST ONLY RELY ON THE INFORMATION INCLUDED IN THE RED HERRING PROSPECTUS AND THE TERMS OF THE ISSUE, INCLUDING THE RISKS INVOLVED AND NOT RELY ON ANY OTHER EXTERNAL SOURCES OF INFORMATION ABOUT THE ISSUE AVAILABLE IN ANY MANNER.**

In accordance with the recommendation of the Independent Directors of our Company, pursuant to their resolution dated April 16, 2025 the above provided price band is justified based on quantitative factors/ KPIs disclosed in the 'Basis for Issue Price' section beginning on page 86 of the Red Herring Prospectus vis-a-vis the weighted average cost of acquisition ("WACA") of primary and secondary transaction(s), as applicable, disclosed in "'Basis for Issue Price' section beginning on page 86 of the Red Herring Prospectus and provided below in the advertisement.

## RISKS TO INVESTORS

**1. Risk to investors summary description of key risk factors based on materiality:**

- Our business is dependent on the sale of our products to certain key customers. The loss of any of these customers or loss of revenue from sales to these customers could have a material adverse effect on our business, financial condition, results of operations and cash flows.
- We are subject to strict quality requirements, customer inspections and audits, and any failure to comply with quality standards may lead to cancellation of existing and future orders and could negatively impact our reputation and our business and results of operations and future prospects.
- We derive a significant portion of our revenue from the sale of our key product i.e. Refuellers. Any decline in the sales of our key product could have an adverse effect on our business, results of operations and financial condition.
- Our business is substantially dependent on our design and engineering teams to accurately carryout the estimates and engineering studies for potential orders. Any deviation during the execution of the order as compared to our estimates could have a material adverse effect on our cashflows, results of operations and financial condition.
- We may be subject to risks associated with product warranty.
- Our Company was incorporated on November 03, 2020, thus, we have limited operating history as a Company which may make it difficult for investors to evaluate our historical performance or future prospects.
- Our manufacturing activities require deployment of labour and depend on availability of labour. In case of unavailability of such labour, our business operations could be affected.
- We generate our major portion of turnover from our operations in certain geographical regions and any adverse developments affecting our operations in these regions could have an adverse impact on our revenue and results of operations.
- Any delay, interruption or reduction in the supply of raw materials to manufacture our products may adversely affect our business, results of operations, cash flows and financial condition.
- The restated financial statements have been provided by peer reviewed chartered accountants who is not statutory auditor of our Company.

**2. Details of suitable ratios of the company for the latest full financial year:**

| Particulars | CMP (₹) | Face Value (₹) | Basic EPS (₹) | PE Ratio (times) | RONW (%) | NAV per share (₹) | Total Income (in lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Tankup Engineers Limited | [●]^ | 10/- | 9.34 | [●]^ | 69.75 | 13.39 | 1954.06 |

There are no listed companies in India that are engaged in a business similar to that of our company.
*CMP of our Company is considered as Issue Price.
^to be included post finalisation of the Issue Price.

**3. Weighted average return on net worth for the last 3 FYs, and return on net worth for period ended November 30, 2024:**

**As per restated financial statements:**

| Sr. No | Period | RoNW (%) | Weights |
|---|---|---|---|
| 1 | Financial Year 2021-2022 | 23.44 | 1 |
| 2 | Financial Year 2022-2023 | 70.80 | 2 |
| 3 | Financial Year 2023-2024 | 69.75 | 3 |
| | Weighted Average | 62.38 | 6 |
| | November 30, 2024 | 15.35 | |

***Note:***
*i.The RoNW has been computed by dividing net profit after tax (excluding exceptional items) with restated Net worth as at the end of the year/ period*
*ii.Weighted average = Aggregate of year-wise weighted RoNW divided by the aggregate of weights i.e. (RoNW x Weight) for each year/ Total of weights.*

**4. Disclosures as per clause (9)(K)(4) of Part A to Schedule VI:**

a. The price per share of our Company based on the primary/ new issue of shares (equity / convertible securities)

Except as disclosed below, there has been no issuance of Equity Shares, other than Equity Shares issued pursuant to a bonus issue on August 07, 2024 during the 18 months preceding the date of this RHP, where such issuance is equal to or more than 5% of the fully diluted paid-up share capital of the Company (calculated based on the pre-issue capital before such transaction(s) and excluding employee stock options granted but not vested), in a single transaction or multiple transactions combined together over a span of 30 days.

| Date of Allotment | No. of equity shares allotted | Face value of shares | Issue price per equity share (₹) | Nature of Allotment | Nature of consideration | Total consideration (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| August 17, 2024 | 11,50,000 | 10/- | 13.40 | Rights Issue | Cash | 1,54,10,000 |

b. The price per share of our Company based on the secondary sale / acquisition of shares (equity shares)

There has been no secondary sale / acquisitions of Equity Shares, where the promoters, members of the promoter group or shareholder(s) having the right to nominate director(s) in the board of directors of the Company are a party to the transaction (excluding gifts), during the 18 months preceding the date of this certificate, where either acquisition or sale is equal to or more than 5% of the fully diluted paid up share capital of the Company (calculated based on the pre-issue capital before such transaction/s and excluding employee stock options granted but not vested), in a single transaction or multiple transactions combined together over a span of rolling 30 days.

c. Since there is eligible transaction reported under (a) above, the price per equity share of our Company based on last five primary and secondary transactions (secondary transactions where promoters, promoter group or shareholder(s) having the right to nominate director(s) on our Board, are a party to the transaction), not older than three years prior to the date of the Red Herring Prospectus irrespective of the size of transactions, has not been computed.

d. Weighted average cost of acquisition, floor price and cap price

| Types of transactions | Weighted average cost of acquisition (₹ per Equity Shares) | Floor price (i.e. ₹ 133) | Cap price (i.e. ₹ 140) |
|---|---|---|---|
| Weighted average cost of acquisition of primary / new issue as per paragraph 8(a) above. | 13.39 | 9.93 times | 10.46 times |
| Weighted average cost of acquisition for secondary sale / acquisition as per paragraph 8(b) above. | NA^ | NA^ | NA^ |
| Weighted average cost of acquisition for past 5 primary issuances/ secondary transaction as disclosed above | NA | NA | NA |

***Note:*** *^There were no secondary sales / acquisition of shares of shares (equity/ convertible securities) other than Shares transfer on in last 18 months from the date of this Red Herring Prospectus.*

Continued on next page

Continued from previous page

## ADDITIONAL INFORMATION FOR INVESTORS:

**Details of proposed/ undertaken pre-issue placements from the DRHP filing date:** Our Company has not undertaken any Pre-IPO Placements from the DRHP filing date.

**Transaction of shares aggregating up to 1% or more of the paid-up equity share capital of the Company by promoter(s) and promoter group(s) from the DRHP filing date:** Not applicable

**Shareholding of the Promoter/ Promoter Group and Additional Top 10 Shareholders of the Company:**

| Sr. No. | Name of Shareholders | Pre-Issue shareholding as at the date of Advertisement | | Post-Issue shareholding as at Allotment | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | At the lower end of the price band (₹ 133) | | At the upper end of the price band (₹ 140) | |
| | | Number of Equity Shares | Share Holding (in %) | Number of Equity Shares | Share holding (in %) | Number of Equity Shares | Share holding (in %) |
| | **Promoters** | | | | | | |
| 1. | Gaurav Lath | 11,50,550 | 29.50 | 11,50,550 | 21.73% | 11,50,550 | 21.73% |
| 2. | Pankhuri Lath | 110 | Negligible | 110 | Negligible | 110 | Negligible |
| 3. | Govind Prasad Lath | 110 | Negligible | 110 | Negligible | 110 | Negligible |
| 4. | Tank-Up Petro Ventures LLP | 27,48,900 | 70.48 | 27,48,900 | 51.92% | 27,48,900 | 51.92% |
| | **Sub Total (A)** | **38,99,670** | **99.99** | **38,99,670** | **73.65%** | **38,99,670** | **73.65%** |
| | **Promoter Group** | | | | | | |
| 5. | Rekha Lath | 110 | Negligible | 110 | Negligible | 110 | Negligible |
| 6. | Gaurav Lath HUF | 110 | Negligible | 110 | Negligible | 110 | Negligible |
| 7. | Govind Prasad Lath HUF | 110 | Negligible | 110 | Negligible | 110 | Negligible |
| | **Sub Total (B)** | **330** | **0.01** | **330** | Negligible | **330** | Negligible |
| | **Additional Top 10 Shareholders** | | | | | | |
| | Nil | | | | | | |

Notes:

1) The Promoter Group shareholders are Rekha Lath, Gaurav Lath HUF and Govind Prasad Lath HUF.

2) Assuming full subscription in the issue. The post-issue shareholding details as at allotment will be based on the actual subscription and the final issue price and updated in the prospectus, subject.to finalization of the basis of allotment. Also, this table assumes there is no transfer of shares by these shareholders between the date of the advertisement and allotment if any such transfers occur prior to the date of prospectus, it will be updated in the shareholding pattern in the prospectus).

# BASIS FOR ISSUE PRICE

The ***"Basis of the issue price"*** on page 86 of the Offer document has been updated with the above price band. Please refer to the website of the BRLM for the ***"Basis of the issue price"*** updated with the above price band. You can scan the QR code given on the first page of the advertisement for the chapter titled **"*Basis for the issue Price*"** on page 86 of the Red Hering Prospectus.

# INDICATIVE TIMELINE FOR THE ISSUE

Our Company may in consultation with the BRLM, consider participation by Anchor Investors in accordance with the SEBI ICDR Regulations.

| Sequence of Activities | Listing within T+3 days (T is Issue Closing Date i.e. Friday, April 25, 2025) |
|---|---|
| Application Submission by Investors | Electronic Applications (Online ASBA through 3-in-1 accounts) – Upto 5 pm on **Friday, April 25, 2025.**<br>Electronic Applications (Bank ASBA through Online channels like Internet Banking, Mobile Banking and Syndicate UPI ASBA etc.) – Upto 4 pm on **Friday, April 25, 2025.**<br>Electronic Applications (Syndicate Non-Retail, Non-Individual Applications) – Upto 3 pm on **Friday, April 25, 2025.** |
| | Physical Applications (Bank ASBA) – Upto 1 pm on **Friday, April 25, 2025.**<br>Physical Applications (Syndicate Non-Retail, Non-Individual Applications of QIBs and NIIs) – Upto 12 pm on **Friday, April 25, 2025** and Syndicate members shall transfer such applications to banks before 1 pm on **Friday, April 25, 2025.** |
| Bid Modification | From Issue opening date up to 5 pm on **Friday, April 25, 2025.** |
| Validation of bid details with depositories | From Issue opening date up to 5 pm on **Friday, April 25, 2025.** |
| Reconciliation of UPI mandate transactions<br>(Based on the guidelines issued by NPCI from time to time):<br>Among Stock Exchanges –Sponsor Banks – NPCI and NPCI – PSPs/TPAPs** – Issuer Banks;<br>Reporting formats of bid information, UPI analysis report and compliance timelines. | On daily basis<br>Merchant Bankers to submit to SEBI, sought as and when. |
| UPI Mandate acceptance time | **Friday, April 25, 2025**– 5 pm |
| Issue Closure T day | **Friday, April 25, 2025**– 4 pm for QIB and NII categories<br>**Friday, April 25, 2025**– 5 pm for Retail and other reserved categories |
| Issue Closure T day | **Friday, April 25, 2025**– 4 pm for QIB and NII categories<br>**Friday, April 25, 2025**– 5 pm for Retail and other reserved categories |
| Third party check on UPI applications | On daily basis and to be completed before 9:30 AM on **Monday, April 28, 2025.** |
| Third party check on Non-UPI applications | On daily basis and to be completed before 1 pm on **Monday, April 28, 2025.** |
| Submission of final certificates:<br>-For UPI from Sponsor Bank<br>-For Bank ASBA, from all SCSBs<br>-For syndicate ASBA UPI ASBA | Before 09:30 pm on **Friday, April 25, 2025.**<br>All SCSBs for Direct ASBA – Before 07:30 pm on **Friday, April 25, 2025**<br>Syndicate ASBA - Before 07:30 pm on **Friday, April 25, 2025** |
| Finalization of rejections and completion of basis | Before 6 pm on **Monday, April 28, 2025.** |
| Approval of basis by Stock Exchange | Before 9 pm on **Monday, April 28, 2025.** |
| Issuance of fund transfer instructions in separate files for debit and unblock.<br>For Bank ASBA and Online ASBA – To all SCSBs<br>For UPI ASBA – To Sponsor Bank | Initiation not later than 09:30 am on **Tuesday, April 29, 2025;**<br>Completion before 2 pm on T**uesday, April 29, 2025** for fund transfer;<br>Completion before 4 pm on **Tuesday, April 29, 2025** for unblocking. |
| Corporate action execution for credit of shares | Initiation before 2 pm on **Tuesday, April 29, 2025**<br>Completion before 6 pm on **Tuesday, April 29, 2025** |
| Filing of listing application with Stock Exchanges and issuance of trading notice | Before 7:30 pm on **Tuesday, April 29, 2025** |
| Publish allotment advertisement | On website of Issuer, Merchant Banker and RTI - before 9 pm on **Tuesday, April 29, 2025.**<br>In newspapers – On **Wednesday, April 30, 2025** day but not later than **Friday, May 02, 2025.** |
| Trading starts T+3 day | Trading starts **Wednesday, April 30, 2025** |

** PSPs/TPAPs=Payment Service Providers/Third party application providers

**CONTENTS OF THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AS REGARDS ITS OBJECTS:** For information on the main objects and other objects of our Company, see "***History and Corporate Structure***" on page 134 of the Red Herring Prospectus and Clause III of the Memorandum of Association of our Company. The Memorandum of Association of our Company is a material document for inspection in relation to the Issue. For further details, see the section "***Material Contracts and Documents for Inspection***" on page 300 of the Red Herring Prospectus.

**LIABILITY OF MEMBERS AS PER MOA:** Limited by shares.

**AMOUNT OF SHARE CAPITAL OF THE COMPANY AND CAPITAL STRUCTURE:** As on the date of Red Herring Prospectus, the Authorized share Capital of the Company is Rs.10,00,00,000/- (Rupees ten Crores Only) divided into 1,00,00,000 (One Crore) Equity Shares of face value of Rs.10/- each. The issued, subscribed and paid-up share capital of the Company before the issue Rs. 3,90,00,000/- (Rs. Three Crores Ninety Lakhs Only) divided into 39,00,000 (Thirty-Nine lakh Only) Equity Shares of face value Rs.10 each. For details of the Capital Structure, see "***Capital Structure***" on the page 67 of the Red Herring Prospectus.

**NAMES OF THE SIGNATORIES TO THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AND THE NUMBER OF EQUITY SHARES SUBSCRIBED BY THEM:** Given below are the names of the signatories of the Memorandum of Association of the Company and the number of Equity Shares subscribed for by them at the time of signing of the Memorandum of Association of our Company, Gaurav Lath -5,000 equity shares and Pankhuri Lath-5,000 equity shares, aggregating to 10,000 Equity Shares of Rs.10/- each. Details of the main objects of the Company as contained in the Memorandum of Association, see "***History and Corporate Structure***" on page 134 of the Red Herring Prospectus. For details of the share capital and capital structure of the Company see "***Capital Structure***" on page 67 of the Red Herring Prospectus.

**DISCLAIMER CLAUSE OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA ("SEBI"):** Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018. The Red Herring Prospectus has been filed with SEBI. In terms of the SEBI Regulations, the SEBI shall not issue any observation on the Offer Document. Hence there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However, investors may refer to the entire Disclaimer Clause of SEBI beginning on page 233 of the Red Herring Prospectus.

**DISCLAIMER CLAUSE OF NSE ("NSE EMERGE") (THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE):** It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by NSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document. The investors are advised to refer to the Offer Document for the full text of the 'Disclaimer Clause of NSE.

**GENERAL RISK:** Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Issue unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of the Issuer and this Issue, including the risks involved. The Equity Shares have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to "***Risk Factors***" on page 30 of the Red Herring Prospectus.

**TRACK RECORD OF BOOK RUNNING LEAD MANAGER:** The BRLM associated with the Issue has handled 60 Public Issues in the past three years, out of which 2 issue was closed below the Issue/ Offer Price on listing date

| Name of BRLM | Total Issue | | Issue closed below IPO Price on listing date |
|---|---|---|---|
| | Mainboard | SME | |
| Hem Securities Limited | 2 | 58 | 2 (SME) |

## BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE

**HEM SECURITIES LIMITED**
**Address:** 904, A Wing, Naman Midtown, Senapati Bapat Marg, Elphinstone Road, Lower Parel, Mumbai-400013, Maharashtra, India
**Tel No.:** +91-22-49060000
**Email:** ib@hemsecurities.com
**Investor Grievance Email:** redressal@hemsecurities.com
**Website:** www.hemsecurities.com
**Contact Person:** Roshni Lahoti
**SEBI Reg. No.:** INM000010981
**CIN:** U67120RJ1995PLC010390

## REGISTRAR TO THE ISSUE

Bigshare Services Pvt. Ltd.

**BIGSHARE SERVICES PRIVATE LIMITED**
**Address:** S6-2, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Next to Ahura Centre, Mahakali Caves Road, Andheri (East) Mumbai-400093, Maharashtra, India.
**Telephone:** +91-22 6263 8200
**Facsimile:** +91-22 6263 8299
**Email:** ipo@bigshareonline.com
**Investor Grievance Email:** investor@bigshareonline.com
**Website:** www.bigshareonline.com
**Contact Person:** Babu Rapheal C.
**SEBI Registration Number:** MB/INR000001385
**CIN:** U99999MH1994PTC076534

## COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER

TANKUP FUELLING YOUR GROWTH

**Rajat Srivastava**
**TANKUP ENGINEERS LIMITED**
**Address:** 1262, SA Goila, Chinhat, Lucknow-226019, Uttar Pradesh, India.
**Tel No:** +91-7800008707;
**E-mail:** cs@tankup.co.in
**Website:** www.tankup.co.in;
**CIN:** U29109UP2020PLC137401

Investors may contact the Company Secretary and Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-issue or post-issue related grievances including non-receipt of letters of allotment, non-credit of allotted equity shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non- receipt of funds by electronic mode, etc. For all issue related queries and for redressal of complaints investors may also write to the BRLMS.

**AVAILABILITY OF RED HERRING PROSPECTUS:** Investors are advised to refer to the Red Herring Prospectus and the Risk Factors contained therein before applying in the Issue. Full copy of the Red Herring Prospectus is available on the website of SEBI at www. sebi.gov.in, website of the Company at https://www.tankup.co.in/offer-documents/, the website of the BRLM to the Issue at www.hemsecurities.com, the website of NSE at www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents#sme_offer respectively.

**AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:** A copy of the abridged prospectus shall be available on the website of the Company, BRLM and NSE at https://www.tankup.co.in/offer-documents/, www.hemsecurities.com and www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents#sme_offer, respectively.

**SYNDICATE MEMBER:** Hem Finlease Private Limited

**AVAILABILITY OF BID-CUM-APPLICATION FORMS:** Bid-Cum-Application forms can be obtained from the Registered Office of the Company: Tankup Engineers Limited, Telephone: +91-7800008707; BRLM: Hem Securities Limited, Telephone: +91-22-4906 0000 and the Syndicate Members: Hem Finlease Private Limited, Telephone: +91-141-4051000 and at the selected locations of the Sub-Syndicate Members, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid-cum-application Forms will also be available on the websites of NSE and the designated branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the stock exchanges and SEBI.

**BANKER TO THE ISSUE/ ESCROW COLLECTION BANK/ REFUND BANK/ PUBLIC ISSUE ACCOUNT BANK/ SPONSOR BANK:** HDFC Bank Limited.

**UPI:** UPI Bidders can also Bid through UPI Mechanism.

**All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring Prospectus.**

**On behalf of Board of Directors**
**Tankup Engineers Limited**
**Sd/-**
**Rajat Srivastava**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place:** Lucknow
**Date:** April 16, 2025

**Disclaimer:-** Tankup Engineers Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares the Red Herring Prospectus dated April 15, 2025 has been filed with the Registrar of Companies, Kanpur and thereafter with SEBI and the Stock Exchanges. The RHP is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, website of NSE Emerge at https://www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents#sme_offer and is available on the websites of the BRLM at www.hemsecurities.com. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to the Red Herring Prospectus including the section titled "***Risk Factors***" beginning on page 30 of the Red Herring Prospectus.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "***Securities Act***") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.

### इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने

# हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू**

अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।



**रीना रॉय**

80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी**

हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन' के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के करियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला**

मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त**

संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।



# नुसरत ने साझा किया 'छोरी' के सेट का डरावना अनुभव

अभिनेत्री नुसरत भरुचा ने हाल ही में अपनी फिल्म 'छोरी 2' को लेकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने इस्राइल से जुड़े अनुभवों को साझा किया। उन्होंने पीएम मोदी से अपनी हालिया मुलाकात पर भी चर्चा की और उनसे मिलने के अनुभव के बारे में बताया।

### जीवन के अनुभवों का किरदार के लिए करती हैं इस्तेमाल

नुसरत से जब पूछा गया कि क्या छोरी 2 के किरदार का दर्द अपने अंदर लाने के लिए उन्होंने इस्राइल में हुई घटना की मदद ली? तो एक्ट्रेस ने कहा, 'हर कैरेक्टर और कहानी अलग होती है। सभी के लिए कुछ न कुछ रेफरेंस की जरूरत होती है। हां जब मुझे एक्सट्रीम इमोशन दिखाना होता है या एक्ट करना हो तो मैं अपने जीवन के अनुभवों को यूज करती हूं। हालांकि, 'छोरी' और छोरी 2 की शूटिंग मेरे साथ इस्राइल में हुई घटना से पहले ही शूट हो चुकी थी। ऐसे में इस फिल्म में रेफरेंस के तौर पर मैंने अपनी पिछली जिंदगी से कुछ चीजें यूज की थी।

### पीएम मोदी से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात

2023 में जब नुसरत इस्राइल में फंस गई थी तब उन्होंने पीएम से उन्हें वहां से निकालने की गुहार लगाई थी। अभिनेत्री ने अब हाल ही में पीएम मोदी से मुलाकात की। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'यह बहुत ही दिलचस्प रहा। मैं हाल ही में उनसे दिल्ली में मिली। आपको बता नहीं सकती कि ये कैसा अनुभव था। हमने उन्हें मंच पर देखा है, स्क्रीन पर देखा है और भाषण देते हुए देखा है। मैं जब उनसे मिली तो यह बहुत ही सहज रहा। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं उनसे मिली और उन्हें धन्यवाद कहा। वह हमारे लिए प्रेरणा हैं। मैंने उनका समिट भी देखा है। हम कहां और कौन से नंबर पर थे और कौन से नंबर पर आ गए हैं और हमें वह कहां ले जाना चाहते हैं। उनका विजन बहुत इंस्पायर करने वाला है।'

# आदर्श ने शनाया कपूर की तारीफ की



**साझा किया तू या मैं में काम करने का अनुभव**

आदर्श गौरव और शनाया कपूर जल्द ही तू या मैं फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। ऐसे में आदर्श गौरव ने शनाया कपूर की खूब तारीफ की है। हाल ही में तू या मैं फिल्म का एलान हुआ तो दोनों को एक वीडियो में साथ में देखा गया था। बिजॉय नांबियार की फिल्म तू या मैं रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। एलान के बाद से फिल्म चर्चा में है।

हाल ही में आदर्श गौरव ने शनाया कपूर के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए कहा वह बहुत सहज और शांत हैं। हम इस बात पर मजाक कर रहे थे कि पानी कितना गर्म लग रहा है, हालांकि हम शूटिंग के दौरान कांप रहे थे। शूटिंग के दौरान चुनौतीपूर्ण माहौल के बीच दोनों के बीच का रिश्ता काफी अच्छा और सहयोगात्मक था।

शनाया के साथ काम करना चाहेंगे आदर्श गौरव

आदर्श के मुताबिक उनके लिए कोई भी सीनियर या जूनियर नहीं है। मैंने उनके साथ सिर्फ तभी काम किया जब फिल्म का ऐलान हुआ। मैंने उनके साथ वीडियो शूट में काम किया, और यह अच्छा अनुभव था। उनके साथ काम करना अच्छा रहा। उनके साथ काम करने के लिए मैं उत्साहित हूं। आदर्श की बातों से लगता है कि सुर्खियों में आने के बाद शनाया लोगों पर अच्छा प्रभाव डाल रही हैं।

### फिल्म के बारे में

आपको बता दें कि तू या मैं फिल्म बॉलीवुड की हिंदी फिल्म है। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार कर रहे हैं। फिल्म में शनाया कपूर और आदर्श गौरव हैं। ये फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म की कहानी सोशल मीडिया के लिए कंटेट क्रिएट करने वालों पर आधारित है। वह मुंबई के आस-पास के इलाके में जाते हैं लेकिन वहां फंस जाते हैं।

### शनाया कपूर के पास हैं कई प्रोजेक्ट

संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर इन दिनों आंखों की गुस्ताखियां में काम कर रही हैं। वह जल्द ही स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में नजर आने वाली हैं। यही नहीं शनाया कपूर साउथ की फिल्मों में भी नजर आएंगी। वह मोहनलाल की फिल्म वृषभ से जुड़ी हैं।

### सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स गुजरात में पाया गया, निकला मानसिक रोगी



अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स गुजरात के वडोदरा जिले के वाघोडिया तालुका का निवासी निकला है। पुलिस के अनुसार धमकी देने वाला शख्स मानसिक रोगी है और उसे पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है। एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने संदेश भेजने वाले शख्स को वडोदरा से खोज निकाला है।

पुलिस ने बताया कि वडोदरा के वाघोडिया तालुका के एक गांव के निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति का नाम मयंक पांड्या है, जो मानसिक रोगी है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गई, जिसमें अज्ञात शख्स ने अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात कही थी। अभिनेता को धमकी मिलने के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और अभिनेता के गैलेक्सी अपार्टमेंट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

# प्रियंका चाहर ने अंकित गुप्ता के साथ ब्रेकअप पर की बात



**अभिनेत्री** प्रियंका चाहर चौधरी ने बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में नियारा इंडिया के लिए रैंप वॉक किया। इस इवेंट में वह बेहद खूबसूरत और आकर्षक दिखीं, उन्होंने एक शानदार ब्लैक ड्रेस पहनी थी। फैशन में हुए बदलाव के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा कि उनके अनुसार, चाहे रिश्तों की बात हो या फैशन की, विकास करना हमेशा अच्छा होता है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि विकास करना हमेशा अच्छा होता है, बदलाव हमेशा अच्छे होते हैं। बदलाव के लिए आगे बढ़ना पड़ता है। इसलिए, निश्चित रूप से बदलाव अच्छी बात है, चाहे रिश्तों में बदलाव हो या फैशन में बदलाव हो। अभिनेता अंकित गुप्ता के साथ उनके ब्रेकअप की खबरों के बीच उनका यह बयान आया है। अटकलबाजी को और हवा देते हुए, अंकित ने हाल ही में शो तेरे हो जाएं हम से बाहर निकलने की घोषणा की। इस शो में वह मुख्य भूमिका में हैं। प्रियंका और अंकित पहली बार शो उड़ारियां में साथ नजर आए थे और प्रशंसकों के पसंदीदा बन गए थे। बाद में ये दोनों लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस 16 में एक साथ दिखाई दिए, जहां वह अभूतपूर्व परिस्थितियों में एक-दूसरे का समर्थन करते नजर आए। शो से बाहर निकलने के बाद, उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में साथ काम किया। इंस्टाग्राम पर प्रियंका और अंकित द्वारा एक-दूसरे को अनफॉलो करने के बाद उनके ब्रेकअप की अटकलें शुरू हो गईं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए प्रियंका ने बातचीत में अंकित के साथ अपनी केमिस्ट्री के बारे में बताया था, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे थे। प्रियंका ने कहा था, मुझे लगता है कि हम बहुत सच्चे हैं। मुझे लगता है कि यही एक खासियत है, जिसकी वजह से हम एक-दूसरे से जुड़े हैं। हम बहुत सामान्य हैं। हमें दिखावा करना नहीं आता, शायद यही बात हमें जोड़े रखती है। प्रियंका ने कहा, हम दोनों में कोई सेलिब्रिटी वाइब नहीं है, हम दोनों में ऐसा नहीं है कि हम बहुत सामान्य हैं और यही हमें जोड़े रखता है। यही कुछ ऐसा है जो हमें उन लोगों से जोड़े रखता है जो हमसे प्यार करते हैं।

# मुझे गर्व है कि मैं वर्सेटाइल अभिनेत्री हूं: ईशा मालवीय

फिल्म के साथ टेलीविजन और म्यूजिक वीडियो के लिए काम करने वाली अभिनेत्री ईशा मालवीय हर भूमिका को जुनून के साथ निभाती हैं। अभिनेत्री ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात की। उन्होंने बताया कि स्क्रीन पर कोई भी किरदार निभाने में उन्हें खुशी मिलती है। ईशा ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह वर्सेटाइल अभिनेत्री हैं। इस बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें काम के दौरान क्या मुश्किल लगता है, खुद से बिल्कुल अलग किरदार निभाना या अभिनेत्री से मिलता-जुलता किरदार निभाना, ईशा ने बताया, मुझे काम से एक अलग तरह की खुशी मिलती है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। मुझे गर्व महसूस होता है कि मैं एक वर्सेटाइल अभिनेत्री हूं, जो कोई भी भूमिका निभा सकती है। मालवीय ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, किसी भी किरदार को निभाते समय मेरे मन में कभी दूसरे विचार नहीं आए। मैं बस काम पर फोकस करती हूं। 21 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि इंडस्ट्री में उनसे बेहतर काम की अपेक्षाएं की जाती है। हालांकि, यह उनके लिए अच्छा है और वह इससे दबाव महसूस नहीं करती हैं। .उन्होंने कहा, मैं काम को लेकर खुद पर प्रेशर नहीं लेती क्योंकि मेरा मानना है कि हम सभी को खुश नहीं कर सकते। इसलिए दूसरों के सामने कुछ साबित करने के लिए काम करना मेरा तरीका नहीं है। मैं अपने लिए काम करती हूं। मेरे लिए, एक स्पष्ट लक्ष्य होना बहुत जरूरी है। इसके बिना, कोई दिशा नहीं है। मैं हमेशा ध्यान में रखती हूं कि मैं क्या हासिल करना चाहती हूं, चाहे वह अगले 30 दिनों में हो, 30 महीनों में या फिर 30 सालों में। यही स्पष्टता मुझे आगे बढ़ने में मदद करती है। ईशा ने साल 2021 में टेलीविजन शो उड़ारियां से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उनके किरदार का नाम जैस्मीन रहता है।

# अर्जुन कपूर को है सिनेमा के प्रति अद्भुत ज्ञान



## वे फिल्ममेकर बनना चाहते थे

**हम** सभी जानते हैं कि हमें यदि किसी चीज़ के प्रति रूचि है तो हम उसके प्रति और जानकारी इकठ्ठा करने लगते हैं कुछ ऐसा ही हाल अर्जुन कपूर का, सिनेमा के प्रति उनकी रुचि ने उन्हें सिनेमा के और करीब कर दिया, सिनेमा के प्रति उनके नॉलेज ने सिनेमा प्रेमियों को चौका दिया है, और यही रिएक्शन इस समय इंटरनेट पर गूंज रहा है, जब लोगों ने एक ऐसे अर्जुन कपूर को देखा जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी एक सच्चा फिल्मी दीवाना, एक फिल्म नर्ड, जो पॉइंट ब्रैक और तेजाब का ज़िक्र एक ही सांस में कर सकता है, वो भी जुनून और पैनी समझदारी के साथ।

हाल ही में वायरल हो रही एक खुली बातचीत में अर्जुन कपूर ने वही किया जो वो बखूबी करते हैं फिल्मी बातों में दिल लगा दिया और पूरी तरह छा गए। ज़्यादातर लोगों को वो टू स्टेट्स, कॉमिक फिल्म मुबारकान, लेटेस्ट सिंघम के विलेन और अंडररेटेड रत्न *संदीप और पिंकी फरार जैसे रोल्स के लिए जानते हैं। लेकिन इस बार अर्जुन ने अपने अंदर के लेयर्स हटाए और उस फिल्ममेकर को सामने लाया जो हमेशा से उनके भीतर मौजूद था। पता चला कि अर्जुन का सपना कभी सिर्फ एक स्टार बनने का नहीं था, बल्कि वो फिल्में बनाना चाहते थे।

उन्होंने बताया कि जब उनके पिता रूप की रानी चोरो का राजा बना रहे थे, तब ही उनके भीतर ये चिंगारी जली। सिनेमा का जादू ही मुझे आकर्षित करता है, उन्होंने कहा। हर चीज़ में लॉजिक होना ज़रूरी नहीं यकीन ही उस भ्रम को बेचता है। मुझे कोरियन फिल्में और यूरोपियन सिनेमा बहुत पसंद है। मैं फिल्ममेकर बनना चाहता था। समय की सबसे महंगी फिल्म थी। मैं मंत्रमुग्ध था और फिल्मों की खुशी मेरे साथ रह गई। मैं हमेशा फिल्म के बनने की प्रक्रिया जानना चाहता हूं और उसी में मुझे असली खुशी मिलती है। अर्जुन फिलहाल द डे ऑफ़ द जैकल देख रहे हैं जिसमें एडी रेडमेन हैं। उन्होंने टॉप गन सीरीज़ पर भी अपनी राय दी। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें कौनसी पसंद है, तो उन्होंने कहा, टोनी स्कॉट की फिल्म ओजी है। मुझे उनकी फिल्में बहुत पसंद हैं। फिर डेविड फिन्चर आए हमारे जीवन में, सेवन और फाइट क्लब जैसी फिल्मों के साथ। लेकिन जो बात सबसे ज़्यादा दिल को छू गई, वो थी उनका भारतीय क्रिएटर्स को दिया गया प्यार और सम्मान। आर बल्कि * और संजय लीला भंसाली से लेकर द फ़ैमिली मेन और पंचायत के मेकर्स तक, अर्जुन ने उस देसी सिनेमा को सराहा जो दिल से बनता है और अक्सर नज़रअंदाज़ हो जाता है। उन्होंने आजकल के ट्रेलर्स की भी आलोचना की जो बहुत कुछ पहले ही बता देते हैं.



साभार एजेंसी

# अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को भारतीय छात्र को निर्वासित करने से अस्थाई रूप से रोका

» न्यूयॉर्क (अमेरिका), भाषा।

अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को 21 वर्षीय भारतीय स्नातक को निर्वासित करने से अस्थाई रूप से रोक दिया है। एफ-1 छात्र वीजा के साथ विस्कॉन्सिन-मैडिसन यूनिवर्सिटी में 2021 से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल कर रहे कृष लाल इस्सरदासानी का छात्र वीजा रद्द कर दिया गया था। अदालती दस्तावेजों में कहा गया है कि इस्सरदासानी नियमित कक्षा में उपस्थित रहता था और उसकी अकादमिक स्थिति भी अच्छी थी। इस्सरदासानी अब अंतिम सेमेस्टर में हैं और 10 मई, 2025 को उसके स्नातक पाठ्यक्रम पूरा होने की संभावना है। यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट फॉर द वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ विस्कॉन्सिन में दायर दस्तावेजों में मंगलवार को कहा गया कि इस्सरदासानी ने स्वीकार किया है कि देर रात दोस्तों के साथ एक बार से घर लौटते समय अन्य समूह के साथ बहस के कारण उसे 22 नवंबर, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। अदालत के दस्तावेजों में कहा गया है, इस्सरदासानी को खराब आचरण के लिए गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मामले की समीक्षा करने के बाद डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी ने आरोपों को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया।

नतीजतन, इस्सरदासानी को अदालत में पेश नहीं होना पड़ा और उसका मानना था कि मामला पूरी तरह से सुलझ गया है तथा इसका कोई संभावित आव्रजन परिणाम नहीं होगा। साथ ही, इस घटना के अलावा इस्सरदासानी का कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ कोई अन्य संपर्क नहीं रहा है। हालांकि, चार अप्रैल, 2025 को विस्कॉन्सिन-मैडिसन यूनिवर्सिटी के अंतरराष्ट्रीय छात्र सेवा (आईएसएस) कार्यालय ने इस्सरदासानी को ईमेल द्वारा सूचित किया कि उसका स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर सिस्टम (सेविस) रिकॉर्ड समाप्त कर दिया गया है। गृह सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित यूएस स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम ने अपनी स्थिति को बनाए रखने में विफल रहने के कारण, आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में पहचाने गए व्यक्ति या जिसका वीजा रद्द कर दिया गया हो, के आधार पर, छात्र के सेविस रिकॉर्ड को समाप्त कर दिया। अदालत के दस्तावेजों में कहा गया है कि इस्सरदासानी को उसके वीजा के किसी भी निरस्तीकरण के बारे में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन, विश्वविद्यालय या विदेश विभाग से कोई संचार नहीं मिला। दस्तावेजों के अनुसार, छात्र को इस बारे में कोई चेतावनी नहीं दी गई, अपना पक्ष रखने या बचाव का कोई मौका नहीं दिया गया और सेविस में उसके एफ-1 छात्र वीजा रिकॉर्ड को समाप्त करने से पहले किसी भी संभावित गलतफहमी को ठीक करने का कोई मौका नहीं दिया गया। किसी अमेरिकी कॉलेज या विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यक्रम या अंग्रेजी भाषा कार्यक्रम में भाग लेने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों को एफ-1 वीजा जारी किया जाता है।



## ट्रंप के बातचीत वाले बयान के बाद चीन ने नए अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रतिनिधि की नियुक्ति की

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका के साथ शुल्क को लेकर जारी विवाद के बीच नया शीर्ष अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताकार बुधवार को नियुक्त किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद यह कदम उठाया गया जिसमें उन्होंने कहा था कि शुल्क गतिरोध को समाप्त करने के लिए समझौता करने की जिम्मेदारी अब चीन पर है। चीन को अब अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, ली चेंगगांग को वांग शॉवेन की जगह नियुक्त किया गया है। शॉवेन ने चीन और अमेरिका के बीच 2020 के व्यापार समझौते के लिए व्यापार वार्ता में चीन का प्रतिनिधित्व किया था। विश्लेषकों का कहना है कि ली की नियुक्ति को चीन पर शुल्क की भारी वृद्धि के बीच ट्रंप प्रशासन के साथ बातचीत शुरू करने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ली विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में चीन के राजदूत भी रह चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को तथ्य पत्र में कहा कि चीन को अपनी जवाबी कार्रवाई के कारण अब अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। पहले उसको 145 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा था। तथ्य पत्र में कहा गया, 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए सामने आ चुके हैं। इसके परिणामस्वरूप जवाबी कार्रवाई करने वाले चीन के अलावा अन्य देशों पर अतिरिक्त शुल्क पर फिलहाल रोक लगा दी गई है।

## जो अवैध अप्रवासी अमेरिका से स्वेच्छा से लौटना चाहते हैं उनकी टिकट की व्यवस्था हम करेंगे : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह देश में अवैध रूप से रह रहे उन अप्रवासियों को पैसे और विमान का टिकट देंगे जो स्वेच्छा से लौटने को इच्छुक हैं। ट्रंप ने मंगलवार को प्रसारित फॉक्स नोटिसियास को दिए साक्षात्कार में कहा कि उनका प्रशासन फिलहाल हत्यारों को देश से निकालने पर ध्यान केंद्रित किए हुए है। लेकिन अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे अन्य लोगों के लिए उन्होंने कहा कि वह स्वेच्छा से वापसी कार्यक्रम लागू करेंगे। उन्होंने योजना के बारे में कुछ जानकारी दी और कहा कि अमेरिका आप्रवासियों को विमान का किराया और कुछ पैसे देगा। ट्रंप ने कहा, हम उन्हें कुछ पैसे देंगे। हम उन्हें विमान का टिकट देंगे और अगर वे अच्छे हैं और वापस आना चाहते हैं तो हम उनके साथ काम करेंगे। हम उनके साथ मिलकर काम करेंगे ताकि उन्हें जल्द से जल्द वापस लाया जा सके।

## चार छात्रों ने अपने छात्र आव्रजन दर्जे को अवैध रूप से समाप्त किया

# एक भारतीय समेत चार छात्रों ने अमेरिका से संभावित निर्वासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया

» न्यूयॉर्क, भाषा।

मिशिगन के सरकारी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एक भारतीय समेत चार छात्रों ने अपने छात्र आव्रजन दर्जे को अवैध रूप से समाप्त किए जाने के बाद अमेरिका से संभावित निर्वासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। भारत के चिन्मय देवरे, चीन के जियांगयुन बु और कियुई यांग और नेपाल के योगेश जोशी ने शुक्रवार को डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (डीएचएस) और आव्रजन अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया। चारों छात्रों ने मुकदमा दायर करके आरोप लगाया है कि छात्र एवं विनिमय आगंतुक सूचना प्रणाली (एसईवीआईएस) में उनके छात्र आव्रजन दर्जे को पर्याप्त नोटिस और स्पष्टीकरण के बिना अवैध रूप से समाप्त कर दिया गया। एसईवीआईएस एक ऐसा आंकड़ा है जो अमेरिका में गैर-प्रवासी छात्रों और शैक्षणिक विनिमय के तहत आने वाले छात्रों (विनिमय आगंतुक) के बारे में जानकारी एकत्र करता है।

छात्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे मिशिगन के अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने उन छात्रों की ओर से एक संघीय मुकदमा दायर करके एक आपतकालीन निषेधाज्ञा जारी करने का अनुरोध किया है, जिनकी एफ-1 छात्र आव्रजन स्थिति को ट्रंप प्रशासन द्वारा बिना किसी वैध कारण और बिना किसी नोटिस के अवैध रूप से और अचानक समाप्त कर दिया गया था। एसीएलयू ने कहा कि मुकदमे में अदालत से इन छात्रों की स्थिति को बहाल करने के लिए कहा गया है ताकि वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और हिरासत और निर्वासन के जोखिम का सामना करने से बच सकें। अदालत में की गई शिकायत में कहा गया है, उनमें से किसी पर भी अमेरिका में किसी भी अपराध का आरोप नहीं लगाया गया है, न ही उन्हें दोषी ठहराया गया है। किसी ने भी किसी आव्रजन कानून का उल्लंघन नहीं किया है। न ही वे किसी राजनीतिक मुद्दे को लेकर परिसर में विरोध प्रदर्शनों में सक्रिय रहे हैं। इस शिकायत में डीएचएस सचिव क्रिस्टी नोएम, कार्यकारी आईसीई निदेशक टॉड लियोन्स और आईसीई डेट्रॉयट फील्ड ऑफिस निदेशक रॉबर्ट लिंच का नाम शामिल है।इसी प्रकार के मुकदमे न्यू हैम्पशायर, इंडियाना और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों समेत देशभर में दायर किए गए हैं।




# ईरान के राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ का इस्तीफा स्वीकार किया

» दुबई, भाषा।

ईरान के राष्ट्रपति ने अपने उन उपराष्ट्रपति में से एक के इस्तीफे को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी है, जो दुनिया के ताकतवर देशों के साथ 2015 के परमाणु समझौते में तेहरान की ओर से प्रमुख वार्ताकार थे। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की मंगलवार देर रात मोहम्मद जवाद जरीफ के संबंध में घोषणा ऐसे समय में आई है, जब ईरान अपने तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका के साथ दूसरे दौर की वार्ता की तैयारी कर रहा है। इस बीच, बुधवार से शुरू होने वाली अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी की यात्रा में इस बात को लेकर वार्ता शामिल हो सकती है कि किसी प्रस्तावित सौदे के तहत उनके निरीक्षकों को क्या पहुंच मिल सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार धमकी दी है कि यदि कोई समझौता नहीं हुआ तो वे ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर हवाई हमले करेंगे।

ईरानी अधिकारी लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि वे अपने यूरेनियम भंडार को समृद्ध करके परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर सकते हैं। पेजेशकियन ने जरीफ के इस्तीफे को स्वीकार करते हुए उनकी प्रशंसा की।जरीफ ने पिछले साल चुनाव में पेजेशकियन के प्रमुख समर्थक के रूप में काम किया था। जरीफ ने मार्च में पेजेशकियन को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। राष्ट्रपति ने हालांकि इस पत्र का तुरंत जवाब नहीं दिया था। लेकिन मंगलवार देर शाम राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि पेजेशकियन ने जरीफ को एक पत्र लिखा है जिसमें उनकी प्रशंसा की गई है, लेकिन उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, पेजेशकियन ने इस बात पर जोर दिया कि कुछ मुद्दों के कारण उनका प्रशासन अब जरीफ के बहुमूल्य ज्ञान और विशेषज्ञता से लाभ नहीं उठा सकता है। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को अमेरिका को वार्ता में विरोधाभासी रुख अपनाने के प्रति चेतावनी दी।



## अब अमेरिका ने चीन पर 245 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि चीन को अपनी जवाबी कार्रवाई के कारण अब अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक शुल्क का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर मंगलवार को अलग से दी जानकारी में कहा कि चीन ने बड़े बोइंग सौदे के तहत विमानों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। ये उन खबरों की पुष्टि करता है जिसमें दावा किया गया था कि चीन ने अपनी विमान कंपनियों से अमेरिकी विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग से विमानों की आपूर्ति न लेने का कहा है।ट्रंप ने इस खबर की जानकारी देते हुए चीन जैसे अपने विरोधियों के साथ व्यापार युद्ध में अमेरिका और उसके किसानों की रक्षा करने का संकल्प लिया। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को जारी तथ्य पत्र में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने आयातित प्रसंस्कृत महत्वपूर्ण खनिजों तथा उनसे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता से उत्पन्न राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिमों की जांच शुरू करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया, राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले दिन ही अमेरिका की अर्थव्यवस्था को फिर से बेहतर बनाने के लिए अपनी अमेरिका फर्स्ट (अमेरिका पहले) व्यापार नीति की शुरुआत की। 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए समाने आ चुके हैं। इसके परिणामस्वरूप जवाबी कार्रवाई करने वाले चीन के अलावा अन्य देशों पर अतिरिक्त शुल्क पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। तथ्य पत्र में विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा गया, चीन को अपनी जवाबी कार्रवाई के परिणामस्वरूप अब अमेरिका को होने वाले आयात पर 245 प्रतिशत तक शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसने अमेरिका की शुल्क नीति के खिलाफ जाते हुए जवाबी शुल्क लगाया है। चीन ने शुक्रवार को अमेरिका से आयात पर अपने अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया था। ट्रंप प्रशासन के चीनी निर्यात पर लगाए गए 145 प्रतिशत शुल्क के जवाब में उसने यह कदम उठाया था।



## न्यूज ब्रीफ

### गाजा में अस्पताल के बाहर हुए इजराइली हवाई हमले में एक चिकित्सक की मौत, कई घायल

» दीर अल-बलाह, भाषा।

गाजा पट्टी में कुवैत निर्मित फील्ड अस्पताल के उत्तरी द्वार पर मंगलवार को इजराइली हवाई हमले में एक चिकित्सक की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए। मुवासी क्षेत्र में बने अस्पताल के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों में सभी मरीज और चिकित्सक हैं। यह वह इलाका है जहां लाखों लोगों ने तम्बुओं से बने विशाल शिविरों में शरण ली हुई है। इजराइली सेना ने इस हमले के संबंध में फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

इजराइल ने गाजा के साथ 18 महीने से जारी युद्ध के दौरान अस्पतालों पर बमबारी की है और उसका आरोप है कि हमास के चरमपंथी अस्पतालों का इस्तेमाल छिपने के लिए करते हैं या उनका इस्तेमाल सैन्य ठिकानों के रूप में करते हैं। हालांकि अस्पताल के कर्मचारियों ने हमेशा इन आरोपों से इनकार किया है और उन्होंने इजराइल पर नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डालने और गाजा के स्वास्थ्य तंत्र के तबाह करने का आरोप लगाया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार इजराइल के साथ युद्ध में मारे गए गाजा के लोगों की संख्या 51,000 से अधिक हो गई है।

### ऑस्ट्रेलियाई तट से दूर हिंद महासागर में भूकंप, सुनामी की कोई चेतावनी नहीं

**मेलबर्न।** दक्षिण-पश्चिम ऑस्ट्रेलियाई तट से दूर बुधवार को 6.6 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप का केन्द्र अल्बानी से 2,069 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में हिंद महासागर में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। संयुक्त ऑस्ट्रेलियाई सुनामी चेतावनी केन्द्र ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया या अंटार्कटिका के लिए सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

# सिंगापुर में लाइफसेवर अवार्ड पाने वालों में कई भारतीय शामिल

» सिंगापुर, भाषा।

सिंगापुर नागरिक सुरक्षा बल (एससीडीएफ) के कम्युनिटी लाइफसेवर अवार्ड से सम्मानित किए जाने वालों में पिछले मंगलवार (आठ अप्रैल) को सिंगापुर के एक शॉपहाउस में लगी आग से 16 बच्चों और छह वयस्कों को बचाने वाले भारत के निर्माण श्रमिकों सहित 18 लोग शामिल हैं।आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण का सात वर्षीय बेटा भी तीन मंजिला रिवर वैली रोड बिल्डिंग में लगी आग में घायल हुए लोगों में शामिल था। इस इमारत में न्यूटनशो कैंप द्वारा संचालित बच्चों का केंद्र है। एससीडीएफ अग्निशमन दल के पहुंचने से पहले शॉपहाउस के आसपास मौजूद इन 18 लोगों ने छह से 10 वर्ष की आयु के बच्चों और 23 से 55 वर्ष की आयु के छह वयस्कों को बचा लिया और उनकी देखभाल की।

आग से बचाई गई 10 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई लड़की की बाद में एक अस्पताल में मौत हो गई।फर्स्ट एससीडीएफ डिवीजन के कमांडर कर्नल ताई जी वेई ने कहा, आग लगने की घटनाओं में समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए हम वास्तव में उन लोगों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने उस दिन एससीडीएफ के आने से पहले ही लोगों की जान बचाई। चैनल न्यूज एशिया ने मंगलवार को कर्नल ताई के हवाले से कहा, आपने अब तक प्रसारित कई वीडियो में देखा होगा कि उनकी बहादुरी, उनकी त्वरित कार्रवाई और उनकी सामूहिक कार्रवाई ने वास्तव में उस दिन लोगों की जान बचाई। एससीडीएफ कम्युनिटी लाइफसेवर अवार्ड उन लोगों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने अपनी जान पर खेलकर लोगों की जान बचाने में योगदान दिया हो। बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने में मदद करने वाले निजी-अनुबंध पर काम करने वाले चालक बेन्सन लो ने बताया कि बच्चे कांप रहे थे और कूदना चाहते थे। समुदाय के लोगों ने चिल्लाकर उन्हें रुकने के लिए कहा। निर्माण श्रमिक शकील मोहम्मद (35), साथी निर्माण श्रमिकों हसन इमामुल (20) और चिन्नाप्पा कन्नदासन (32) के साथ सीढ़ी के शीर्ष पर थे। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए मानव श्रृंखला बनाई। शकील ने बताया कि शुरू में उसने इमारत की तीसरी मंजिल पर जाने की कोशिश की, लेकिन दूसरी मंजिल पर लगी आग को पार नहीं कर पाया और अन्य लोगों से मदद मांगने के लिए बाहर चला गया। शकील ने बताया कि इमारत से निकलकर बचने का कोई रास्ता नहीं था और उसने एक बच्चे को कूदने की कोशिश करते देखा। शकील ने बताया कि उसने बच्चे से कहा, कूदना मत। मैं तुम्हारी मदद करूंगा। इमारत से बच्चों को जमीन पर उतारने में अपने साथियों की मदद करने वाले भारत से आए एक निर्माण श्रमिक रवि कुमार ने कहा कि वह अपनी छोटी बहन के बारे में सोच रहे थे, जो इन बच्चों के ही उम्र की है। यह सोचकर वह परेशान हो गए थे। कुमार ने कहा, मैंने लोगों की जान बचाई और आज भी मैं घटना के बारे में सोचकर परेशान हो जाता हूं। उन्होंने कहा कि आग में झुलसकर मरने वाली लडक़ी अब भी उनके दिमाग में है। 26 वर्षीय मजदूर ने कहा, यहां तक कि जब मैं काम कर रहा होता हूं या खाना खा रहा होता हूं, तब भी मैं उसके बारे में सोचता रहता हूं और बहुत दुखी होता हूं। न्यूटनशो के अंतर्गत आने वाले ब्रांडों में से एक टोमेटो कुकिंग स्कूल ने नौ अप्रैल को कहा था कि वह आग लगने की घटना की जांच में सहयोग कर रहा है। अधिकारी आग लगने की घटना की जांच कर रहे हैं। पुरस्कार के लिए एससीडीएफ द्वारा मान्यता प्राप्त 18 व्यक्तियों में चिन्नप्पा कन्नड़ासन, हसन इमामुल, शकील मोहम्मद, तपोश, हसन राजीब, रवि कुमार, वरुवेल क्रिस्टोफर, गोविंदराज एलंगेश्वरन, मुथुकुमार मुगेश, इंद्रजीत सिंह, शिवसामी विजयराज, नागराजन अन्बरासन, सुब्रमण्यम सरनराज, इस्लाम शफीकुल, सुब्रमण्यम रमेशकुमार, बेन्सन लो, शेख अमीरुद्दीन बिन कमालुद्दीन और डॉ. लौरा बिफिन शामिल हैं।



## गाजा युद्ध के कारण मालदीव ने इजराइली पासपोर्ट धारकों पर प्रतिबंध लगाया

**माले।** मालदीव ने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली पासपोर्ट धारकों को देश में प्रवेश से रोकने के लिए अपने आव्रजन कानून में बदलाव किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, संशोधन को सोमवार को संसद द्वारा पारित किया गया और मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इसे मंजूरी दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह कानून दोहरी नागरिकता वाले उन लोगों पर लागू होगा या नहीं जिनके पास इजराइल और किसी अन्य देश का पासपोर्ट है। मंत्रिमंडल ने आव्रजन कानून में बदलाव का निर्णय लगभग एक वर्ष पहले लिया था, लेकिन सरकार ने इस सप्ताह इसे औपचारिक रूप दिया। बयान में कहा गया, यह बदलाव फलस्तीनी लोगों के खिलाफ इजराइल द्वारा किए जा रहे अत्याचारों और नरसंहार कृत्यों के जवाब में सरकार के दृढ़ रुख को दर्शाता है। मालदीव मुख्य रूप से सुन्नी बहुल मुस्लिम राष्ट्र है जहां अन्य धर्मों का प्रचार प्रसार और पालन करना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। आव्रजन के उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में इजराइली पासपोर्ट वाले 59 लोग मालदीव पहुंचे।

## पाकिस्तान के पंजाब में पाकिस्तानी वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

» लाहौर, भाषा।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वायुसेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एक सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) का प्रशिक्षण विमान मिराज वी. आरओएसई मंगलवार को लाहौर से लगभग 350 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में वेहारी जिले के उपनगरीय क्षेत्र रत्ता टिब्बा के खेतों में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। अधिकारी ने बताया, विमान ने वेहारी शहर के पास थिंगी हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही देर बाद यह एक तेल डिपो के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हालांकि, दुर्घटना में न तो कोई हताहत हुआ और न ही किसी इमारत को कोई नुकसान पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने एक जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी, जिसके बाद मैदान में धुएं का गुबार छा गया और फिर बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे। डॉन समाचार पत्र की खबर में बताया गया है कि दोनों पायलटों को मामूली चोट आई और उन्हें सेना के हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया। खबर में कहा गया है,पीएएफ विमान प्रशिक्षण उड़ान पर था, लेकिन कुछ तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## जो लोग वार्ता का विरोध करते हैं वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर प्रगति नहीं चाहते : हरीश

# भारत ने नई सुरक्षा परिषद में धर्म, आस्था जैसे नए मानदंडों को आधार बनाने के प्रयासों की निंदा की

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

भारत ने नई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में धर्म और आस्था जैसे नए मानदंडों को प्रतिनिधित्व के आधार के रूप में शामिल करने के प्रयासों की आलोचना की और कहा है कि यह क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के स्वीकृत आधार के पूरी तरह विपरीत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने भविष्य की परिषद का आकार और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व पर क्लस्टर चर्चा पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक में कहा कि जो लोग नियम आधारित वार्ता का विरोध करते हैं वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर प्रगति नहीं चाहते हैं।

हरीश ने कहा, नई परिषद में प्रतिनिधित्व के लिए धर्म और आस्था जैसे नए मानदंडों को आधार बनाने का प्रयास क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के पूरी तरह विपरीत है, जो संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनिधित्व के लिए स्वीकृत आधार रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे तर्क कि विस्तारित एवं नई सुरक्षा परिषद प्रभावी नहीं होगी, वास्तविक सुधारों को रोकने का प्रयास है। उन्होंने कहा, उचित कार्य पद्धतियों और जवाबदेही तंत्र युक्त नई परिषद अहम वैश्विक मुद्दों पर सार्थक ढंग से काम करने में सक्षम होगी। भारत ने जोर देकर कहा कि एक ऐसा मॉडल जिसमें स्थाई और अस्थाई दोनों श्रेणियों में विस्तार नहीं हो वह सुधार के उद्देश्य को हासिल नहीं कर सकेगा और इससे स्थिति यथावत रहेगी। इन टिप्पणियों से पहले हरीश ने जी-4 देशों ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की ओर से एक वक्तव्य दिया, जिसमें समूह ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व एक स्वीकृत चलन है, जो संयुक्त राष्ट्र में समय की कसौटी पर खरा उतरा है। जी4 ने कहा, वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र का जो स्वरूप है वह एक अन्य युग का है, वह अब मौजूद नहीं है और वर्तमान की भू-राजनीतिक परिस्थितियां इस स्वरूप की समीक्षा की मांग करती हैं। वर्तमान में सुरक्षा परिषद में पांच स्थाई सदस्य हैं - चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका। शेष 10 सदस्यों को दो साल के कार्यकाल के लिए गैर-स्थाई सदस्यों के रूप में चुना जाता है।



# सैनिक गाजा, लेबनान, सीरिया में अनिशिचतकाल तक बने रहेंगे : इजराइल के रक्षा मंत्री

» यरुशलम, भाषा।

इजराइल के रक्षा मंत्री ने बुधवार को कहा कि सैनिक गाजा पट्टी में तथाकथित सुरक्षा क्षेत्रों, लेबनान और सीरिया में अनिश्चितकाल तक बने रहेंगे। इजराइल कैट्ज ने एक बयान में कहा, पूर्व की तरह (इजराइली सेना) उन क्षेत्रों से नहीं हटने जा रही है जिन्हें खाली करा दिया गया है और कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने कहा, सेना लेबनान और सीरिया की तरह गाजा में किसी भी अस्थाई या स्थाई स्थिति में दुश्मन और (इजराइली) समुदायों के बीच सुरक्षा प्रदान करने के लिए ढाल के रूप में सुरक्षा क्षेत्रों में बनी रहेगी।

पिछले महीने इजराइल द्वारा युद्ध विराम समाप्त करने के बाद हमास पर बंधकों को रिहा करने के लिए दबाव बनाने के वास्ते इजराइली बलों ने हाल के हफ्तों में गाजा के बड़े क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। इजराइल ने पिछले साल हिज्बुल्ला समूह के साथ युद्ध विराम के बाद लेबनान के कुछ क्षेत्रों से हटने से भी इनकार कर दिया है और राष्ट्रपति बशर असद को उखाड़ फेंकने के बाद उसने दक्षिणी सीरिया में एक बफर जोन (संवेदनशील इलाकों को बाहरी दबावों से बचाने के लिए बनाया गया तटस्थ क्षेत्र) पर कब्जा कर लिया है। इजराइल का कहना है कि वह हमास के सात अक्टूबर, 2023 के हमले की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए ऐसे क्षेत्रों पर नियंत्रण बनाए रखेगा। इस हमले में हजारों आतंकवादी गाजा से दक्षिणी इजराइल में घुस आए थे।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन, 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।